CMYK

इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक भाई बुद्धदेव

वर्ष- 45 | अंक - 254 | राजनांदगांव, शनिवार 1 अगस्त 2026 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए




## संसद मानसून सत्र: चढ़ावा चोरी पर संसद में संग्राम, पुजारी बने पप्पू यादव को विपक्ष ने चढ़ाया चंदा, राहुल के खिलाफ नोटिस




नई दिल्ली। संसद के मानसून सत्र में शुक्रवार को कई बड़े राजनीतिक घटनाक्रम देखने को मिले। चढ़ावा चोरी विवाद को लेकर विपक्ष ने संसद परिसर में प्रदर्शन किया, जहां पप्पू यादव पुजारी की वेशभूषा में पहुंचे और उन्हें सांकेतिक रूप से चंदा भी दिया गया। वहीं, बीजेपी सांसद अनुराग ठाकुर ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ विशेषाधिकार हनन और सदन की अवमानना का नोटिस सौंपा। आरोप है कि राहुल गांधी ने पेपर लीक संशोधन विधेयक पर चर्चा के दौरान गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ असंसदीय और अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करते हुए गंभीर एवं बेबुनियाद आरोप लगाए। इस बीच संसद में कई अहम विधायी कार्य भी हुए और दोनों सदनों की कार्यवाही 3 अगस्त तक स्थगित कर दी गई।

### अनुराग ठाकुर ने राहुल गांधी के खिलाफ दिया विशेषाधिकार हनन का नोटिस

संसद के इस सत्र में विधाई कामकाज के साथ-साथ राजनीतिक घमासान भी तेज हो गया है। बीजेपी सांसद अनुराग ठाकुर ने गुरुवार को लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को पत्र लिखकर विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ विशेषाधिकार हनन और सदन की अवमानना का आधिकारिक नोटिस सौंपा है।

अनुराग ठाकुर का आरोप है कि राहुल गांधी ने सदन के भीतर देश के गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ बेहद असंसदीय और अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल किया है, साथ ही उन पर कई गंभीर व बेबुनियाद आरोप भी मढ़े हैं।

### बुधवार के भाषण पर गरमाई सियासत, कार्यवाही से हटाए गए थे शब्द

यह पूरा विवाद बुधवार को लोकसभा में हुए हंगामे के बाद खड़ा हुआ है। बुधवार को पेपर लीक संशोधन बिल पर चर्चा के दौरान राहुल गांधी ने गृह मंत्री अमित शाह पर कई गंभीर आरोप लगाए थे। राहुल गांधी के उस भाषण के एक तीखे हिस्से और बयानों को लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने बाद में सदन की कार्यवाही से बाहर कर दिया था। इसी को आधार बनाते हुए अब सत्ता पक्ष की ओर से कड़ा विरोध दर्ज कराया जा रहा है और विशेषाधिकार प्रस्ताव के जरिए कार्रवाई की मांग की जा रही है।

## लोकसभा में जन्म-मृत्यु पंजीकरण संशोधन विधेयक पास, बिना चर्चा के हुआ पारित



नई दिल्ली। संसद के मानसून सत्र के दौरान लोकसभा में विपक्ष के हंगामे और नारेबाजी के बीच जन्म और मृत्यु पंजीकरण संशोधन विधेयक (संशोधन) 2026 को बिना किसी विस्तृत चर्चा के सीधे पारित कर दिया गया. गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने इस विधेयक को पटल पर रखा, जिसके बाद विपक्षी सदस्यों के भारी शोर-शराबे के बीच इसे ध्वनिमत से मंजूरी दे दी गई.विधेयक के पारित होने के तुरंत बाद संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने विपक्ष के इस रवैये पर कड़ा एतराज जताया और सदन में उन्हें सीधे तौर पर नसीहत दी. रिजिजू ने कहा, सब लोग सुनिए. भविष्य में आप लोग ऐसा मत कीजिए. जनता आपसे जवाब मांगेगी. आपको यहां अपने क्षेत्र की बात रखने के लिए भेजा गया है, बिना वजह हंगामा करने के लिए नहीं.

### सहयोग करें, हंगामा न करें

विपक्ष पर दोहरा मापदंड अपनाने का आरोप लगाते हुए रिजिजू ने आगे कहा, आप लोग सदन के भीतर बिल पर चर्चा में शामिल नहीं होते और फिर बाहर जाकर मीडिया में कहते हैं कि सरकार चर्चा नहीं करती, बिना चर्चा के ही बिल पारित कर देती है. आप सरकार पर यह आरोप नहीं लगा सकते क्योंकि आपको अपनी बात रखने का पूरा मौका मिलता है. केंद्रीय मंत्री ने चेतावनी और अपील के लहजे में कहा कि अगली बार जब भी सरकार कोई महत्वपूर्ण बिल लेकर आए, तब भी अगर विपक्ष ऐसा ही हंगामा करेगा, तो यह लोकतंत्र के लिए बिल्कुल अच्छा नहीं होगा. उन्होंने विपक्षी सांसदों से आग्रह किया कि वे संसदीय कार्यवाही में सहयोग करें न कि हंगामा.

### क्या है कानून

आपको बता दें कि देश में जन्म और मृत्यु के पंजीकरण की व्यवस्था में बड़ा बदलाव होने जा रहा है. सरकार जन्म-मृत्यु से जुड़े रिकॉर्ड को डिजिटल और अधिक व्यवस्थित बनाने के साथ फर्जी दस्तावेजों पर लगाम लगाने की तैयारी में है. नए प्रावधान लागू होने के बाद जन्म प्रमाण पत्र को कई महत्वपूर्ण सरकारी सेवाओं और प्रक्रियाओं के लिए प्रमुख दस्तावेज के तौर पर इस्तेमाल किया जा सकेगा. इस नए कानून के लागू होने के बाद जन्म प्रमाण पत्र आपके जीवन का सबसे जरूरी और इकलौता मुख्य दस्तावेज बन जाएगा. इस कानून के तहत अब पूरे देश के जन्म और मृत्यु के रिकॉर्ड को एक केंद्रीय डिजिटल डेटाबेस से जोड़ा जा रहा है. इससे देश के किसी भी कोने में होने वाले जन्म या मृत्यु की जानकारी एक ही जगह ऑनलाइन उपलब्ध होगी.

## हवाला मामले में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के करीबी केके श्रीवास्तव को ईडी ने किया गिरफ्तार



रायपुर। शराब घोटाला और मनी लाड्रिंग मामलों में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के करीबी कृष्ण कुमार (केके) श्रीवास्तव को गिरफ्तार किया है। विशेष अदालत में पेशी के बाद उन्हें आठ दिन की ईडी रिमांड पर भेज दिया गया।

ईडी ने नौ दिन की रिमांड मांगी थी, लेकिन अदालत ने सात अगस्त तक पूछताछ की अनुमति दी। केके श्रीवास्तव इससे पहले शराब घोटाला मामले में पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में सीएम सचिवालय में उप सचिव रही सौम्या चौरसिया के साथ रायपुर जेल में बंद रहे थे। मार्च 2026 में हाईकोर्ट से जमानत मिलने और अप्रैल में ईओडब्ल्यू द्वारा चालान पेश किए जाने के बाद दोनों जेल से रिहा हुए थे। अब ईडी की नई कार्रवाई के बाद श्रीवास्तव फिर से गिरफ्त में है।

### 15 करोड़ की ठगी का है आरोप

केके श्रीवास्तव पर स्मार्ट सिटी और नवा रायपुर परियोजनाओं में करीब 500 करोड़ रुपये के कार्य दिलाने का झांसा देकर 15 करोड़ रुपये की कथित ठगी का भी आरोप है। इस संबंध में रायपुर के तेलीबांधा थाने में एफआइआर दर्ज है। शिकायत के अनुसार, दिल्ली की एक कंपनी से जुड़े कारोबारियों से परियोजनाएं दिलाने के नाम पर रकम ली गई थी।

### बैंक खातों में 300 करोड़ के संदिग्ध लेन-देन की जांच

जांच एजेंसियों के अनुसार, श्रीवास्तव से जुड़े बैंक खातों में करीब 300 करोड़ रुपये के संदिग्ध लेन-देन की भी (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## अस्मिता डे और हर्ष सिंह ने रचा इतिहास, जूडो में भारत को लगातार 2 गोल्ड; बॉक्सिंग में 5 फाइनलिस्ट



नई दिल्ली। ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेलों में भारत के लिए शुक्रवार का दिन शानदार रहा। भारतीय जूडो खिलाड़ियों ने इतिहास रचते हुए दो स्वर्ण पदक अपने नाम किए तो मुक्केबाजी में जैस्मीन लैंबोरिया (57 किग्रा), प्रीति पवार (54 किग्रा), अरुंधति चौधरी (70 किग्रा), अंकुश पंघाल (80 किग्रा) और जादुमणि सिंह (55 किग्रा) ने फाइनल में प्रवेश करते हुए कम से कम रजत पदक पक्के कर लिए। अस्मिता और हर्ष के स्वर्ण ने भारत के स्वर्ण पदकों की संख्या को पांच तक पहुंचा दिया। त्रिपुरा की 23 वर्षीय अस्मिता डे ने महिलाओं के 48 किलोग्राम वर्ग में कनाडा की हाइडी क्वाच को रोमांचक गोल्डन स्कोर मुकाबले में हराकर स्वर्ण पदक जीता।

फाइनल में अस्मिता की शुरुआत अच्छी नहीं रही। शुरुआती दौर में उन्होंने एक युको अंक गंवाया और फिर पेनाल्टी मिलने से कनाडाई खिलाड़ी बढ़त पर पहुंच गई। लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने शानदार वापसी करते हुए मुकाबला 1-1 से बराबर कर दिया। निर्धारित चार मिनट में कोई भी निर्णायक अंक नहीं बना, जिसके बाद मुकाबला गोल्डन स्कोर में पहुंचा। यहां अस्मिता ने दबाव में बेहतरीन आक्रमण करते हुए एक और युको हासिल किया और स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया। 23 वर्षीय हर्ष सिंह ने अपने पहले ही राष्ट्रमंडल खेलों में बड़ा उलटफेर किया। उन्होंने कई बार के ओशिनिया चैंपियन, पूर्व ओलंपियन और बर्मिंघम 2022 के कांस्य पदक विजेता जोशुआ कात्ज को हराया। हर्ष ने मुकाबला खत्म होने से 41 सेकेंड पहले शानदार वाजा-अरी दांव लगाकर (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## आंध्रप्रदेश में 15.22 लाख मतदाताओं के नाम ड्राफ्ट वोटर लिस्ट से बाहर

अमरावती। आंध्र प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत 15.22 लाख मतदाताओं के नाम ड्राफ्ट मतदाता सूची से हटाए गए हैं। चुनाव आयोग ने इन प्रविष्टियों को असंग्रहणीय श्रेणी में रखा है। राज्य के 3.71 करोड़ मतदाताओं ने इस प्रक्रिया के तहत अपने प्रपत्र जमा किए हैं। चुनाव आयोग के अनुसार, जिन मतदाताओं के नाम ड्राफ्ट सूची में शामिल नहीं किए गए हैं, वे 31 जुलाई से 30 अगस्त के बीच दावा या आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। यदि सत्यापन के दौरान उनका विवरण सही पाया जाता है, तो उनके नाम 3 अक्टूबर को प्रकाशित होने वाली अंतिम मतदाता सूची में शामिल कर लिए जाएंगे।

### 3.71 करोड़ मतदाताओं ने जमा किए फॉर्म

विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत आंध्र प्रदेश में 3.71 करोड़ मतदाताओं ने अपने फॉर्म जमा किए। इसके बाद जारी ड्राफ्ट मतदाता सूची में 15.22 लाख नाम हटाए गए। चुनाव आयोग ने बताया कि इन मामलों को असंग्रहणीय श्रेणी में रखा गया है, यानी ऐसे मामले जिनमें आवश्यक सत्यापन या जनगणना संबंधी विवरण उपलब्ध नहीं हो सके।

### 30 अगस्त तक दर्ज करा सकते हैं दावा और आपत्ति

मतदाता 31 जुलाई से 30 अगस्त के बीच अपने नाम से संबंधित दावा या आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। इसके बाद चुनाव आयोग के अधिकारी मौके पर जाकर सत्यापन करेंगे। यदि संबंधित व्यक्ति का विवरण सही पाया जाता है, तो उसका नाम 3 अक्टूबर को प्रकाशित होने वाली (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## कुलगाम में आतंकी हमला, छत्तीसगढ़ के प्रवासी मजदूरों पर गोलीबारी; एक की मौत और दूसरा गंभीर



कुलगाम। शुक्रवार शाम दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले के केलम इलाके में आतंकियों की गोलीबारी में एक प्रवासी मजदूर की मौत हो गई और वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया।

अधिकारियों ने बताया कि आतंकियों ने केलम में दो प्रवासी मजदूरों को निशाना बनाया। दोनों को तुरंत इलाज के लिए पास के अस्पताल ले जाया गया। बाद में उनमें से एक की मौत हो गई। घायल मजदूर को बेहतर इलाज के लिए त्नस्ष्ट अनंतनाग भेजा गया है। इस हमले के बाद सुरक्षाबलों ने इलाके की घेराबंदी कर दी है और हमलावरों का पता लगाने के लिए सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है। पीड़ितों की पहचान छत्तीसगढ़ के दीपक और भूपेंद्र कुमार के तौर पर हुई है। आतंकियों की गोलीबारी में दीपक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि भूपेंद्र गंभीर रूप से घायल हैं, जिसका जीएमसी अनंतनाग में इलाज चल रहा है।

इस कायराना आतंकी हमले के बाद उपराज्यपाल ने जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) और सुरक्षा के शीर्ष अधिकारियों से बात की। उन्होंने सुरक्षाबलों को अपने ऑपरेशन तेज करने और आंतकियों को खत्म करने का निर्देश दिया है। एलजी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्ग पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, मैंने कुलगाम में हुए बर्बर आतंकी हमले के बाद ष्ठत्नक्क नलिन प्रभात और सुरक्षा के शीर्ष अधिकारियों से बात की, जिसमें छत्तीसगढ़ के एक मजदूर की मौत हो गई। मैं इस कायरतापूर्ण हरकत की कड़ी निंदा करता हूं। मैंने हमारे सुरक्षाबलों को अपने ऑपरेशन तेज करने और आतंकियों को खत्म करने का निर्देश दिया है। उन्होंने आगे लिखा, 'पुलिस और सुरक्षाबलों ने इलाके की घेराबंदी कर दी है और दोषियों को सजा दिलाने के लिए ऑपरेशन शुरू कर (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## छत्तीसगढ़ को मिलेंगे 10,500 रुपए करोड़ के यूरिया प्रोजेक्ट, 461 गांवों में बिजली और AIIA... पीएम मोदी से सीएम विष्णुदेव साय ने मांगी मदद



रायपुर(दावा)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज संसद भवन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सौजन्य भेंटकर छत्तीसगढ़ के समग्र विकास, बस्तर के कायाकल्प तथा राज्य की महत्वपूर्ण अधोसंरचना एवं औद्योगिक परियोजनाओं के संबंध में विस्तार से चर्चा की। मुख्यमंत्री साय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष बदलते छत्तीसगढ़ और विशेष रूप से बस्तर के विकास का रोडमैप प्रस्तुत करते हुए राज्य की तीन महत्वपूर्ण परियोजनाओं के लिए केंद्र सरकार से सहयोग का आग्रह किया।

### सरकारी मंदिरों में एससी-एसटी और ओबीसी के पुजारी क्यों नहीं,

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि सुरक्षा, विश्वास और विकास की समन्वित रणनीति के परिणामस्वरूप बस्तर आज व्यापक बदलाव के दौर से गुजर रहा है। दशकों तक नक्सल हिंसा और विकास संबंधी चुनौतियों का सामना करने वाला यह क्षेत्र अब शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, रेल, बिजली, हवाई संपर्क, आजीविका, खेल और पर्यटन के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। राज्य सरकार का लक्ष्य इस परिवर्तन को स्थायी बनाते हुए बस्तर को विकास की मुख्यधारा से पूरी तरह जोड़ना है।

### यूरिया परियोजना के लिए मंजूरी का किया अनुरोध

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राजनांदगांव में प्रस्तावित लगभग रु. 10,500 करोड़ की गैस आधारित यूरिया परियोजना को शीघ्र स्वीकृति प्रदान करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि परियोजना के लिए आवश्यक भूमि उपलब्ध करा दी गई है तथा राज्य सरकार के स्तर की आवश्यक स्वीकृतियां भी पूरी की जा चुकी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस परियोजना के स्थापित होने से छत्तीसगढ़ सहित आसपास के क्षेत्रों के किसानों के लिए उर्वरक की उपलब्धता और बेहतर होगी। इसके साथ ही प्रदेश में औद्योगिक निवेश, प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार तथा सहायक आर्थिक गतिविधियों को भी नई गति मिलेगी।

### 461 गांवों को स्थायी विद्युत ग्रिड से जोड़ने के लिए मांगी विशेष सहायता

मुख्यमंत्री साय ने बस्तर सहित संवेदनशील क्षेत्रों के ऐसे 461 गांवों का विषय भी प्रधानमंत्री के समक्ष रखा, जहां पूर्व में सुरक्षा एवं भौगोलिक कारणों से विद्युत ग्रिड पहुंचाना संभव नहीं हो पाया था और वर्तमान में ऑफ-ग्रिड माध्यम से बिजली उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने इन गांवों को स्थायी विद्युत ग्रिड से जोड़ने के लिए केंद्र सरकार से विशेष सहयोग का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्थायी विद्युत आपूर्ति से इन क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य, संचार, आजीविका और लघु उद्यमों के विस्तार को गति मिलेगी तथा दूरस्थ अंचलों में विकास की प्रक्रिया और मजबूत होगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से रायपुर अथवा बस्तर में ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेद (एआईआईए) की स्थापना के प्रस्ताव पर सकारात्मक पहल का अनुरोध किया। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## पीएम मोदी को गालियां देने वाली रुचिका सिंह के समर्थन में बोले अभिजीत दीपके, कहा - भाजपा आईटी सेल पर कार्रवाई की मांग



कहा- लड़की पर एफआईआर तो महिलाओं को ऑनलाइन गालियां देने वालों पर केस कब ?

नई दिल्ली। दिल्ली के जंतर-मंतर पर छात्रों के प्रदर्शन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ कथित तौर पर आपत्तिजनक और अपमानजनक टिप्पणी करने के आरोप में नोएडा के एक्सप्रेसवे थाना में एक महिला प्रदर्शनकारी के खिलाफ 'जीरो एफआईआर' दर्ज की गई है। वकील स्मृति सिंह चंदेल की शिकायत पर हुई इस कार्रवाई के बाद कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के संस्थापक अभिजीत दिपके ने एक वीडियो जारी कर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के आईटी सेल के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

दिपके ने सवाल उठाया कि पुलिस गाली-गलौज करने वाली एक आम महिला के खिलाफ तो तुरंत कार्रवाई कर सकती है और केस दर्ज कर सकती है, लेकिन भाजपा आईटी सेल के उन सदस्यों के खिलाफ कार्रवाई करने में क्यों नाकाम रहती है जो कथित तौर पर सालों से सोशल मीडिया पर महिलाओं को ट्रोल कर रहे हैं और उनके खिलाफ अभद्र भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं?

### अभिजीत ने पूछा- लड़कियों को गालियां देने वाले ट्रोल्स पर कार्रवाई कब?

पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए दीपके ने कहा कि अगर सिर्फ गाली-गलौज के लिए एफआईआर दर्ज की जा रही है, तो सबसे पहले उन लोगों पर कार्रवाई होनी चाहिए जो इंटरनेट पर लगातार महिलाओं का अपमान करते हैं। दीपके ने कहा, 'मैंने अभी देखा कि एक युवा महिला के खिलाफ गाली-गलौज करने का मामला दर्ज किया गया है। तो सवाल यह उठता है कि अगर आप गाली-गलौज के लिए मामले दर्ज कर रहे हैं, तो भाजपा आई सेल के उन सदस्यों के खिलाफ मामले कब दर्ज होंगे जो सालों से ऑनलाइन महिलाओं के खिलाफ बेहद घटिया भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं? आखिर उनके खिलाफ मामले कब दर्ज होंगे?'

### अभिजीत ने पूछा- बीजेपी नेताओं और युवाओं के लिए अलग मापदंड क्यों ?

अभिजीत दीपके ने आरोप लगाया कि आम युवाओं और सत्ताधारी पार्टी के नेताओं के लिए कानून अलग-अलग तरह से लागू किया जा रहा है। पूर्व सांसद रमेश (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## स्पेन में घुसने पहुंचे 60 हजार प्रवासी, 34 की मौत : मोरक्को से समुद्र में तैरकर आए थे, बॉर्डर पर सेना ने रोका तो भगदड़ मची



सिउटा। स्पेन में जबरन घुसने की कोशिश के दौरान 34 अफ्रीकी प्रवासियों की मौत हो गई। न्यूज एजेंसी AP के मुताबिक, घटना तब हुई, जब गुरुवार सुबह 3 हजार प्रवासी एकसाथ स्पेनिश शहर स्यूटा में घुसने की कोशिश कर रहे थे। सीमा पर पुलिस की घेराबंदी और सुरक्षा बाड़ के बीच संकरे रास्तों के कारण लोग एक-दूसरे पर गिर पड़े। भीड़ में दबने, दम घुटने और समुद्र में डूबने के कारण यह हादसा हुआ। इस दौरान स्पेन और मोरक्को के 100 से ज्यादा सैनिक भी घायल हो गए। स्पेनिश सरकार ने बताया कि 24 घंटे में मोरक्को की तरफ से करीब 60 हजार लोग तैरकर या पैदल चलकर स्यूटा में घुस चुके है। यह शहर की आबादी का 70 प्रतिशत है।

अफ्रीका और एशिया के कई देशों में गरीबी, बेरोजगारी, युद्ध और भुखमरी जैसी समस्यां हैं। लोग अपने और अपने परिवार के अच्छे भविष्य के लिए यूरोप जाना चाहते हैं। समुद्र में सैकड़ों किलोमीटर नाव चलाने के बजाय, मोरक्को के रास्ते स्यूटा पहुंचना प्रवासियों के लिए सबसे आसान और छोटा रास्ता लगता है जैसे ही कोई प्रवासी स्यूटा की सीमा में दाखिल होता है, उस पर स्पेन और यूरोपीय संघ के कानून लागू हो जाते हैं। अंतरराष्ट्रीय नियमों के मुताबिक, स्पेन सरकार उन्हें बिना सुनवाई के सीधे वापस नहीं भेज सकती। उन्हें अस्थायी राहत शिविरों में रखा जाता है, जहां वे शरण का आवेदन करते हैं। एक बार यहां के शिविरों में जगह मिलने के बाद, कानूनी प्रक्रियाओं के तहत धीरे-धीरे इन प्रवासियों को स्पेन के मेनलैंड में जाने का मौका मिल जाता है। अगर कोई व्यक्ति स्पेन पहुंच गया, तो वह वहां से फ्रांस, जर्मनी, इटली, बेल्जियम, नीदरलैंड जैसे दूसरे देशों में भी जा सकता है, क्योंकि यूरोप के इन देशों में आपस की सीमाओं पर पासपोर्ट जांच नहीं होती।

### कोर्ट के फैसले के बाद समुद्र से घुसने लगे प्रवासी

नवंबर 2024 में एक अल्जीरियाई प्रवासी मोरक्को से तैरकर स्यूटा पहुंचने की कोशिश कर रहा था। स्पेन की सिक्योरिटी फोर्स ने उसे समुद्र में ही पकड़ लिया और बिना किसी कानूनी प्रक्रिया के सीधे मोरक्को के अधिकारियों को सौंप दिया। मोरक्को पहुंचने के बाद प्रवासी ने अपने वकीलों के जरिए स्पेन की अदालत में इसे चुनौती दी। उसका कहना था कि उसके मामले की कानूनी जांच नहीं की गई। उसे शरण मांगने का मौका नहीं दिया गया और बिना सुनवाई के उसे वापस भेज दिया गया।

CMYK

# पहला कॉलम...

## आज वृहद वृक्षारोपण एवं 'पीएम सूर्य घर योजना' कार्यशाला का आयोजन

**राजनांदगांव (दावा)।** पर्यावरण संरक्षण एवं ऊर्जा आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अग्रवाल नवयुवक मंडल, राजनांदगांव द्वारा शनिवार 1 अगस्त को दो महत्वपूर्ण जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों में वृहद वृक्षारोपण अभियान तथा 'पीएम सूर्य घर योजना' पर विशेष कार्यशाला शामिल है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर मधुसूदन यादव होंगे। अध्यक्षता वार्ड पार्षद राजेश जैन (रानू) व झमीत नादान सेन करेंगे। वहीं विशेष अतिथि के रूप में सुशील पसारी, कृष्ण कुमार अग्रवाल, समीर पोद्दार एवं सीए विनोद अग्रवाल उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम का प्रथम चरण प्रातः 11 बजे अग्रसेन वाटिका (अग्रसेन चौक' रामाधीन मार्ग) में आयोजित किया जाएगा। 'एक पेड़ माँ के नाम-हरियाली से खुशहाली' अभियान के अंतर्गत वृहद स्तर पर पौधे लगाए जाएंगे। इस अवसर पर नागरिकों को वृक्षों के संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति जागरूक किया जाएगा। वृक्षारोपण के पश्चात प्रातः 11:30 बजे अग्रसेन भवन में पीएम सूर्य घर योजना पर कार्यशाला आयोजित होगी। कार्यशाला में बिजली विभाग एवं सोलर ऊर्जा क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञ व अधिकारी उपस्थित रहेंगे। वे योजना के उद्देश्य, पात्रता, शासकीय अनुदान (सब्सिडी), आवेदन प्रक्रिया तथा सोलर प्लांट लगाने संबंधी संपूर्ण जानकारी देंगे व नागरिकों की शंकाओं का समाधान करेंगे। एक पौधा पर्यावरण के लिए और एक सोलर सिस्टम ऊर्जा आत्मनिर्भरता के लिए - यही है स्वच्छ, हरित और विकसित भारत की दिशा। वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छ ऊर्जा को अपनाना अत्यंत आवश्यक है। अग्रवाल नवयुवक मंडल, अग्रवाल सभा एवं महिला मंडल के पदाधिकारियों ने सभी अग्रबंधुओं व नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

## रोजगार कार्यालय में 5 अगस्त को रोजगार मेला का आयोजन

**राजनांदगांव (दावा)।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र राजनांदगांव में 5 अगस्त को सुबह 10.30 बजे से रोजगार मेले का आयोजन किया गया है। रोजगार मेले में शामिल विभिन्न कंपनियों एवं नियोजकों द्वारा लगभग 1237 पदों पर भर्ती की जाएगी। रोजगार मेला में पीएसआर लाइफ सॉल्यूशन राजनांदगांव द्वारा इंश्योरेंस एडवाइजर के 50 पद, अशरव फाउंडेशन अशरव सिक्योरिटी एण्ड एचआर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड रायपुर द्वारा सिक्योरिटी गार्ड के 150 पद, केयर टेकर के 150 पद, सिक्योरिटी सुपरवाइजर के 50 पद, हाउसकीपिंग स्टाफ के 150 पद, नर्सिंग असिस्टेंट के 150 पद एवं बेबी सिटर के 150 पद, ग्लोबल एचआर सॉल्यूशन एण्ड जॉब कंसल्टेंट रायपुर द्वारा सिक्योरिटी गार्ड के 100 पद, असिस्टेंट मैनेजर ट्रेनी के 50 पद एवं डिप्टी एडवाइजर के 50 पद, रेयॉन इलेक्ट्रिक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड दुर्ग द्वारा कम्प्यूटर ऑपरेटर हिंदी-अंग्रेजी टाइपिंग के 25 पद, सुपरवाइजर के 5 पद एवं एचआर एग्जीक्यूटिव के 2 पद, शिवालिक इंजीनियरिंग इंडस्ट्रीज लिमिटेड हथखोज दुर्ग द्वारा आईटीआई ट्रेनी के 100 पद तथा बालाजी कंस्ट्रक्शन महाराष्ट्र द्वारा कंस्ट्रक्शन सुपरवाइजर के 55 पदों पर भर्ती की जाएगी। रोजगार मेले में शामिल होने के लिए इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थियों के लिए ई-रोजगार पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना अनिवार्य है। आवेदकों को अपने शैक्षणिक योग्यता संबंधी सभी प्रमाण पत्र, आधार कार्ड तथा दो पासपोर्ट आकार के फोटो के साथ निर्धारित तिथि, समय एवं स्थल पर उपस्थित होना होगा।

## डॉ. नीलेश सिंह की अनुशंसा पर प्रदेश महामंत्री एवं जिला अध्यक्ष की नियुक्ति



**राजनांदगांव (दावा)।** बजरंग सेना संगठन के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री डॉ. नीलेश सिंह की अनुशंसा पर संगठन को और अधिक सशक्त एवं गतिशील बनाने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण संगठनात्मक नियुक्तियां की गई हैं। संगठन द्वारा विनोद सोनकर को प्रदेश महामंत्री तथा तामेश्वर साहू को जिला अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया है। इस अवसर पर डॉ. नीलेश सिंह ने दोनों नवमनोनीत पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि वे संगठन की विचारधारा एवं सेवा कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने तथा संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

## 3 अगस्त को ग्राम सिंघोला में होगी भव्य भस्म व श्रृंगार आरती

**राजनांदगांव (दावा)।** महकाल भक्तों के लिए दर्शन और भक्ति का सुनहरा अवसर है। 3 अगस्त को होने वाली बाबा महाकाल की भव्य आरती और दर्शन के लिए है। यह उत्सव महाकाल मंदिर सिंघौला अनुसार कार्यक्रम की विस्तृत समय-सारणी इस प्रकार है। भव्य आरती का समय (सुबह) भस्म आरती सुबह 2:30 बजे से शुरू होगी। श्रृंगार आरती सुबह 4:30 बजे से शुरू होगी। सभी भक्तों से अनुरोध किया गया है कि वे इस भव्य आरती में उपस्थित होकर बाबा महाकाल का आशीर्वाद प्राप्त करें। अतः आरती से दिव्य दर्शन एवं पुण्य लाभ प्राप्त करें।

SILVER SCREEN MULTIPLEX
31st July to 06th Aug 2026




Jan Neta - 03:00 & 09:15 pm
Spider Man Brand New Day(Hindi 2D) - 09:30am 12:30, 03:30 & 09:30pm
Spider Man Brand New Day (English 2D) - 06:30 pm
The Bose Files Sach Ya Sazish - 06:00 and 09:00 pm
Jaan Lebe Ka (CG) - 12:15 and 03:15 pm
Dhamaal 4 - 12:00 & 06:15 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G)
Only For Enquiry 8085600200

श्री कृष्णा (एयरकूल) में
रोजाना 4 खेल
छत्तीसगढ़ी धमाका
जान लेबे का
मल कुरैशी, दीक्षा जायसवाल




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

# विभिन्न योजनाओं के तहत 1802 श्रमिकों को मिली रु. 3.43 करोड़ की सौगात : डॉ. रमन सिंह ने किया डीबीटी ट्रांसफर

**भवन निर्माण एवं असंगठित कर्मकार कल्याण मंडलों के लाभार्थियों को मिला बड़ा संबल**

**ऑडिटोरियम में आयोजित भव्य सम्मेलन में सीधे हितग्राहियों के बैंक खातों में अंतरित की गई राशि**



**राजनांदगांव (दावा)।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम राजनांदगांव में आयोजित श्रमिक सम्मेलन एवं श्रम विभाग की जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत हितग्राहियों को राशि वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत 1802 हितग्राहियों को 3 करोड़ 43 लाख 74 हजार 970 रूपए की राशि डीबीटी के माध्यम से बैंक खाते में हस्तांतरित किया। जिसमें छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल अंतर्गत 1267 हितग्राहियों को 2 करोड़ 39 लाख 94 हजार 470 रूपए तथा छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मण्डल अंतर्गत 535 हितग्राहियों को 1 करोड़ 3 लाख 80 हजार 500 रूपए डीबीटी के माध्यम से बैंक खाते में हस्तांतरित किया।

मिनीमाता महतारी जतन योजना अंतर्गत 471 हितग्राहियों को 94 लाख 20 हजार रूपए, मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना अंतर्गत 260 हितग्राहियों को 52 लाख रूपए, मुख्यमंत्री नानी बाबू मेघावी शिक्षा प्रोत्साहन योजना अंतर्गत 31 हितग्राहियों को 2 लाख 62 हजार 500 रूपए, दीदी ई-रिक्शा सहायता योजना अंतर्गत 2 हितग्राहियों को 2 लाख 73 हजार रूपए, मुख्यमंत्री निर्माण मजदूर कौशल विकास परिवार परिवार सशक्तिकरण योजना अंतर्गत 42 हितग्राहियों को 7 लाख 3 हजार 970 रूपए, मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना अंतर्गत 64 हितग्राहियों को 64 लाख रूपए, मुख्यमंत्री नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत 351 हितग्राहियों को 8 लाख 15 हजार रूपए, मुख्यमंत्री श्रमिक सियान सहायता योजना अंतर्गत 46 हितग्राहियों को 9 लाख 20 हजार रूपए, असंगठित कर्मकारों के बच्चे हेतु छात्रवृत्ति, महतारी, मृत्यु एवं दिव्यांग योजना के तहत 535 हितग्राहियों को 1 करोड़ 3 लाख 80 हजार 500 रूपए की राशि का वितरण किया गया।

## बिरला ओपन माइंड्स स्कूल में 'रक्षा टीम' ने दिए सुरक्षा व आत्मरक्षा के टिप्स



**बच्चों को गुड टच-बैड टच और आत्मरक्षा के बताए व्यावहारिक तरीके**

**राजनांदगांव (दावा)।** पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव के निर्देशन में महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा व सजगता के उद्देश्य से संचालित 'रक्षा टीम' द्वारा अनुपम नगर स्थित बिरला ओपन माइंड्स स्कूल में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 30 जुलाई को आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को व्यक्तिगत सुरक्षा और आत्मरक्षा के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। कार्यक्रम के दौरान रक्षा टीम प्रभारी उप निरीक्षक शारदा बंजारे, महिला आरक्षक कौशिल्या साहू एवं आरक्षक रेणु मेश्राम ने विद्यार्थियों को गुड टच और बैड टच के अंतर को बेहद आसान और व्यावहारिक तरीके से समझाया।

रक्षा टीम ने बच्चों को स्पष्ट सलाह दी कि वे कभी भी किसी अनजान व्यक्ति के साथ न जाएं और न ही अजनबियों से किसी प्रकार की खाने-पीने की सामग्री स्वीकार करें। अधिकारियों ने कहा कि किसी भी संदिग्ध परिस्थिति या असुरक्षा महसूस होने पर बच्चे बिना डरे तत्काल अपने माता-पिता, शिक्षक या पुलिस को सूचना दें। कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को आपातकालीन स्थिति में तुरंत सुरक्षा प्रदान करने वाले 'अभिव्यक्ति एप' के बारे में विस्तार से बताया गया तथा मौके पर ही उपस्थित लोगों के मोबाइल में यह एप डाउनलोड कराया गया। टीम ने बताया कि किसी भी संकट के समय यह ऐप त्वरित पुलिस सहायता प्राप्त करने में अत्यंत मददगार साबित होता है। इस जागरूकता कार्यक्रम में 50 से अधिक विद्यार्थी एवं शिक्षक उपस्थित रहे। सभी ने राजनांदगांव पुलिस की इस संवेदनशील व महत्वपूर्ण पहल की दिल से सराहना की और कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई।

## भारी बारिश से मोगरा बांध सहित अन्य जलाशयों के गेट खुले



**राजनांदगांव (दावा)।** पिछले कुछ दिनों से रुक-रुककर तथा तेज रुप में हो रही बारिश से जिले व आसपास स्थित जलाशयो में भारी मात्रा में जल जमाव हो गया है। इसे देखते हुए अंबागढ़ चौकी क्षेत्र के बड़े बांध मोंगरा जलाशय सहित अन्य बैराजों के गेट खोल दिया गया है। इससे नदी नाले उफान पर हैं। इसे देखते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा एलर्ट होते हुए लोगों की जान माल की रक्षा और सुरक्षा के लिए उन तक सूचना पहुंचाई जा रही है कि वे नदी किनारे न जाएं। वहीं इस बात के लिए विभिन्न थानों को भी पहले से मुस्तैदगी के लिए अलर्ट कर दिया गया है।

# छत्तीसगढ़ राजपूत महासभा की बैठक : धूमधाम से मनाया जाएगा स्वतंत्रता दिवस, मेधावी छात्र-छात्राएं होंगे सम्मानित




**ठाकुर लौटन सिंह की प्रतिमा स्थापना और सामाजिक विस्तार पर लिए गए ऐतिहासिक निर्णय**

**राजनांदगांव (दावा)।** छत्तीसगढ़ राजपूत महासभा इकाई राजनांदगांव की एक महत्वपूर्ण बैठक समाज के अध्यक्ष विष्णु बहादुर सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में आगामी स्वाधीनता दिवस (15 अगस्त) को बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। समारोह के तय कार्यक्रमों के अनुसार 15 अगस्त को प्रातः ध्वजारोहण के पश्चात अपराह्न 3 बजे समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि मेधावी विद्यार्थियों की जानकारी, अंकसूची एवं प्रमाण पत्रों की फोटो कॉपी 8 अगस्त तक जमा कराई जा सकती है। संपर्क हेतु जिम्मेदार पदाधिकारियों में सर्वश्री जयनारायण सिंह, ओ. पी. सिंह, विशाल सिंह परिहार, दीपेश सिंह, लालमुनाई सिंह, मुन्ना सिंह एवं वीरेंद्र सिंह आदि है। यह कार्यक्रम प्रताप इंफ्रास्ट्रक्चर कार्यालय (अन्नपूर्णा रेस्टोरेंट के सामने मानव मंदिर चौक, राजनांदगांव) में किया जाएगा।

बैठक के दौरान केवल आयोजन ही नहीं, बल्कि समाज के विस्तार और इतिहास को सहेजने से जुड़े कई दूरगामी निर्णय भी लिए गए। जिले के विभिन्न विकासखंडों में स्थित सामाजिक संगठनों को पुनः सक्रिय और मजबूत किया जाएगा। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ठाकुर लौटन सिंह की प्रतिमा (स्टैच्यू) महाराणा प्रताप भवन में स्थापित करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया गया। इस महत्वपूर्ण बैठक में समाज के कई वरिष्ठ व सक्रिय सदस्य उपस्थित रहे, जिनमें मुख्य रूप से रामनारायण सिंह, उपेंद्र सिंह, डॉ. आर.एन. सिंह, मिथुन सिंह, लालमुनाई सिंह, विशाल सिंह परिहार, ओ. पी. सिंह, दीपेश सिंह, वीरेंद्र सिंह एवं मुन्ना सिंह शामिल थे। छत्तीसगढ़ राजपूत महासभा महासचिव जयनारायण सिंह ने कहा कि समाज के सभी बंधु स्वाधीनता दिवस एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें, ताकि समाज की होनहार प्रतिभाओं का उत्साहवर्धन कर उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रोत्साहित किया जा सके।

## कांफ्लुएंस महाविद्यालय में गुरु पूर्णिमा उत्सव का भव्य आयोजन



**राजनांदगांव (दावा)।** कांफ्लुएंस महाविद्यालय के बेस्ट प्रैक्टिस सेल एवं रास्केट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में गुरु पूर्णिमा उत्सव श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। भारतीय संस्कृति में गुरु को ज्ञान का स्त्रोत और जीवन का मार्गदर्शक माना गया है। इसी परंपरा को जीवित रखते हुए महाविद्यालय परिवार ने इस अवसर पर गुरुजनों के प्रति आभार व्यक्त किया और गुरु-शिष्य संबंध की महत्ता को रेखांकित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक विधि से हुआ। जिसमें गुरुजनों का सम्मान पुष्पगुच्छ और माल्यार्पण द्वारा किया गया। विद्यार्थियों ने अपने विचार प्रस्तुत करते हुए गुरु के मार्गदर्शन को जीवन की सबसे बड़ी धरोहर बताया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में गीत, कविता पाठ और नृत्य के माध्यम से गुरु के प्रति श्रद्धा व्यक्त की गई।

### ईश्तहार

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं आवेदक गौकरण पिता - सहदेव राम जाति गोंड निवासी ग्राम- पउरखेड़ा, तह. अं.चौकी, जिला-मोहला-मानपुर, अं.चौकी (छ.ग.)। पिन नं. 491666 का निवासी हूं। जो कि मेरे स्वयं के नाम से भारत सरकार द्वारा आधार कार्ड जारी किया गया है। जिसमें नाम के स्थान पर करन बोगा Karan Boga अंकित है। उक्त नाम गलत है। परन्तु मेरे स्वयं के नाम से जारी अंकसूची व अन्य कागजातों में नाम के स्थान गौकरण GAUKARAN अंकित है, उक्त नाम सही है। इसलिए आधार कार्ड में करन बोगा Karan Boga अंकित है। उसे सुधार करवाकर गौकरण GAUKARAN अंकित करवाना चाहता हूं। इस ईश्तहार के संबंध में किसी भी शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था व किसी भसी व्यक्ति को किसी प्रकार एवं ईश्तहार दावा आपत्ति होगी तो मय दस्तावेज के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। अतएव ईश्तहार प्रस्तुत है, जो जरूरत वक्त पर काम आवें।

स्थान - अं.चौकी, दिनांक - 31/07/2026

आवेदक
**गौकरण**
निवासी ग्राम - पउरखेड़ा
तह. मोहला, जिला-मो.मा.,अं. चौकी

### न्यायालय नजूल जाँच अधिकारी, जिला-राजनांदगाँव (छ.ग.)

राजस्व मामला क्रमांक 202607093700034
अ-6 वर्ष 2025-26

**-: ईश्तहार :-**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अरूण खण्डेलवाल आ. स्व. नंदकिशोर जी खण्डेलवाल, निवासी- भरकापारा, राजनांदगांव, तहसील व जिला राजनांदगाँव के द्वारा शहर राजनांदगाँव मोहल्ला भरकापारा स्थित शीट क्रमांक 60 ए, भूखण्ड क्रमांक 38, 39, क्षेत्रफल क्रमशः 1551.00 वर्गमीटर एवं 512.00 वर्गमीटर जो धारक श्री मोतीनाथ मंदिर सार्वजनिक ट्रस्ट प्रबंधक, ट्रस्टी श्री किशन आ. नरसिंग दास चितलांग्या, निवासी- राजनांदगांव के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। उक्त आवेदित भूखण्ड के धारक किशन आ. नरसिंग दास चितलांग्या की मृत्यु होने से उनका नाम विलोपित कर उनके स्थान पर मोतीनाथ मंदिर सार्वजनिक ट्रस्ट, भरकापारा राजनांदगांव का नाम दर्ज किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

अतः उक्त भूमि/मकान/संपत्ति के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था जो इस भूखण्ड पर हित रखते है, पेशी तारीख 14.08.2026 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी। यह उद्घोषणा आज दिनांक 30.07.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।

**नजूल अधिकारी**
**नजूल जांच, राजनांदगांव**

### नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अवयस्क पुत्र लक्ष्मी कुमार (LAKSHMI KUMAR), आधार कार्ड नंबर 290397309829, पिता-दुर्गेश कुमार साहू (DURGESH KUMAR SAHU), जाति -तेली, निवासी ग्राम-आमगांव कु. तहसील-कुमर्दा, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) का नाम बदलकर लक्ष कुमार (LAKSH KUMAR) रख लिया गया है। जिसे आधार कार्ड सहित समस्त शासकीय / अर्द्धशासकीय दस्तावेजों में दर्ज किया जावे। यह सूचना छत्तीसगढ़ राजपत्र में प्रकाशित करवाना चाहता हूँ।

**दुर्गेश कुमार साहू**
(पिता / संरक्षक)
ग्राम आमगांव कु.तहसील-कुमर्दा
जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)

### शुभांक

बी. के.
1-4-0
138-2 490-3
राजधानी
3-5-8
160-7 488-0

अनुमानित

चेतावनी:- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

### ईश्तहार

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं आवेदक संतोष कुमार पिता चुन्नूराम, जाति यादव, निवासी ग्राम - सुभाष चंद्र चौक, वार्ड नं. 13, तह. अं.चौकी, जिला मोहला-मानपुर, अं.चौकी (छ.ग.)। पिन नं. 491665 का निवासी हूं। जो कि मेरे स्वयं के नाम से भारत सरकार द्वारा आधार कार्ड जारी किया गया है। जिसमें नाम के स्थान पर संतोष यादव Santosh Yadav अंकित है। उक्त नाम गलत है। परन्तु मेरे स्वयं के नाम से जारी अंकसूची व अन्य कागजातों में नाम के स्थान संतोष कुमार यादव SANTOSH KUMAR YADAV अंकित है, उक्त नाम सही है। इसलिए आधार कार्ड में संतोष यादव SANTOSH YADAV अंकित है। उसे सुधार करवाकर संतोष कुमार यादव SANTOSHKUMAR YADAV अंकित करवना चाहता हुं। इस ईश्तहार के संबंध में किसी भी शासकीय/ अर्द्धशासकीय संस्था व किसी भसी व्यक्ति को किसी प्रकार एवं ईश्तहार दावा आपतित्त होगी तो मय दस्तावेज के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकते है अतएक ईश्तहार प्रस्तुत है, जो जरूरत वक्त पर काम आवें।

स्थान - अं.चौकी, दिनांक - 28/07/2026

आवेदक
**संतोष कुमार**
निवासी ग्राम - अं.चौकी
तह. अं. चौकी, जिला-मो.मा.,अं. चौकी

### ईश्तहार

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं आवेदिका तनिशा पिता - गोकुल राम सिन्हा, जाति कलार, निवासी ग्राम - गुण्डरदेही, मकान नं. 04, वार्ड नं. 01 तह. अं.चौकी, जिला-मोहला मानपुर अं.चौकी (छ.ग.)। पिन नं. 491668 की निवासी हूं। जो कि मेरे स्वयं के नाम से भारत सरकार द्वारा आधार कार्ड जारी किया गया है। जिसमें नाम के स्थान पर तोनिसा Tonisa अंकित है। उक्त नाम गलत है। परन्तु मेरे स्वयं के नाम से जारी अंकसूची व अन्य कागजातों में नाम के स्थान तनिशा TANISHA अंकित है, उक्त नाम सही है। इसलिए आधार कार्ड में तोनिसा Tonisa अंकित है। उसे सुधार करवाकर तनिशा TANISHA अंकित करवाना चाहती हुं। इस ईश्तहार के संबंध में किसी भी शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था व किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार एवं ईश्तहार दावा आपतित्त होगी तो मय दस्तावेज के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। अतएव ईश्तहार प्रस्तुत है, जो जरूरत वक्त पर काम आवें।

स्थान - अं.चौकी, दिनांक - 30/07/2026

आवेदिका
**तनिशा**
निवासी ग्राम - गुण्डरदेही
तह. अं. चौकी, जिला-मो.मा.,अं. चौकी

### PARAMARSH COMMUNICATIONS

SHOP NO.7, FIRST FLOOR, KANKALI HOSPITAL COMMERCIAL COMPLEX, BRAHMAN PARA, TATYA PARA ROAD, RAIPUR (C.G)

**// NOTICE //**

**U/2 72 OF THE INDIAN PARTNERSHIP ACT, 1932**

Notice is hereby given to all concern that "M/S, PARAMARSH COMMUNICATIONS" Raipur (CG) Registration No. 222202160382, Dated 16.03.2021 has undergone the following changes:

1. That the Head Office of the firm shall be at "Near National Convent School, In front of Old Toll Plaza, Ring Road No-1, Shree Ram Nagar, Changorabhata, Raipur (C.G)" from Shop No.7, First Floor, Kankali Hospital Commercial Complex, Brahman Para, Tatya Para Road, Raipur (C.G)," w.e.f. 01st Day of April,2026.
2. That the Shri Jinendra Parakh Retired on w.e.f. 01st Day of April, 2026 and ceased a partner with effect from that date.

Place: Raipur (C.G)
Dated: 01-04-2026

For, PARAMARSH COMMUNICATIONS
(HARSH DUBEY) PARTNER

### कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग राजनांदगांव (छ.ग.)

**संक्षिप्त जोनल निविदा सूचना क्रमांक -14**

क्रमांक/1281/ क्लेलि/ ग्रायांसेवा/2026-27 — राजनांदगांव, दिनांक **29/07/2026**

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से पंजीकृत एकीकृत पंजीयन प्रणाली से प्रपत्र 'ए' में दर्शित निम्नलिखित कार्य हेतु दर प्राप्त करने आनलाईन मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती हैः-

| कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू.लाख में) | निविदा आमंत्रण | निविदा कार्यालय में पहुंचने कि अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| विकासखण्ड क्षेत्रीय जोनल निविदा 2026-27 ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उपसंभाग मानपुर अंतर्गत विभिन्न मदों में स्वीकृत 30.00 लाख से कम लागत के भवन एवं अन्य प्रकार के निर्माण कार्य भाग 1 | 40.00 | छटवां बार | 05.08.2026 |

**उपरोक्त निविदा की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा, निविदा दस्तावेज व अन्य ई-प्रोक्योरमेंट बेवपोर्टल (https://eproc.cgstate.gov.in) में दिनांक-30.07.2026 से देखा जा सकती है। निविदा कार्यालय में पहुंचने की अंतिम तिथि 05.08.2026 सांय 5.30 बजे तक है।**

जी- 262702468/1

**कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग - राजनांदगांव (छ.ग.)**

### कार्यालय कलेक्टर, जिला-मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी (आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास)

Email:- actmmac@gmail.com

क्र./ 1028/निर्माण/धरती आबा/2026-27 — मोहला, दिनांक 29/07/2026

**// ई-निविदा आमंत्रण सूचना//**

निम्नांकित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है, निविदा करने की अंतिम तिथि **21/08/2026** समय सायं **5.00** बजे तक है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक | संस्था/कार्य का नाम | विकासखण्ड | लागत राशि (लाख में) | अमानत राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 196370 | MAJOR WORKS IN THE SCHOOL IN PRE MATRIC TRIBAL BOYS HOSTEL WASDI | मोहला | 15.00 | 11250.00/- |
| 2 | 196373 | MAJOR WORKS IN THE SCHOOL IN PRE MATRIC TRIBAL BOYS HOSTEL KORRAMTOLA | मोहला | 15.00 | 11250.00/- |
| 3 | 196375 | MAJOR WORKS IN THE SCHOOL IN TRIBAL BOYS ASHRAM SHALA WASDI | मोहला | 8.00 | 6000.00/- |
| | | | योग:- | 38.00 | |

टीप - ठेकेदार की श्रेणी "A", "B", "C" एवं "D" होना अनिवार्य है।

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in/ में देखी जा सकती है।
(कलेक्टर महो. द्वारा अनुमोदित) जी- 262702481/2

**सहायक आयुक्त**
**आदिवासी विकास**
**मोहला-मानपुर-अं.चौकी**

### कार्यालय नगर पालिका परिषद डोंगरगांव, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)

क्रमांक-1169/ रा.नामा./2026-27 — **// नामांतरण प्रकाशन सूचना //** — डोंगरगांव, दिनांक 30/7/2026

**कर निर्धारण के स्वामित्व खाते (कर मांग पंजी) में हक हस्तांतरण हेतु निम्नांकित आवेदन प्राप्त हुये**

| क्र. | वार्ड क्रमांक | वार्ड का नाम | भवन/ डिमांड क्रमांक | रकबा / खसरा क्रमांक | भूमि / भवन | वर्तमान मकान/ भूमि स्वामी (हस्तांतरण कर्ता का नाम)/ विक्रेता | आवेदक (हस्तांतरित का नाम)/ क्रेता | स्वामित्व अर्जन का स्वरूप |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 10 | महात्मा गांधी वार्ड | 10/178 | 344/5, 0.0410 हे., 345/3, रकबा 0.0610 हे., 361/2, 0.0160 हे., 361/3, 0.0730 हे. | पक्का मकान | स्व. थानसिंग पटेल पिता-सोमनाथ, वार्ड क्रमांक 10 बोधीटोला, डोंगरगांव | तेजराम पटेल पिता-स्व: थानसिंग, वार्ड क्रमांक 10 बोधीटोला, डोंगरगांव | मृत्यु प्रमाण पत्र |

हेतु आवेदन पेश किया गया है, यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त ईश्तहार/नामांतरण के संबंध में स्वामित्व हक या दावा रखते हैं तो ईश्तहार प्रकाशन दिनांक से 30 दिनों के भीतर प्रमाणित दस्तावेज साहित दावा/आपत्ति लिखित पेश कर सकते है। ईश्तहार के समयावधि समाप्ति पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, डोंगरगांव**

# शिवनाथ ऑटोमोबाइल शोरूम में चोरी : एक अंतरराज्यीय आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा, अन्य साथी फरार

### लालबाग थाना पुलिस ने इस मामले में एक शातिर अंतरराज्यीय आरोपी को धर दबोचा



**राजनांदगांव (दावा)।** शहर के जीई रोड स्थित शिवनाथ ऑटोमोबाइल शोरूम में हुई चोरी की बड़ी वारदात को सुलझाने में पुलिस को अहम सफलता हाथ लगी है। लालबाग थाना पुलिस ने इस मामले में एक शातिर अंतरराज्यीय आरोपी को धर दबोचा है। वहीं घटना में शामिल उसके अन्य साथी फिलहाल फरार बताए जा रहे हैं। जिनकी सरगर्मी से तलाश की जा रही है। लालबाग थाना प्रभारी रमेश पटेल ने बताया कि प्रार्थी की रिपोर्ट के आधार पर पुलिस लगातार आरोपियों की पतासाजी में जुटी हुई थी। जिसके बाद मुख्य आरोपी को न्यायालय से प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। जानकारी मिली कि जिला बिलासपुर के चकरभाठा थाने में चोरी के एक अन्य मामले में एक आरोपी पकड़ा गया है। जिसके तार शिवनाथ ऑटोमोबाइल की चोरी से भी जुड़े हैं। आरोपी मंगल सिंह चौहान उम्र 30 वर्ष, निवासी जुनापानी थाना किनौर, जिला खण्डवा है। इसके बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को न्यायालय से प्राप्त प्रोडक्शन वारंट के आधार पर राजनांदगांव लाकर गिरफ्तार किया।

### दीवार फांद कर शोरूम में घुसे थे चोर

बीते 13-14 जुलाई की मध्यरात्रि को अज्ञात आरोपियों ने शोरूम के पीछे की दीवार फांदकर भीतर प्रवेश किया था। इसके बाद उन्होंने कैश काउंटर का लॉक तोड़ा और गल्ले में रखी 9,000 रूपए की नगद राशि चोरी कर फरार हो गए। इस घटना के बाद लालबाग थाने में अपराध क्रमांक 294/2026 दर्ज कर भारतीय न्याय संहिता की धारा 331(4), 305(ए), और 3(5) के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया था।

### पूछताछ में साथियों के साथ मिलकर चोरी कबूली

पुलिस की कड़ी पूछताछ में आरोपी मंगल सिंह चौहान ने टूटते हुए स्वीकार किया कि उसने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर इस शोरूम में चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। आरोपी ने खुलासा किया है कि चोरी की गई नगद राशि और घटना में प्रयुक्त वाहन उसके फरार साथियों के कब्जे में है।

प्रकरण में अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी, चोरी की गई राशि की बरामदगी और वाहन की जब्ती के लिए पुलिस की विवेचना और छापेमारी लगातार जारी है। फिलहाल, गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

# संस्कारधानी में 2 अगस्त को 'वृहद हरेली महोत्सव' का भव्य आगाज़




**राजनांदगांव (दावा)।** छत्तीसगढ़ का प्रथम लोक पर्व हरेली इस बार संस्कारधानी नगरी में बड़े ही धूमधाम और वृहद स्तर पर मनाया जा रहा है। हरेली पर्व से सप्ताह भर पूर्व आगामी 2 अगस्त (रविवार) को शहर के ऐतिहासिक स्टेट स्कूल मैदान में वृहद हरेली महोत्सव की रंगीन छटा बिखरेगी। 'सद्गुरु कबीर साहेब' के अनुयायियों की संस्था एसकेडीवी मिशन एवं पर्यावरण नव जागरण सभा द्वारा आयोजित इस भव्य कार्यक्रम का शुभारंभ 'छत्तीसगढ़ महतारी' के पूजन के साथ होगा। इस दौरान छत्तीसगढ़ी लोक कला, परंपरा, लोक गायन (पंडवानी, भरथरी, बांस गीत) और पारंपरिक खेलों का शानदार संगम देखने को मिलेगा। महोत्सव की विशेष आकर्षण नीम की पत्तियों से बनी मालाएं होंगी, जिनसे अतिथियों का स्वागत कर 'हरेली जोहार' किया जाएगा।

गुरु गद्दी दामाखेड़ा एसकेडीवी मिशन के महासचिव एमन दास, सामाजिक कार्यकर्ता बिसेसर दास, राष्ट्रीय प्रतिनिधि प्रमोद साहू, राज्य प्रतिनिधि महंत आरती दास एवं जिला प्रतिनिधि उत्तम साहू ने पत्रकार वार्ता में बताया कि परम पूज्य पंथ हुजूर प्रकाशमुनि नाम साहेब एवं परम पूज्य पंथ हुजूर उदितमुनि नाम साहेब के आशीर्वाद से यह प्रदेश स्तरीय आयोजन हो रहा है। टेड़ेसरा आश्रम में वृक्षारोपण के पश्चात विशाल बाइक रैली/शोभायात्रा निकलेगी, जो शहर के कबीर चौक पहुंचेगी। वहां से पारंपरिक लोक गीत-संगीत व नृत्य के साथ शोभायात्रा स्टेट स्कूल मैदान पहुंचेगी। फुगड़ी, गेड़ी दौड़, रस्सी खींच, कबड्डी, खुडुवा और खो-खो जैसे पारंपरिक खेलों का आयोजन होगा। इसमें कबीरपंथियों के साथ-साथ आम जन भी निःशुल्क भाग ले सकते हैं। विजेताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

सुप्रसिद्ध गायिका कविता वासनिक का गायन, श्रीमती तरूणा साहू की पंडवानी, हिमानी वासनिक का भरथरी गायन एवं बस्तर के कलाकारों का पारंपरिक लोक नृत्य मुख्य आकर्षण होंगे। इसके साथ ही प्रसिद्ध बांस गीत की मंचीय प्रस्तुति भी होगी। आगंतुकों के लिए प्रामाणिक छत्तीसगढ़ी व्यंजनों के स्वाद के साथ-साथ सद्गुरु भोजन भंडारे में निःशुल्क भोजन प्रसाद की व्यवस्था रहेगी। पर्यावरण जागरूकता और वृक्षारोपण के संदेश को समर्पित इस आयोजन में मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, सांसद संतोष पांडे एवं महापौर मधुसूदन यादव। प्रदेशभर से लगभग 15 से 20 हजार कबीरपंथी अनुयायी, आम नागरिक और सामाजिक प्रतिनिधि इस आयोजन में शामिल होंगे।

# बागेश्वर धाम में सावन महोत्सव : कांवड़ यात्रा, महाआरती, मल्लिकार्जुन मंदिर झांकी दर्शन एवं अखण्ड रुद्राभिषेक का भव्य आयोजन

### 3 अगस्त से संपूर्ण सावन माह दिखेगी हैदराबाद के प्रसिद्ध श्री मल्लिकार्जुन मंदिर की विशाल झांकी



**राजनांदगांव (दावा)।** सावन का पवित्र एवं पावन शिवभक्ति का माह प्रारंभ हो चुका है। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्री बागेश्वर धाम मंदिर में शिवकृपा से एक माह का सावन महोत्सव भव्य धार्मिक आयोजनों के साथ हर्षोल्लासपूर्वक मनाया जाएगा। बागेश्वर धाम के मंदिर सेवक पंकज गुप्ता, विजय गुप्ता, सूरज गुप्ता एवं सौरभ गुप्ता ने बताया कि महोत्सव के अंतर्गत प्रति सोमवार संध्या 7 बजे भव्य महाआरती का आयोजन किया जाएगा तथा विशेष सामाजिक एवं राष्ट्रीय संदेशों के साथ भव्य कांवड़ यात्राएं निकाली जाएंगी। सावन के प्रत्येक सोमवार को निकलने वाली कांवड़ यात्राएं अलग-अलग सामाजिक व राष्ट्रीय विषयों को समर्पित होंगी। जिसमें 3 अगस्त (प्रथम सोमवार) को सनातन संस्कृति संरक्षण हेतु, 10 अगस्त राष्ट्रप्रेम एवं नक्सली हमले में शहीद जवानों को समर्पित, 17 अगस्त प्रकृति संरक्षण एवं पर्यावरण चेतना हेतु व 24 अगस्त (चतुर्थ व अंतिम सोमवार) शिक्षा एवं संस्कार जागरण का संदेश देने हेतु होगा।

सावन में 1 माह के लिए बागेश्वर धाम उत्सव भवन में आंध्र प्रदेश (हैदराबाद के समीप) स्थित प्रसिद्ध श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग मंदिर की विशाल व भव्य झांकी निर्मित की जा रही है। जो 3 अगस्त से संपूर्ण सावन माह तक श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ स्थापित रहेगी। सावन के तीसरे सोमवार को 17 अगस्त प्रातः 10 से 18 अगस्त प्रातः 10 बजे तक 24 घंटे का अखण्ड रुद्राभिषेक आयोजित होगा। यह विशेष पूजन आंध्र प्रदेश के श्री शैलम (मल्लिकार्जुन) से पधारे विद्वान पंडितों द्वारा वहां की पारंपरिक पूजा पद्धति के अनुसार संपन्न कराया जाएगा।

आयोजन की तैयारियों में गणेश गुप्ता, भावेश अग्रवाल, अजय गुप्ता, सौरभ खंडेलवाल, विकास गुप्ता, मयंक शर्मा, दिनेश अग्रवाल, प्रज्ञा गुप्ता, मधु खंडेलवाल, यशोदा गुप्ता सहित समस्त बागेश्वर धाम के सेवकगण निष्ठापूर्वक जुटे हुए हैं। आयोजन संरक्षक डीसी जैन, सोहन लाल गुप्ता, कैलाशचंद गुप्ता, शारदा तिवारी तथा सेविका लक्ष्मी गुप्ता, गोमती गुप्ता, दुर्गा गुप्ता, वंदना गुप्ता, ज्योति गुप्ता, रंजना गुप्ता एवं चंचल गुप्ता ने राजनांदगांव की समस्त धर्मप्रेमी जनता से बागेश्वर धाम में आयोजित सावन महोत्सव, कांवड़ यात्रा, महाआरती तथा मल्लिकार्जुन मंदिर के दिव्य दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है। (जानकारी मंदिर सेवक अजय गुप्ता द्वारा दी गई।)

# 650 दीपों से जगमगाया गुरु रविदास मंदिर: समरसता के संदेश के साथ मना 650वां प्रकाशोत्सव

### संत रविदास के विचार आज भी समाज को जोड़ने की सबसे बड़ी शक्ति : डॉ. नवनीत जैन



**छुईखदान (दावा)।** संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज की 650वीं जयंती के अवसर पर छुईखदान नगर के स्वीपर मोहल्ला वार्ड क्रमांक 13 स्थित पूज्य गुरु रविदास मंदिर में भव्य 650 दीपोत्सव का आयोजन किया गया। समाज के प्रमुखजनों, मातृशक्ति, युवाओं एवं वार्डवासियों ने मिलकर संपूर्ण मंदिर परिसर को 650 दीपों से आलोकित किया। दीपों की मनमोहक छटा, गुरु रविदास की आरती, भजन-कीर्तन एवं प्रसादी वितरण ने पूरे वातावरण को भक्ति, आस्था और सामाजिक समरसता के रंग में रंग दिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. नवनीत जैन जिला भाजपा महामंत्री एवं जिला संयोजक-समरसता संकल्प अभियान ने अपने संबोधन में कहा कि संत गुरु रविदास का जीवन समता, सद्भाव, सेवा और सामाजिक न्याय का प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि संत रविदास के विचार आज भी समाज को एकसूत्र में जोड़ने, भेदभाव मिटाने और राष्ट्र निर्माण की दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। जिला रविदास समाज के अध्यक्ष रघुबन राडेकर ने सभी को 650वीं जयंती की शुभकामनाएं देते हुए संत गुरु रविदास के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया तथा इस सफल आयोजन के लिए छुईखदान भाजपा परिवार एवं सभी समाजजनों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का सफल संयोजन रौशन चंद्राकर महामंत्री, बलराम जंघेल एवं कामेश गात्रे जिला कोषाध्यक्ष, रविदास समाज केसीजी एवं जिला विधि प्रमुख, युवा मोर्चा ने किया।

इस अवसर पर भाजपा जिलामंत्री ज्ञान यादव, एल्डरमैन राजू उइके, अशोक मोहबे कार्यकारिणी सदस्य, जिला रविदास समाज, जयपाल गात्रे ब्लॉक अध्यक्ष, रविदास समाज, छुईखदान शुभम विश्वास, महावीर सांखला, मुनु भोंडेकर, राजू मोहबेकर, गणेश मोहबेकर, संदीप बौरे, शैलेंद्र बौरे, राजेश भोंडेकर, राकेश भोंडेकर, आत्मा भोंडेकर, शिशुपाल गात्रे, मनजीत गात्रे, कारण मोहबेकर, अरुण मोहबेकर, राहुल मोहबेकर, महेश भोंडेकर, भावेश गात्रे, सुरुज बाई मोहबेकर, पार्वती मोहबेकर, बिमला गात्रे, भारती गात्रे, खुशी गात्रे, पदमा मोहबेकर, मुन्नी बाई भोंडेकर, ममता बौरे, लक्ष्मण मोहबेकर, ओमेश गात्रे, डिम्पल गात्रे, सावित्री गात्रे, रमैया भोंडेकर, साधना भोंडेकर, आर्यन मेश्राम, लोकेश मेश्राम, सरस्वती निषाद सहित बड़ी संख्या में समाज के वरिष्ठजन, मातृशक्ति, युवा साथी एवं वार्डवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर सभी श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से प्रसादी ग्रहण की। आयोजन ने सामाजिक समरसता, भाईचारे और एकता का संदेश देते हुए संत गुरु रविदास के अमर वचन 'मन चंगा तो कठौती में गंगा' को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया।

# मौनी बाबा आश्रम मिथिलाधाम में भक्तिमय माहौल, सावन मास में भगवान बैद्यनाथ का हो रहा निरंतर अभिषेक




### श्री हनुमंत यज्ञ व गुरुपूजन में देशभर से पहुंचे श्रद्धालु

**राजनांदगांव (दावा)।** शहर के प्रसिद्ध मिथिला धाम स्थित श्री गणेश हनुमान मंदिर (मौनी बाबा आश्रम) में वर्षभर विभिन्न धार्मिक एवं आध्यात्मिक आयोजन पूर्ण निष्ठा और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न होते हैं। इसी कड़ी में आश्रम परिसर में 15 जुलाई से श्री हनुमंत यज्ञ एवं गुरुपूजन का भव्य आयोजन किया गया है। जिसके बाद से संपूर्ण आश्रम परिसर भक्तिमय माहौल से सराबोर है। आश्रम में आषाढ़ शुक्ल पूर्णिमा के पावन अवसर पर देशभर से पूज्य मौनी बाबा के शिष्यगण राजनांदगांव पहुंचे। जहां गुरु पूजन का कार्यक्रम अत्यंत धूमधाम और श्रद्धा भाव के साथ संपन्न हुआ।

### सावन में चारों प्रहर हो रहा बाबा बैद्यनाथ का अभिषेक

गत 30 जुलाई, श्रावण कृष्ण पक्ष प्रतिपदा के शुभ दिन से मंदिर परिसर में स्थापित बाबा बैद्यनाथ ज्योतिर्लिंग के प्रतिरूप पर कांवर से जल लाकर भांग व गंगाजल चढ़ाने का सिलसिला प्रारंभ हो चुका है। पूरे सावन माह में मुख्य यजमान मनोज चौधरी सपत्नीक पंडित देवानंद झा के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक कर रहे हैं। मंदिर परिसर में स्थापित शिवलिंग का पूरे श्रावण मास में चारों प्रहर अभिषेक किया जा रहा है। जिसमें प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालु जल अर्पित कर पुण्य लाभ कमा रहे हैं। मंदिर समिति के संयोजक अशोक चौधरी, महंत त्यागी बाबा, पंडित अभिषेक झा एवं पंडित मिश्रा ने कहा कि सावन का महीना अत्यंत पवित्र और फलदायी होता है। राजनांदगांव की समस्त धर्मप्रेमी जनता से अपील है कि वे इस पावन अवसर पर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक व दर्शन-पूजन कर पुण्य के भागीदार बनें।

# गुरुपूर्णिमा पर्व पर योग गुरुओं का सम्मान



**राजनांदगांव (दावा)।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर चौपाटी स्थित सर्किट हाउस के समीप योग भवन में महिला पतंजलि योग समिति एवं योग ध्यान सेवा समिति राजनांदगांव के संयुक्त तत्वावधान में श्रद्धा, भक्ति एवं सेवा भाव के साथ विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच यज्ञ एवं हवन में समिति के सदस्यों एवं श्रद्धालुओं ने आहुति देकर विश्व शांति, राष्ट्र की समृद्धि तथा जनकल्याण की कामना की। यज्ञ के पश्चात उपस्थित सभी श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया।

गुरु पूर्णिमा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए वक्ताओं ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान सर्वोच्च माना गया है। गुरु ही ज्ञान, संस्कार एवं जीवन के सही मार्ग का बोध कराते हैं। योग के क्षेत्र में गुरु का मार्गदर्शन साधकों को स्वस्थ, अनुशासित एवं संतुलित जीवन जीने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर योग के प्रचार-प्रसार एवं समाज में स्वास्थ्य जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले योग गुरुओं का शॉल, श्रीफल एवं सम्मान-चिन्ह भेंटकर सम्मान किया गया। समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि गुरु पूर्णिमा केवल एक पर्व नहीं, बल्कि अपने गुरुजनों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का पावन अवसर है। कार्यक्रम में महिला पतंजलि योग समिति एवं योग ध्यान सेवा समिति के सभी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा नियमित योग, प्राणायाम एवं भारतीय संस्कृति के संरक्षण का संकल्प लिया।

# 'हर-हर महादेव' की गूंज से शुरू होगा प्राण प्रतिष्ठा समारोह



### न्यू खंडेलवाल कॉलोनी की राम-लक्ष्मण वाटिका में शिव गणों के साथ विराजेंगे भगवान भोलेनाथ

**राजनांदगांव (दावा)।** न्यू खंडेलवाल कॉलोनी स्थित राम-लक्ष्मण वाटिका में भगवान भोलेनाथ के साथ शिवगणों की स्थापना का पावन अनुष्ठान आज 1 अगस्त से प्रारंभ हो रहा है। तीन दिवसीय इस आध्यात्मिक एवं धार्मिक आयोजन का शुभारंभ भगवान भोलेनाथ की भव्य शोभायात्रा एवं कलश यात्रा के साथ किया जाएगा। शनिवार की सुबह 10 बजे मंदिर प्रांगण (राम-लक्ष्मण वाटिका) से भोलेनाथ की शोभायात्रा निकाली जाएगी। पवित्र श्रावण मास में न्यू खंडेलवाल कॉलोनी सहित आसपास की कॉलोनियों में 'हर-हर महादेव' के जयकारों के साथ इस भक्तिमय आयोजन का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जाएगा।

### जनकल्याण और समृद्धि की भावना से स्थापना

मंदिर समिति ने बताया कि पवित्र श्रावण मास में देवों के देव महादेव का आशीर्वाद सभी श्रद्धालुओं को निरंतर मिलता रहे। इसी पावन उद्देश्य से कॉलोनी में शिव गणों के साथ भगवान शिव की प्रतिमा की स्थापना का निर्णय लिया गया है। यह अनुष्ठान मानवीय जीवन में आने वाली हर विपत्ति से सभी की रक्षा करने और क्षेत्र में सुख-समृद्धि लाने वाला सिद्ध होगा। मंदिर समिति के सदस्यों ने क्षेत्र की समस्त धर्मप्रेमी जनता एवं श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि वे इस तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह एवं शोभायात्रा में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त करें व पुण्य के भागीदार बनें।

# गुजराती राष्ट्रीय अंग्रेजी माध्यम शाला के छात्र हर्षित साहू का संभाग स्तरीय शालेय शतरंज प्रतियोगिता के लिए चयन

### पीएमश्री सर्वेश्वरदास स्कूल में आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में हर्षित ने दिखाया शानदार खेल



**राजनांदगांव (दावा)।** जिला शिक्षा अधिकारी राजनांदगांव (छत्तीसगढ़) के मार्गदर्शन में पीएमश्री सर्वेश्वरदास नगर पालिक निगम राजनांदगांव में जिला स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2026-27 के अंतर्गत शतरंज प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपनी रणनीतिक क्षमता और खेल कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में गुजराती राष्ट्रीय उच्चतर माध्यमिक शाला (अंग्रेजी माध्यम) के कक्षा 11वीं के छात्र हर्षित साहू ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए बालक वर्ग अंडर-19 में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किया तथा संभाग स्तरीय शालेय शतरंज खेल प्रतियोगिता के लिए अपना चयन सुनिश्चित किया।

### निरंतर अभ्यास और अनुशासन ही सफलता की कुंजी : प्राचार्या

हर्षित की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती सुषमा शुक्ला ने छात्र को बधाई देते हुए कहा कि निरंतर अभ्यास, अनुशासन और आत्मविश्वास ही सफलता की कुंजी हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि हर्षित संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय, जिले और प्रदेश का नाम रोशन करेगा। उपप्राचार्या श्रीमती अर्पणा श्रीवास्तव ने भी छात्र की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय की खेल शिक्षिका अनुसुईया साहू एवं सुधा साहू ने बताया कि शतरंज जैसे बौद्धिक खेल विद्यार्थियों में एकाग्रता, धैर्य, तार्किक सोच और त्वरित निर्णय क्षमता का विकास करते हैं। छात्र की इस उपलब्धि पर गुजराती शिक्षण संघ के अध्यक्ष विनय पटेल, उपाध्यक्ष पवन पटेल, सचिव सीए रूपम सोनछात्रा, कोषाध्यक्ष हिमांशु पटेल, कार्यकारिणी सदस्य सूरज बुद्धदेव, पीयूष पटेल तथा विद्यालय के समस्त शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि संस्था सदैव विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धियों के साथ-साथ खेल प्रतिभाओं को भी समान रूप से प्रोत्साहित करती रही है। हर्षित साहू की यह सफलता विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगी।

# राजकुमार (राजू) बारमाटे ही संभालेंगे बौद्ध कल्याण समिति का अध्यक्ष पद

### कार्यालय रजिस्ट्रार फर्म्स एवं संस्थाएं छत्तीसगढ़ ने दी मान्यता



**राजनांदगांव (दावा)।** लंबे समय से चल रही अटकलों और वैधानिक विवाद का अंत हो गया है। छत्तीसगढ़ की प्रमुख सामाजिक संस्थाओं में शामिल राजनांदगांव जिला बौद्ध कल्याण समिति के अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी अब राजकुमार (राजू) बारमाटे ही संभालेंगे। समिति की नियमावली (बायलॉज) की अलग-अलग व्याख्या के कारण पूर्व में दो अलग-अलग चुनाव संपन्न हुए थे। जिसके चलते अध्यक्ष पद को लेकर विवाद की स्थिति बनी हुई थी। इस मामले में राजकुमार बारमाटे एवं उनकी कार्यकारिणी को वैधानिक मान्यता दिए जाने के विरुद्ध अपील प्रस्तुत की गई थी। प्रकरण की सुनवाई मुख्य रजिस्ट्रार के समक्ष हुई। जिसमें कार्यकारिणी के 21 सदस्यों को उत्तरवादी बनाया गया। 28 जुलाई को जारी आदेश के अनुसार राजकुमार बारमाटे की अध्यक्षता में गठित कार्यकारिणी को सहायक पंजीयक, फर्म्स एवं संस्थाएं, दुर्ग संभाग दुर्ग के द्वारा रिकार्ड पर लिया गया है। उनके आदेश को मान्य किया जाकर दीपांकर खोब्रागडे की प्रस्तुत अपील को खारिज किया जाता है। इसी के साथ अपील प्रकरण का निराकृत किया जाता है।

समिति की नियमावली एवं उपलब्ध अभिलेखों के परीक्षण के उपरांत सक्षम प्राधिकारी ने पुनः राजकुमार बारमाटे एवं उनकी कार्यकारिणी को अपने अभिलेखों में दर्ज करते हुए वैधानिक मान्यता प्रदान की। इस प्रकार नियमावली के अनुरूप संपन्न चुनाव प्रक्रिया को वैध माना गया तथा 7 फरवरी 2026 को निर्वाचित राजकुमार बारमाटे के नेतृत्व वाली कार्यकारिणी पर अंतिम वैधानिक मुहर लगा दी गई। लगभग 35 हजार बौद्ध समाज की आबादी वाले राजनांदगांव शहर में अब बौद्ध कल्याण समिति का नेतृत्व राजकुमार (राजू) बारमाटे के हाथों में रहेगा। बौद्ध कल्याण समिति की कार्यकारिणी में अध्यक्ष राजकुमार बारमाटे उपाध्यक्ष दीपक कोटांगले, श्रीमती चंचल राहुल, सचिव केएल टांडेकर, कोषाध्यक्ष देवपाल रामटेके, सहसचिव डीपी लोन्हारे, पन्नालाल वासनिक, शैलेश ठावरे, राजकुमार नागदेवे, जीवनलाल गजभिये, अमर सिंह वासनिक, सीएल शुक्ला, नीलेश रामटेके, आदर्श वासनिक, डॉ. विजय ऊके, एस के भालाधरे, घनश्याम वाल्मीकि, महेंद्र बंसोड़, गणेशराव बोरकर, अशोक खंडेलवाल सामिल है। समाज के लोगों ने आशा व्यक्त की है कि उनके नेतृत्व में समिति सामाजिक, शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को और अधिक प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाएगी।

## अनमोल दावा

"उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए।"

## सम्पादकीय

# राजनीति के नए आवरण: राहुल गांधी, भाषा और जवाबदारी की लक्ष्मण रेखा

संसद में प्रतिपक्ष के नेता की राजनीतिक यात्रा का बदलाव दिलचस्प रहा। पारिवारिक विरासत के आधार पर राहुल गांधी राजनीति में प्रवेश कर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोनित हुए और अब संसद में प्रतिपक्ष के नेता के रूप से उनके आक्रोश लिए तेवर से उनकी राजनीति ने सत्तापक्ष को हलाकान कर रखा है। उत्तरप्रदेश की अमेठी और रायबरेली से लेकर देश के अन्य प्रदेशों में उनकी सक्रियता ने कांग्रेस को आई.एस.यू. से बाहर निकाला है।

राहुल गांधी की पदयात्रा, रोड शो, प्रेस वार्ता और आम सभाओं में उनके भाषणों ने देशवासियों को प्रभावित किया है। युवावर्ग व बुद्धिजीवियों को उनकी विपक्ष की भूमिका रास आ रही है। विपक्ष की स्वाभाविक रूप से राजनीति संघर्षमय होती है। किन्तु राजनीतिक छवि को उल्लेखनीय आकार देना है तो आपको आक्रमक राजनीति के रवैये और संसदीय शिष्टाचार के बीच संतुलन बरकरार रखना चाहिए।

निःसंदेह राहुल गांधी की राजनीति परम्परागत नहीं है। वे मौलिक और स्वस्फूर्त राजनीति कर रहे हैं, जो समय का तकाजा है। किन्तु, इसमें विरोधाभास यह भी कि राहुल गांधी आवेश में आकर अपने भाषणों व कथन में विषयान्तर हो जाते हैं। कभी-कभी यह लोगों को अच्छा भी लगता है तो इसके विपरीत वे विवादों से भी घिर जाते हैं। सत्तासीन पार्टी प्रतिपक्ष नेता राहुल गांधी के बोले गए शब्दों को विवादित मान आक्रमक हो जाती है।

पेपरलीक व परीक्षा प्रणाली पर संसदीय चर्चा के दौरान उनके द्वारा बोले गए शब्दों पर शासक पार्टी ने आपत्ति जतायी है। पेपरलीक का मुद्दा निःसंदेह देश भर के लाखों विद्यार्थियों और उनके परिवारों को प्रभावित करने वाली गंभीर बाबत है। स्पर्धात्मक परीक्षाओं में अनियमितताएं, प्रश्न पत्र लीक, बाबत की शिकायतें और परीक्षा प्रक्रिया से जुड़े प्रश्नों जो युवाओं के भविष्य से सीधे जुड़े हुए हैं। संसद में ऐसे गंभीर मुद्दे पर सरकार के पास से जवाब मांगना यह केवल विपक्ष का ही काम नहीं है। किन्तु लोकतांत्रिक प्रक्रिया से चुने गए सभी सत्ता-विपक्ष के जनप्रतिनिधियों की भी जिम्मेदारी है। इसी परिप्रेक्ष्य में राहुल गांधी ने परीक्षा प्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए थे। उन्होंने आरोप लगाया था कि सम्पूर्ण प्रक्रिया में निजी कम्पनियों की भूमिका विस्तार ले रही है और परीक्षा प्रणाली विद्यार्थियों के लिए कष्टप्रद बन गई है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पेपरलीक मामलों में मोटी राशि भी वसूली जाती है। शिक्षामंत्री के कामकाज पर भी राहुल गांधी ने प्रश्न उठाए थे। गंभीर मुद्दे उठाना और गंभीर आरोप लगाना, इसके बीच में एक अन्तर भी है। अगर, आरोपों में तथ्यों व प्रमाणों को भी रखा जाता है तो उसे समर्थन मिलता है। स्वाभाविक रूप से यहां सरकार को जवाब देने विवश होना पड़ता है। जबकि, राजनैतिक भाषणबाजी और व्यक्तिगत टिप्पणी का उपयोग करके आरोप लगाए जाते हैं, तब मुख्य मुद्दा दरकिनार हो जाता है और संसद हंगामा लिए स्थगित हो जाता है।

संसद में राहुल गांधी के वक्तव्य के दौरान ऐसा ही चित्र देखने को मिला था। सत्ता पार्टी ने उनके द्वारा उपयोग में लाए गए 'इडियट' जैसे शब्दों पर आपत्ति उठायी है। संसदीय बाबतों के मंत्री ने इसे असंसदीय बताकर कार्यवाही में से दूर करने की मांग की थी। इसी के साथ, लोकसभा स्पीकर ने भी गृह की गरिमा बनाए रखने पर भार दिया था।

राजनीति में राहुल गांधी की सबसे बड़ी चुनौती उनकी स्वयं स्फूर्त शैली है, जिसमें राजनीति और संसदीय जवाबदारी के साथ संतुलन बना रहे, यह शुचिता का तकाजा है। राहुल के समर्थक उनके साफगोई स्वभाव को एक शक्ति के रूप में देखते हैं। वे मानते हैं कि वे निर्भय होकर सरकार से जनहित के प्रश्न उठाते हैं और संसद में युवाओं, किसानों और आम जनता से संबंधित मुद्दे उठाते हैं। वह राजनैतिक तोप से गोले छोड़ने जैसे होते हैं।

## काव्य-प्रवाह

### आँसू



रीते नयनों में कब डूबे आँसू
अपनों से कब ऊबे आँसू,
पीड़ा दस-बीस उभरी टीस
पता नहीं कब छलके आँसू।

शत्रुघन सिंह राजपूत
गौरीनगर, राजनांदगांव
मो. 7587101862

# गांधी के गुजरात से ग्लोबल गुजरात : लोथल की विरासत से GIFT City के भविष्य तक







**रमेश जायभाये**

एक तरफ साबरमती के किनारे गांधी के विचारों की शांति, दूसरी तरफ GIFT City की गगनचुंबी इमारतों में गूंजती वैश्विक वित्त की हलचल; बीच में लोथल की 4,500 वर्ष पुरानी समुद्री विरासत, अमूल की सहकारिता की ताकत, हाई-स्पीड रेल की तकनीकी रफ्तार और सैनंद में आकार लेता सेमीकंडक्टर युग–गुजरात की पांच दिवसीय यात्रा में छत्तीसगढ़ के मीडिया प्रतिनिधिमंडल ने एक ऐसे भारत को करीब से देखा, जहां इतिहास केवल अतीत में नहीं, बल्कि भविष्य की नींव में भी जीवित है। किसी प्रदेश को समझने के लिए कभी-कभी उसके शहरों से ज्यादा उसके समय को देखना पड़ता है। गुजरात में यह समय एक साथ कई दिशाओं में चलता दिखाई देता है। लोथल में करीब 4,500 वर्ष पुरानी समुद्री सभ्यता की स्मृतियां हैं, साबरमती में गांधी के विचारों की गूंज है, आनंद में सहकारिता आंदोलन की शक्ति है, सैनंद में सेमीकंडक्टर युग की दस्तक है और GIFT City में वैश्विक वित्त की महत्वाकांक्षा। इनके बीच सरदार पटेल की विराट प्रतिमा खड़ी है–एक ऐसे भारत की याद दिलाती हुई, जिसने एकता को अपनी ताकत बनाया और अब वैश्विक मंच पर अपनी नई पहचान गढ़ने की कोशिश कर रहा है। यही गुजरात की सबसे दिलचस्प तस्वीर है–यहां इतिहास पीछे छूटता नहीं, बल्कि भविष्य की राह में साथ चलता है।

पत्र सूचना कार्यालय, रायपुर द्वारा आयोजित गुजरात अध्ययन दौरे पर पहुंचे छत्तीसगढ़ के मीडिया प्रतिनिधिमंडल ने इन अलग-अलग पड़ावों को करीब से देखा और समझा। पांच दिनों के इस सफर में कभी महात्मा गांधी के जीवन और विचारों की स्मृतियों के बीच संवाद हुआ, कभी अमूल के माध्यम से गांव और किसान की आर्थिक शक्ति को समझने का अवसर मिला, तो कभी हाई-स्पीड रेल, सेमीकंडक्टर और अंतरराष्ट्रीय वित्त जैसे क्षेत्रों में भारत की बदलती आकांक्षाओं की झलक मिली। इस यात्रा की खासियत शायद यही थी कि हर पड़ाव अगले पड़ाव से जुड़ता चला गया। साबरमती ने विचार दिया, आनंद ने सहकारिता की ताकत दिखाई, लोथल ने विरासत की गहराई बताई, हाई-स्पीड रेल ने तकनीकी महत्वाकांक्षा दिखाई, सैनंद ने औद्योगिक भविष्य की दस्तक सुनाई और GIFT City ने वैश्विक भारत की आर्थिक तस्वीर सामने रखी। और फिर एकतानगर में सरदार पटेल की विशाल प्रतिमा के सामने खड़े होकर लगा कि इन सभी कहानियों के बीच एक अदृश्य सूत्र मौजूद है–एक ऐसा भारत, जो अपनी जड़ों को संभालते हुए दुनिया के सामने अपनी नई पहचान बनाने की कोशिश कर रहा है।

साबरमती : जहां शोर के बीच भी सुनाई देती है एक आवाज साबरमती आश्रम पहुंचते ही यात्रा जैसे कुछ पल के लिए ठहर गई। कैमरों और मोबाइल फोन की चहल-पहल के बीच भी एक अलग तरह की खामोशी महसूस होती थी। शायद इसलिए कि यह वह जगह थी, जहां कभी एक ऐसे व्यक्ति ने अपने प्रयोग किए थे, जिसकी आवाज बाद में पूरे देश की आवाज बन गई। कोचरब आश्रम में महात्मा गांधी के शुरुआती वर्षों की कहानी सुनते हुए यह अहसास हुआ कि इतिहास हमेशा बड़ी घटनाओं से नहीं बनता। कभी-कभी वह एक छोटे से आश्रम, कुछ लोगों के सामूहिक जीवन और एक विचार से शुरू होता है। और फिर वही यात्रा हमें उस गुजरात में ले आई, जहां आज करोड़ों रुपये की परियोजनाएं और वैश्विक वित्तीय संस्थान भविष्य की इबारत लिख रहे हैं। एक ही धरती पर गांधी का चरखा भी था और हाई-स्पीड रेल की तकनीक भी। शायद गुजरात को समझने की पहली कुंजी यहीं मिल गई थी।

**आनंद :** दूध की बूंदों में छिपी एक बड़ी कहानी आनंद में अमूल की कहानी सुनते हुए पत्रकारों के बीच सवाल-जवाब का सिलसिला कुछ अलग ही था। यहां कोई बड़ी-बड़ी आर्थिक शब्दावली नहीं थी। बात थी दूध की, पशुपालक की, गांव की और उस भरोसे की, जिसने एक सहकारी आंदोलन को देश के सबसे पहचानने योग्य ब्रांडों में बदल दिया। डॉ. प्रीति शुक्ला से संवाद के दौरान अमूल के विस्तार और नेटवर्क की जानकारी मिली तो एक बात साफ हुई–किसी ब्रांड की असली ताकत केवल उसके उत्पाद में नहीं होती। उसकी ताकत उस व्यवस्था में होती है, जो हजारों-लाखों लोगों को उससे जोड़ती है। अमूल की कहानी सुनते हुए शायद कई पत्रकारों के मन में अपने-अपने गांव और वहां के दूध उत्पादक परिवारों की तस्वीर भी उभरी होगी। गुजरात की इस यात्रा में यह महसूस हुआ कि विकास का अर्थ केवल बड़ी इमारतें नहीं हैं। कभी-कभी वह किसी किसान के घर की रसोई में भी दिखाई देता है।

**लोथल :** इतिहास की मिट्टी से उठती समुद्र की खुशबू लोथल पहुंचने पर यात्रा जैसे अचानक बहुत पीछे चली गई। सामने आधुनिक भारत था, लेकिन जमीन के भीतर और इतिहास की परतों में हजारों साल पुरानी दुनिया सांस ले रही थी। करीब 4,500 वर्ष पुरानी समुद्री विरासत की कहानी सुनते हुए यह कल्पना करना रोमांचक था कि जिस भारत को आज हम बंदरगाहों, समुद्री व्यापार और ब्लू इकॉनमी की बात करते सुन रहे हैं, उसके समुद्री संबंध कितने पुराने हैं।

लोथल में विकसित हो रहा राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर इसी समृद्ध विरासत को आधुनिक तरीके से सामने लाने का प्रयास है। यहां इतिहास केवल संग्रहालय की वस्तु बनकर नहीं रहता, बल्कि वह आने वाली पीढ़ियों के लिए शिक्षा, शोध, पर्यटन और समुद्री चेतना का माध्यम बनने की दिशा में आगे बढ़ता दिखाई देता है।

लोथल से लौटते हुए शायद सबसे स्वाभाविक सवाल यही था– क्या हम सचमुच नए भारत का निर्माण कर रहे हैं, या इतिहास में कहीं बहुत पीछे छूटे अपने ही पुराने भारत को नए रूप में फिर से खोज रहे हैं? जब गुजरात की सड़क पर भविष्य दौड़ता दिखाई दिया हाई-स्पीड रेल परियोजना की चर्चा में आंकड़े थे, लेकिन उन आंकड़ों के पीछे एक रोमांच भी था। सैकड़ों किलोमीटर लंबे वायाडक्ट, नदी पुल, पहाड़ों को काटती सुरंगें और भविष्य की रेल के लिए तैयार होता विशाल ढांचा–यह सब सुनते हुए मन में एक ही तस्वीर बनती थी।

एक दिन यही रास्ता खुलेगा और ट्रेन इतनी तेजी से गुजरेगी कि शायद आज की ये सुरंगें और पुल पीछे छूटते हुए सिर्फ कुछ सेकंड में दिखाई देंगे।

लेकिन उस गति के पीछे आज हजारों इंजीनियर, तकनीशियन और श्रमिक अपना समय और कौशल लगा रहे हैं। वलसाड की सुरंग से लेकर पालघर के पर्वतीय क्षेत्रों तक निर्माण की प्रगति ने यह दिखाया कि भविष्य अचानक नहीं आता। उसे पहले जमीन के नीचे, फिर जमीन के ऊपर और अंततः लोगों की जिंदगी में बनाया जाता है।

**सैनंद :** जब भारत चिप बनाने की दिशा में आगे बढ़ता है गुजरात की यात्रा का एक और महत्वपूर्ण पड़ाव सैनंद था, जहां से भारत के उभरते सेमीकंडक्टर पारिस्थितिकी तंत्र की तस्वीर सामने आई। सेमीकंडक्टर आज केवल एक औद्योगिक उत्पाद नहीं है। मोबाइल फोन से लेकर इलेक्ट्रिक वाहन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, रक्षा तकनीक और आधुनिक संचार व्यवस्था तक–लगभग हर महत्वपूर्ण तकनीकी क्षेत्र इसकी उपलब्धता और आपूर्ति श्रृंखला से जुड़ा है।

सैनंद में विकसित हो रही सेमीकंडक्टर विनिर्माण क्षमता ने यह संकेत दिया कि भारत अब केवल वैश्विक तकनीकी उत्पादों का बाजार बनने तक सीमित नहीं रहना चाहता, बल्कि उनकी मूल तकनीकी आपूर्ति श्रृंखला में भी अपनी मजबूत जगह बनाना चाहता है। IFSC के कार्यकारी निदेशक (विकास) डॉ. दीपेश शाह के साथ संवाद ने इस व्यवस्था के महत्व को समझने का अवसर दिया।

अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र को वैश्विक पूंजी के 'इनबाउंड और आउटबाउंड गेटवे' के रूप में समझाया गया। अर्थात दुनिया से पूंजी भारत में आए और भारत से जुड़ी अंतरराष्ट्रीय वित्तीय गतिविधियां वैश्विक बाजारों से जुड़ें–यह इसकी मूल अवधारणा है।

एक क्षण लगा कि यात्रा का सबसे बड़ा संदेश शायद यही है : भारत की कहानी केवल अतीत की कहानी नहीं है और केवल भविष्य की भी नहीं। यह उन दोनों के बीच पुल बनाने की कहानी है।

वापसी में साथ रह गई गुजरात की एक तस्वीर

जब वापसी का समय आया, तो गुजरात शायद पहले से थोड़ा अलग दिखाई दे रहा था।

अब सड़क के किनारे गुजरते खेत केवल खेत नहीं थे। उनमें अमूल की कहानी दिखाई देती थी।

दूर जाती ट्रेन केवल ट्रेन नहीं थी। उसमें हाई-स्पीड रेल का भविष्य दिखाई देता था।

शहर की चमकती इमारतें केवल इमारतें नहीं थीं। उनमें GIFT City की वैश्विक महत्वाकांक्षा दिखाई देती थी। और किसी पुराने स्मारक की दीवार केवल इतिहास नहीं थी। उसमें लोथल और साबरमती की स्मृतियां सांस ले रही थीं। पांच दिन गुजर चुके थे। बारिश भी थम गई थी। लेकिन शायद यात्रा की सबसे अच्छी बात यही थी कि मन के भीतर कुछ सवाल अब भी बरस रहे थे। क्या भारत अपनी प्राचीन समुद्री शक्ति को आधुनिक समुद्री अर्थव्यवस्था में बदल पाएगा? क्या गांव की सहकारिता से लेकर वैश्विक वित्त तक विकास की यह यात्रा देश के हर हिस्से तक पहुंचेगी? क्या GIFT City भारत को वैश्विक वित्तीय मानचित्र पर वह स्थान दिला पाएगी, जिसकी कल्पना की जा रही है? और क्या आने वाला भारत अपनी विरासत को बचाते हुए उतनी ही तेजी से आगे बढ़ पाएगा, जितनी तेजी से उसकी हाई-स्पीड ट्रेन दौड़ने वाली है? शायद इन सवालों के जवाब अभी भविष्य के पास हैं।

लेकिन गुजरात की इस यात्रा ने एक बात जरूर दिखा दी– भविष्य कहीं दूर खड़ा हमारा इंतजार नहीं कर रहा। वह गुजरात की सड़कों पर निर्माणाधीन है, खेतों में पनप रहा है, प्रयोगशालाओं में आकार ले रहा है, सुरंगों में रास्ता बना रहा है और GIFT City की ऊंची इमारतों में अपनी पहली मंजिलें तलाश रहा है।

और इसी वजह से यह पांच दिन की यात्रा खत्म होकर भी खत्म नहीं हुई। क्योंकि गुजरात से लौटते समय साथ केवल यादें नहीं आतीं–कुछ सवाल भी लौटते हैं। और वही सवाल किसी यात्रा को एक कहानी बना देते हैं।

**उप निदेशक, पत्र सूचना कार्यालय रायपुर**

# सावन में करें आयुर्वेदिक व्रत



आयुर्वेदिक व्रत ऐसा है जिसमें आप आयुर्वेद में बताए जाने वाले उपचार अपनाते हैं। इससे शरीर से सारे टॉक्सिन्स निकल जाते है और शरीर फिर से ऊर्जावान हो जाता है। आयुर्वेद सिर्फ आपके रोग को ठीक नहीं करता बल्कि रोग होने वाला कारणों को भी सुधरता है। आप भी अपने सामान्य उपवास को आयुर्वेदिक व्रत बना सकते है, अगर आयुर्वेद के अनुसार चलें तो। आयुर्वेद व्रत को व्यक्ति की प्रकृति यानि शरीर में पाए जाने वाले तीन दोष पित्त, वायु और कफ, इसके साथ ही आयु और स्वास्थ्य स्थिति के अनुसार अनुकूलित करने पर जोर देता है, न कि घंटों किए जाने वाले धार्मिक अनुष्ठान के रूप में। आइये आयुर्वेदिक विशेषज्ञ डॉक्टर चंचल शर्मा से जानते हैं आयुर्वेदिक व्रत क्या है और इस दौरान क्या क्या खा सकते हैं।

आयुर्वेद में एक कहावत है कि आप वह नहीं जो आप खाते हैं, बल्कि वह होते हैं जो आप पचाते हैं। खाने का मुख्य मकसद शरीर द्वारा भोजन को या तो पोषक तत्वों के रूप में सोखना है या फिर उसे मल, मूत्र, पसीने के रूप में बाहर निकालना है। इसलिए पाचन तंत्र को नियमित रूप से साफ करने और शरीर में टॉक्सिन्स के बनने को कम करने के लिए कभी-कभी उपवास करने की सलाह दी जाती है। गीता में कृष्ण और अर्जुन से जुड़ा एक श्लोक है-

'युक्ताहारविहारस्य युक्तचेष्टस्य कर्मसु।
युक्तस्वप्नाव बोधस्य योगो भवति दुःख'।।

इसमें से युक्ताहारविहारस्यज् पद्धति को आयुर्वेद में अपनाया गया है। यानी संतुलित आहार और व्यायाम से शरीर के सभी प्रकार के रोग दूर हो सकते हैं फिर चाहे वे मानसिक हों या शारीरिक बीमारियां ही क्यों न हों।

### आयुर्वेद के अनुसार व्रत में क्या खाएं?

फल और सब्जियां- ताजे फल, हरी सब्जियां, और सूप पीएं। आयुर्वेद में सब्जी के सूप और जूस को पाचन के लिए हल्का माना गया है। व्रत के अनाज- साबूदाना, कुट्टू, राजगिरा (अमरंट), सिंघाड़ा, और सामक चावल। ये अनाज पचाने में आसान और पोषक होते हैं। दूध उत्पाद- दूध, दही, छाछ, पनीर, घी और मक्खन सीमित मात्रा में खाएं। इससे ऊर्जा और प्रोटीन दोनों मिलते हैं।

मखाना और मेवा- भुने हुए मखाने, बादाम, काजू, अखरोट और किशमिश एनर्जी बूस्टर के रूप में काम करते हैं।

पेय पदार्थ- CCF चाय (जीरा, धनिया और सौंफ की चाय), नींबू पानी, अदरक वाली चाय, और सादा गुनगुना पानी दिनभर पीते रहें।

मसाले- आप सिर्फ सेंधा नमक और हल्की काली मिर्च खाएं। सेंधा नमक इलेक्ट्रोलाइट्स के संतुलन बनाए रखने में मदद करता है।

## राशिफल

**मेष** — मेष राशि वालों आज का दिन आपके लिए खास रहने वाला है। सामाजिक क्षेत्र में आपकी सक्रियता बढ़ेगी। किसी काम में आपको सकारात्मक परिणाम हासिल हो सकते हैं। किसी पुराने दोस्त से मिलने का योग बन रहा है। इस राशि के मीडिया से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन बढ़िया रहेगा। परिवार के प्रति आपका लगाव बढ़ेगा।

**वृष राशि** — वृष राशि वालों आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज किसी खास काम में आपको फायदा होने वाला है। भाई-बहन के साथ आपके रिश्ते बेहतर होंगे। आज राजकीय कार्यों में सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। महिलाएं सभी चुनौतियों का सामना करते हुए आज स्वयं का लघु उद्योग लगाने में सफल होंगी।

**मिथुन** — मिथुन राशि वालों आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। कार्य स्थल पर आज आपको अपना बेहतर प्रदर्शन करने के लिए अपनी एकाग्रता बनाए रखनी होगी। बिजनेसमैन के लिए आज का दिन शानदार रहेगा, व्यापार को बढ़ाने के लिये नया प्लान लाभदायक साबित होगा। आज किसी धार्मिक स्थल पर दर्शन के लिये जा सकते हैं।

**कर्क** — कर्क राशि वालों आज का दिन आपके लिए नयी उमंगों से भरा रहने वाला है। आज आप अपना लक्ष्य पाने के लिए नई योजनाएं बना सकते हैं। घरेलू समस्याओं को शांतिपूर्ण ढंग से सुलझाने में आप सफल होंगे। इस राशि के जो लोग सरकारी नौकरी में कार्यरत हैं, आज उन्हें अच्छी खबर मिलेगी। आपको बड़े अधिकारियों का भी पूरा सहयोग मिलेगा।

**सिंह** — सिंह राशि वालों आज आपका दिन खुशनुमा रहने वाला है। आज व्यापार में कुछ नई उपलब्धियां मिलने की संभावना है। इस समय तरक्की के अच्छे योग बने हुए हैं। इस राशि के कॉमर्स स्टूडेंट्स को अपने शिक्षकों से अच्छी सलाह मिलेगी जो आने वाले भविष्य में कारगर साबित होगी। साथ ही करियर में आगे बढ़ने के नए अवसर भी सामने आएंगे।

**कन्या** — कन्या राशि वालों आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज किसी मामले में अपनी समझ से काम करना होगा, तभी काम का परिणाम अच्छा मिलेगा। आज बड़ों का आशीर्वाद मिलेगा जिससे आपकी सकारात्मकता बढ़ेगी और आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। आज घर में शुभ समाचार मिलने की सम्भावना होगी, दाम्पत्य जीवन का सुख मिलेगा।

**तुला** — तुला राशि वालों आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज कामकाज से जुड़ी चुनौती आपके सामने आयेगी, लेकिन आप उस चुनौती से तुरंत ही पार पा लेंगे। यदि कोर्ट केस से जुड़ी कार्यवाही चल रही है, तो फैसला आपके पक्ष में आने की संभावना है। आपको अचानक धन लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। आपको किस्मत का पूरा-पूरा साथ मिलेगा।

**वृश्चिक** — वृश्चिक राशि वालों आज का दिन आपके लिए खास होने वाला है। आज ऑफिस में सीनियर्स और बॉस के द्वारा कुछ बताया जा रहा है तो उसे गंभीरता से लें, और अपनी कमियों को जानकर उसे सुधारने का प्रयास करें। कॉम्पिटिटिव एग्जाम की तैयारी कर रहे छात्रों को थोड़ी और मेहनत करने की जरूरत है, सफलता मिलने के योग बने हुए हैं।

**धनु** — धनु राशि वालों आज का दिन आपके लिए ठीक ठाक रहने वाला है। आज आपकी जमीन जायदाद से जुड़ी किसी समस्या का समाधान निकल सकता है। आज आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी बनी रहेगी। आज जल्दबाजी में कोई बड़ा फैसला लेने से भी बचें। आज अपनी सोच और व्यवहार को संतुलित रखने की जरूरत है। आपका दाम्पत्य जीवन सुखमय रहेगा।

**मकर** — मकर राशि वालों आज का दिन आपके लिए सकारात्मक रहने वाला है। आज ऑफिस में वर्कलोड बढ़ सकता है लेकिन आपके द्वारा किए गए काम से आपके बॉस काफी इम्प्रेस होंगे। रुपए-पैसों के मामले में लापरवाही करने से बचें। आज आपको किसी करीबी से ऐसी सलाह मिलेगी, जिससे आपको काफी फायदा होगा। आज बच्चों का रिजल्ट देखकर मन प्रसन्न होगा।

**कुंभ** — कुम्भ राशि वालों आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज बिजनेस को लेकर आप कुछ नया प्लान बनायेंगे। इस राशि के जो लोग सोशल साइट्स के काम से जुड़े हैं, उनकी जान-पहचान किसी ऐसे व्यक्ति से होगी जो उनको काफी लाभ पहुंचाएगा। ज्वेलरी की शॉप चलाने वाले लोगों को आज बढ़िया धनलाभ होगा।

**मीन** — मीन राशि वालों आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आपका पूरा ध्यान अपने कार्यशैली में सुधार करने में रहेगा। आज बच्चे अपने माता पिता का ज्यादा ध्यान रखेंगे और बात भी मानेंगे। उधार दिया हुआ पैसा आज वापस मिलेगा। आज आप कुछ नया काम स्टार्ट करने की सोच सकते हैं, लेकिन शुरू करने से पहले अपनों से बड़ों की सलाह जरूर लें।

## सामयिक चर्चा

### चिन्तन : राजनीतिक दांव-पेंच पर

बानी बोले - आज की खबर
सुनिए गजाधर !
राज्यसभा में एन्टी पेपर लीक बिल पर
चर्चा के दौरान
जोरदार हंगामा हुआ।
कांग्रेस के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने
गृहमंत्री अमित शाह पर
निशाना साधते हुए कहा -
'छात्रों पर पैलेट का इस्तेमाल किया गया
उनके हाथ पैर टूटे
तो इसका कौन जिम्मेदार ?'
फिर खड़गे ने स्वयं उत्तर दिया -
होम मिनिस्टर है इसका जिम्मेदार ।'
इस पर गजाधर !
तालियों की थपथपाहट की आवाज
सदन में गूंजती रही।
तब खड़गे ने जोर देकर यह बात कही -
'आप यानी गृहमंत्री शाह बन्द कमरे में रहकर
मेरी बात सुन रहे होंगे लेकिन आप
बंद कमरे में बहुत दिन छिप नहीं सकते
एक दिन हम यानी जन शक्ति, विद्यार्थी
बाहर खींच कर लाएंगे
और जनता के सामने दिखाएंगे।
कम से कम बाहर आकर, सदन में बैठकर
बोलिए, सुनिए और जवाब दीजिए।'
तो गजाधर ! गृहमंत्री शाह जी
सदन में क्यों नहीं आ रहे है,
आप अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त कीजिए ?
गजाधर मुस्कराए, बोले - बानी !
हम कह रहे हैं -
गृहमंत्री अमित शाह जी
बंद कमरे में बैठकर
राजनीति के दाव, पेंच पर,
चिन्तन कर रहे है।
(शुक्रवार 31 जुलाई 2026)



गिरीश बख्शी

# मोहला बना भू-माफियाओं के अवैध प्लाटिंग का हब : प्रतिबंध के बाद भी कृषि भूमि की धड़ल्ले से हो रही रजिस्ट्री

### रेरा और राजस्व नियमों को ताक पर रख चिलमटोला में काटी जा रही अवैध कॉलोनी



मोहला (दावा)। आदिवासी अनुसूचित जनजाति बाहुल्य जिला मुख्यालय मोहला में भू-माफिया, छत्तीसगढ़ राजस्व विभाग और रेरा के नियम-कानूनों को ताक पर रखकर कृषि भूमि पर अवैध प्लाटिंग का खेल बेधड़क चला रहे हैं। स्थानीय राजस्व विभाग और उप-पंजीयक कार्यालय के कथित संरक्षण में रोजाना अवैध भूखंडों की रजिस्ट्री और नामांतरण किया जा रहा है। पटवारियों द्वारा एक ही खसरा नंबर को कई टुकड़ों में बांटकर नक्शा काटा जा रहा है। जिससे शासन को लाखों-करोड़ों रुपये के राजस्व की क्षति पहुंच रही है। जिला बनने के बाद से मोहला-मानपुर, अंबागढ़ चौकी क्षेत्र भू-माफियाओं का पसंदीदा केंद्र बन चुका है। इन दिनों मोहला से लगे ग्राम चिलमटोला में अवैध प्लाटिंग का मामला जोरों पर है, जहां बांध और मुक्तिधाम से सटी लगभग 7 एकड़ से अधिक कृषि भूमि को बिना डायवर्सन के टुकड़ों में बेचकर मोटी कमाई की जा रही है।

### रेमंत और हेमंत बसा रहे अवैध कॉलोनी

ग्रामीणों का आरोप है कि जिस भूमि पर अवैध प्लाटिंग की जा रही है। वह मूलतः राजस्व रिकॉर्ड में अफरोज खान, सजीदा बेगम, शहनाज बेगम, सायरा बेगम, हेमंत साहू और मोहन के नाम दर्ज है। इसे भू-माफिया रेमंत देवांगन और हेमंत साहू ने हुंडी में खरीद रखा है और अब भोले-भाले खरीदारों को महंगे दामों पर बेच रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि धोबेदंड निवासी एक आदिवासी परिवार से फर्जी तरीके से जमीन की खरीद-फरोत के मामले में आरोपी रेमंत देवांगन पहले भी जेल की हवा खा चुका है। अब वह सिंडिकेट चलाकर अवैध कॉलोनियां बसा रहा है।

### न सुविधाएं, न रेरा की अनुमति

अवैध कॉलोनाइजर खरीददारों को पूर्ण विकसित कॉलोनी का लालच देकर प्लॉट बेच रहे हैं। जबकि मौके पर केवल मुरम डालकर कच्ची सड़क बनाई गई है। क्षेत्र में नाली, बिजली कनेशन और गार्डन जैसी बुनियादी सुविधाओं का पूरी तरह अभाव है। सूत्रों के मुताबिक, संपूर्ण जिले में एक भी वैध कॉलोनाइजर कॉलोनाइजर एट के तहत पंजीकृत नहीं है और न ही रेरा में कोई प्रोजेट पंजीकृत है। इसके बावजूद धड़ल्ले से नामांतरण और नशा काटने का कार्य राजस्व अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

**5 खसरों के किए गए 40 से अधिक टुकड़े, अधिकारियों की सांठगांठ पर उठे सवाल**

"अवैध प्लाटिंग का मामला संज्ञान में आ रहा है। रजिस्ट्री और नामांतरण पर रोक लगाने हेतु पत्र जारी किया जा रहा है। संबंधित पटवारी से जानकारी ली जाएगी कि मोहला क्षेत्र में कुल कितनी अवैध प्लाटिंग हुई है। जिसके बाद सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**- नेहा विश्वकर्मा, तहसीलदार (मोहला)**

# संगठन को मजबूत करने गांव-गांव पहुंचेंगे कांग्रेसी



डोंगरगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के आह्वान एवं जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विपिन यादव के निर्देशानुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, डोंगरगांव की महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक शुक्रवार को कांग्रेस भवन, डोंगरगांव में आयोजित की गई। बैठक में संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने, आगामी कार्यक्रमों की रणनीति तय करने तथा कार्यकर्ताओं को सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष टिकेश साहू ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन की मजबूती के लिए सभी कार्यकर्ताओं का समर्पण और एकजुटता बेहद आवश्यक है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से कहा कि आगामी कार्यक्रमों को पूरी निष्ठा और उत्साह के साथ सफल बनाएं तथा पार्टी के संदेश को हर घर तक पहुंचाने में अपनी भूमिका सुनिश्चित करें। बैठक में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, डोंगरगांव के प्रभारी चुम्मन साहू अछोली मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान संगठन विस्तार, सदस्यता अभियान को गति देने, बूथ एवं सेक्टर समितियों को अधिक सक्रिय बनाने, आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने तथा जनसंपर्क अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। इस दौरान उपस्थित पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ कांग्रेसजनों ने अपने सुझाव प्रस्तुत करते हुए संगठन को और अधिक सशक्त बनाने पर बल दिया। इस बैठक में बड़ी संख्या में कांग्रेसीगण शामिल हुए।

# वीएसके एप में तकनीकी त्रुटियों का होगा शीघ्र समाधान, किसी शिक्षक का वेतन नहीं कटेगा : शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव

- 15 अगस्त तक ऐप की खामियों को दूर कर पूरी तरह सुचारु बनाने का दिया गया लक्ष्य
- प्रदेश के 85 प्रतिशत शिक्षक नियमित रूप से लगा रहे हैं ऑनलाईन अटेंडेंस, शिक्षा मंत्री ने जताया आभार



खैरागढ़ (दावा)। स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने कहा है कि शिक्षक संगठनों एवं शिक्षकों द्वारा वीएसके एप में आ रही तकनीकी त्रुटियों एवं एरर संबंधी शिकायतों को राज्य सरकार ने पूरी गंभीरता से लिया है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में आश्वस्त किया कि ऐप में आने वाली तकनीकी समस्याओं के कारण किसी भी शिक्षक का वेतन नहीं काटा जाएगा और शिक्षकों को किसी भी प्रकार की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है।

शिक्षा मंत्री ने बताया कि संबंधित उच्च अधिकारियों एवं तकनीकी टीम को वीएसके ऐप की सभी समस्याओं का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं। 15 अगस्त तक ऐप की तकनीकी खामियों का पूर्ण समाधान कर इसे सुचारु बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, ताकि शिक्षक बिना किसी परेशानी के अपनी ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करा सकें।

### 85 प्रतिशत शिक्षक रोजाना दर्ज कर रहे हैं ऑनलाईन उपस्थिति

शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने प्रदेश के शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए बताया कि राज्य के कुल लगभग 1 लाख 75 हजार शिक्षकों में से लगभग डेढ़ लाख शिक्षक (85 प्रतिशत) प्रतिदिन वीएसके एप के माध्यम से ऑनलाईन उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। यह आंकड़ा दर्शाता है कि प्रदेश के शिक्षक नई तकनीक को अपनाते हुए शिक्षा व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह एवं आधुनिक बनाने में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। सरकार उनके इस सहयोग, अनुशासन और समर्पण का पूर्ण सम्मान करती है।

### शिक्षकों के हितों की पूरी सुरक्षा का भरोसा

मंत्री गजेंद्र यादव ने दोहराया कि राज्य सरकार शिक्षकों के सम्मान, सुविधा और हितों के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। यदि किसी शिक्षक को केवल तकनीकी कारणों से ऑनलाईन उपस्थिति दर्ज करने में कठिनाई आती है, तो उसके हितों की पूरी सुरक्षा की जाएगी और किसी को भी तकनीकी खामी का खामियाजा नहीं भुगतना पड़ेगा। उन्होंने सभी शिक्षकों से अपील की कि वे पूर्व की भांति वीएसके ऐप का उपयोग करते रहें तथा किसी भी प्रकार की समस्या या सुझाव को संबंधित अधिकारियों तक जरूर पहुंचाएं, ताकि उस पर त्वरित आवश्यक सुधार किया जा सके।

# प्रभारी मंत्री लखन लाल देवांगन ने किया 'राष्ट्रीय छात्र पर्यावरण प्रतियोगिता-2026' के पोस्टर का विमोचन

- 0 खैरागढ़ में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों व युवाओं से पर्यावरण संरक्षण अभियान से जुड़ने की अपील
- 0 15 जुलाई से 15 सितंबर तक आयोजित होगी पूरी तरह निःशुल्क एवं ऑनलाईन प्रतियोगिता, तुरंत मिलेगा ई-प्रमाण पत्र



खैरागढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ शासन के उद्योग, वाणिज्य एवं आबकारी मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री लखन लाल देवांगन ने खैरागढ़ प्रवास के दौरान 'राष्ट्रीय छात्र पर्यावरण प्रतियोगिता-2026' के पोस्टर का भव्य विमोचन किया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों, युवाओं एवं आम नागरिकों से पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक होकर इस राष्ट्रीय अभियान में अधिकाधिक भागीदारी करने का आह्वान किया। राष्ट्रीय छात्र पर्यावरण प्रतियोगिता का आयोजन भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों और आम नागरिकों के बीच जैव विविधता, जलवायु परिवर्तन, जल संरक्षण तथा स्वच्छ पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता व जागरूकता बढ़ाना है।

### पांच श्रेणियों में होगी प्रतियोगिता, मोबाइल से दे सकेंगे भाग

यह प्रतियोगिता पूरी तरह ऑनलाईन एवं निःशुल्क है। जिसमें प्रतिभागी अपने मोबाइल फोन के माध्यम से आसानी से भाग ले सकते हैं। शामिल होने वाले प्रत्येक प्रतिभागी को तुरंत ई-प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। प्रतियोगिता को पांच श्रेणियों में विभाजित किया गया है। जिसमें प्राथमिक श्रेणी कक्षा 1ली से 5वीं, माध्यमिक श्रेणी कक्षा 6ठीं से 8वीं, हाई/हायर सेकंडरी श्रेणी कक्षा 9वीं से 12वीं व महाविद्यालयीन स्तर कॉलेज/यूनिवर्सिटी के छात्र होंगे।

यह प्रतियोगिता 15 जुलाई से 15 सितंबर तक संचालित रहेगी। आयोजकों ने विद्यार्थियों, शिक्षकों व अभिभावकों से इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की है। पोस्टर विमोचन के गरिमामयी अवसर पर प्रमुख रूप से जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, जिला भाजपा अध्यक्ष डॉ. बिशेसर साहू, भाजपा कार्यसमिति सदस्य घम्मन साहू, जिला पंचायत सभापति दिनेश वर्मा, जिला महामंत्री नवनीत जैन, जिला भाजयुमो अध्यक्ष आयाश सिंह, राजेश मेहता, गोरेलाल वर्मा, महेंद्र वर्मा, रामा साहू, भावेश कोचर, कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल, पुलिस अधीक्षक लक्ष्य शर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी (जिला पंचायत) प्रेम कुमार पटेल, सहायक संचालक मनोहर चंदेल, भारत स्काउट एवं गाइड के जिला सचिव कृष्ण कुमार वर्मा सहित अन्य अधिकारी व गणमान्य नागरिक आदि उपस्थित रहे।

# छह माह से फरार आरोपी पुलिस की गिरफ्त में



खैरागढ़ (दावा)। जिला खैरागढ़-छुईखदान, गंडई (केसीजी) पुलिस द्वारा क्षेत्र में शांति व कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से लगातार सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में पुलिस ने बीते छह माह से फरार चल रहे धारा 69 बीएनएसएस के आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, संबंधित मामले का आरोपी घटना के बाद से ही लगातार फरार चल रहा था। पुलिस की टीम द्वारा उसके संभावित ठिकानों, आसपास के क्षेत्रों तथा रिश्तेदारों के यहां लगातार पता-तलाश की जा रही थी। आरोपी के पकड़ में न आने पर पुलिस ने वैधानिक प्रक्रिया का पालन करते हुए न्यायालय में धारा 193(8) बीएनएसएस के अंतर्गत उसकी फरारी में ही अभियोग पत्र (चार्जशीट) पेश कर दिया था।

लगातार की जा रही घेराबंदी और पुलिस की मुस्तैदी के चलते शुक्रवार को आरोपी को सफलतापूर्वक हिरासत में ले लिया गया। आवश्यक पूछताछ एवं कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जहां से न्यायालय के आदेशानुसार उसे न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल कर दिया गया है।

# पतंजलि परिवार द्वारा धूमधाम से आयोजित हुआ गुरु पूर्णिमा महोत्सव



**योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर में सफल 60 प्रतिभागियों को बांटे गए प्रमाण पत्र**

डोंगरगांव (दावा)। पतंजलि परिवार द्वारा पूरे निष्ठा व सम्मान के साथ गुरु पूर्णिमा महोत्सव हर्षोल्लास पूर्ण स्थानीय पुराना नगर पंचायत भवन परिसर में आयोजित किया गया। पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के आव्हान पर आषड़ पूर्णिमा को आदि गुरु वेद व्यास एवं महर्षि पतंजलि को आत्मसात करते हुए स्वामी रामदेव महाराज, आचार्य बालकृष्ण, अपने माता-पिता एवं गुरुजनों के प्रति गुरु शिष्य का भाव प्रकट करने आयोजन में शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र के योग साधक शामिल हुए। आयोजन में मुख्य अतिथि जयश्री दलेश्वर साहू समाजसेवी, श्रेया साहू, श्यामसुंदर सोनी, अजय कुमार गुप्ता, रानूलाल कोचर, योग शिक्षक दिलीप कुमार राम सर एवं डॉ. रंजन जी, पतंजलि जिला प्रभारी पंचूराम साहू तथा नगर के अन्य गणमान्य नागरिकों गरिमामय उपस्थिति रही। इस शुभ अवसर पर अतिथियों के उद्बोधन पश्चात गत वर्ष नगर में आयोजित सह योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर और पतंजलि योग पीठ हरिद्वार में आयोजित मुख्य योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर में सफल हुए लगभग 60 प्रतिभागियों को अतिथियों के कर कमलों से सर्टिफिकेट का वितरण किया गया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। तत्पश्चात सभी के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में तहसील पतंजलि प्रभारी गिरीश सोनी, तहसील भारत स्वाभिमान प्रभारी डॉ. अतुल गुप्ता, सरिता साहू, देवेंद्र साहू, मनीष ढोमने, आशु गुप्ता, साधुराम साहू, यादवराम साहू, नामदेव साहू, नरेश साहू, नूतन गंजीर, रमन नाहटा, विकाश जैन, खिलेश्वरी साहू, शारदा गुप्ता, जया यादव, एकता साहू, श्रुति शुक्ला, ज्योति साहू, प्रीति साहू एवं पतंजलि परिवार के सभी योग साधकों ने अपना योगदान दिया।

# नगर पंचायत छुईखदान में मनोनीत पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न



**किरण गुप्ता, अर्जुन महोबिया एवं राजू उईके ने ली पद एवं गोपनीयता की शपथ**

छुईखदान (दावा)। नगर पंचायत छुईखदान में शुक्रवार को नवमनोनीत एल्डरमैन किरण गुप्ता, अर्जुन महोबिया एवं राजू उईके का शपथ ग्रहण समारोह अत्यंत गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन नगर पंचायत कार्यालय के सभाकक्ष में किया गया। जहां उपविभागीय अधिकारी (एसडीएम) अविनाश ठाकुर ने तीनों मनोनीत पार्षदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। समारोह के दौरान अधिकारियों एवं वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों ने नवमनोनीत पार्षदों को जनहित, पारदर्शिता और ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का संदेश दिया। साथ ही नगर के विकास कार्यों को गति देने तथा नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए सामूहिक प्रयासों पर बल दिया गया। संपूर्ण समारोह अत्यंत सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने नवमनोनीत पार्षदों को बधाई देते हुए उनके सफल, निष्पक्ष एवं जनसेवा से परिपूर्ण कार्यकाल की मंगलकामनाएं व्यक्त कीं। कार्यक्रम में नगर पालिका व पंचायत के अधिकारियों समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। जिसमें सीएमओ, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष गिरिराज किशोर, सांसद प्रतिनिधि प्रेमनारायण चंद्राकर, नगर पंचायत उपाध्यक्ष प्रकाश महोबिया, वरिष्ठ कांग्रेसी शैलेंद्र तिवारी, पार्षद चंद्रेश कुंभकार, संजू नेताम, प्रेमपाल, मनीष कोचर, महेश नारकर, घना देवांगन, विक्रांत चंद्राकर, किशन सिलोटिया, भीम महोबिया, इशू दुबे, भाजपा जिला महामंत्री नवनीत जैन, रोशन चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष भावेश कोचर, खैरागढ़ नगर पालिका अध्यक्ष गिरिजा चंद्राकर, भाजपा महिला जिला अध्यक्ष उमा चौबे, नीलिमा गोस्वामी, पार्षद किरण वैष्णव, शिवकांति भट्ट, सावित्री सोनी, मिथिला देवी भट्ट, छोटू गुप्ता, वरिष्ठ पत्रकार संदीप महोबिया, संजय शर्मा, अशोक चंद्राकर तथा नगर पंचायत के कर्मचारी सोनू चंद्राकर, टंडन, पंकज चंद्राकर, भूपेंद्र चौबे, मुकेश वैष्णव, प्रत्यूष महोबिया सहित अन्य उपस्थित थे।

# जनपद पंचायत में सहकारिता एवं उद्योग समिति की हुई बैठक

### किसानों को खाद-बीज की समय पर उपलब्धता और सोसायटी संचालन की हुई विस्तृत समीक्षा




डोंगरगांव (दावा)। जनपद पंचायत की सहकारिता एवं उद्योग समिति की बैठक आज समिति के सभापति विवेक मंडावी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सहकारिता, कृषि, खाद्य एवं उद्योग विभाग से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा एवं समीक्षा की गई। बैठक में सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों को खाद वितरण एवं सोसायटी संचालन की व्यवस्था, प्रत्येक सहकारी समिति में यूरिया, डीएपी एवं प्रमाणित बीज के वर्तमान स्टॉक की स्थिति की समीक्षा की गई। साथ ही खाद्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं एवं उचित मूल्य दुकानों के संचालन पर भी चर्चा हुई। बैठक में किसानों को कृषि ऋण, बीज एवं खाद की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करने, जिला सहकारी बैंकों के कार्यों की समीक्षा करने एवं जानकारी पर विचार-विमर्श किया गया। एग्री स्टेक, फसल बीमा और विभाग द्वारा संचालित योजनाओं एवं नवीन योजनाओं की जानकारी भी अधिकारियों द्वारा प्रस्तुत की गई।

बैठक में मुख्य रूप से जनपद अध्यक्ष रंजीता पडोती, सभापति उमेश साहू, सभापति टुमन लाल साहू, पार्वती सतनामी जनपद सदस्य, वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक आलोक सिंह, शाखा प्रबंधक प्रशांत बाजपेयी, प्रकाश शुक्ला, पर्यवेक्षक दिलीप कुमार बोरकर, हुकुम साहू और पूरे 20 समिति प्रबंधक की उपस्थिति में सहकारिता विभाग की बैठक संपन्न हुआ। बैठक के अंत में सभापति की अनुमति से अन्य विषयों पर भी चर्चा की गई तथा सभी अधिकारियों से समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया।

# सूझबूझ से टली बड़ी दुर्घटना : बख्शी मार्ग स्थित साई प्लास्टिक एंड नवीन हार्डवेयर में लगी आग



खैरागढ़ (दावा)। शहर के बख्शी मार्ग स्थित साईं प्लास्टिक एंड नवीन हार्डवेयर दुकान में गुरुवार रात अचानक भीषण आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। हालांकि, समय रहते स्थानीय निवासियों और आसपास के दुकानदारों की तत्परता से आग पर काबू पा लिया गया। जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।

प्रारंभिक तौर पर आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट मानी जा रही है। जानकारी के अनुसार दुकान संचालक नवीन साहू रोज की तरह रात करीब 8 बजे अपनी दुकान बंद कर घर चले गए थे। कुछ ही देर बाद दुकान से तेज धुआं निकलता देख आसपास के रहवासियों ने तत्काल उन्हें सूचना दी। सूचना मिलते ही नवीन साहू मौके पर पहुंचे और दुकान का शटर खोला तो अंदर आग की तेज लपटें उठ रही थीं।

- केसीजी जिला भाजपा अध्यक्ष बिसेसर साहू के पुत्र नवीन साहू की है दुकान, शार्ट सर्किट की जताई जा रही आशंका
- मोहल्लेवासियों और आसपास के दुकानदारों की तत्परता से आग पर पाया गया काबू, बड़ा हादसा टला

### तत्परता और सूझबूझ से टली बड़ी तबाही

इसके बाद मोहल्लेवासियों और आसपास के दुकानदारों ने बिना समय गंवाए पानी व अन्य साधनों से आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। यदि कुछ देर और हो जाती, तो दुकान में रखा भारी मात्रा में प्लास्टिक और हार्डवेयर का सामान आग की चपेट में आ जाता और नुकसान कई गुना बढ़ सकता था।

### हजारों रुपये का सामान जला, भाजपा नेता पहुंचे मौके पर

इस घटना में करीब 15 से 20 हजार रुपये मूल्य का सामान जलकर नष्ट हो गया। उल्लेखनीय है कि यह दुकान भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. बिसेसर साहू की है। जिसका संचालन उनके पुत्र नवीन साहू करते हैं। घटना की सूचना मिलते ही भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य घम्मन साहू, आलोक श्रीवास, जिला भाजयुमो अध्यक्ष आयश सिंह, अय्यूब सोलंकी तथा ऋषभ सिंह भी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। आग बुझाने में मनोज राजपूत, तुषार जैन, मयंक झा, हर्ष भंसाली, मौसम सोनी, नवीन सोनी, हरीश जैन और भास्कर झा सहित मोहल्लेवासियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी सूझबूझ और तत्परता की नगरवासियों ने मुक्तकंठ से सराहना की।

# बोधीटोला स्कूल में 'एक पेड़ माँ के नाम' पर हुआ पौधरोपण



डोंगरगांव (दावा)। पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला बोधीटोला में जिलाधीश, जिला पंचायत सीईओ, जिला शिक्षा मिशन समन्वयक एपीसी और विकासखंड शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन में 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम के तहत वृक्षारोपण किया गया है। इस दौरान वार्ड पार्षद दुर्गेश रामटेके, शैक्षणिक समन्वयक डामनदास साहू, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यगण, साहित्यकार अनिल कसेर उजाला, स्वच्छता दीदी एवं प्रधानपाठक पूनाराम कन्नौज, सहायक शिक्षक माहेश्वरी डहरे, सफाई कर्मचारी कशिश यादव, मीनाक्षी मानिकपुरी व पालकगण उपस्थित रहे। इस दौरान श्री कसेर ने बच्चों को पौधों की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए हमारे जीवन के लिए पेड़-पौधे कितना उपयोगी हैं। उन्होंने बताया कि कोरोना काल के उस बुरे समय में पेड़-पौधों से ही लोगों को प्राणवायु मिला।

# इंडिया और पाकिस्तान के बीच एशियन लीजेंड्स लीग में संडे को होगा आमना- सामना



नई दिल्ली। भारत और पाकिस्तान के खिलाड़ी जब भी आमने सामने होते हैं तो रोमांच अपने चरम पर होता है। मुकाबला अगर क्रिकेट के मैदान पर हो तो फिर कहना ही क्या। एक बार फिर से भारत और पाकिस्तान के खिलाड़ियों के बीच मैच होने वाला है। हालांकि ये कोई इंटरनेशनल मैच नहीं है। ये मुकाबला एशियन लीजेंड्स लीग 2026 में होगा, जिसका आगाज हो चुका है। इस बार टूर्नामेंट में ?कुल 6 टीमें हिस्सा ले रही हैं। इंडियन रॉयल्स और पाकिस्तान पैंथर्स के बीच दो अगस्त यानी संडे को मैच खेला जाएगा। हालांकि इंतजार इस बात का भी है, जब अगले साल भारत और पाकिस्तान के बीच वनडे विश्व कप 2027 में इंटरनेशनल मुकाबला खेला जाएगा।

एशियन लीजेंड्स लीग के सीजन का आगाज हो चुका है। पहला मैच 30 जुलाई यानी गुरुवार को खेला गया। इसमें श्रीलंका लॉयन्स और अफगानिस्तान पठान्स की टीम आपस में भिड़ी थीं। इसमें श्रीलंका लॉयन्स ने इस मैच को 15 रन से जीत लिया। आज यानी शुक्रवार को पाकिस्तान पैंथर्स और एशियन स्टार्स के बीच मैच होगा। मजे की बात ये है कि एशियन स्टार्स की टीम में भी भारत के कई खिलाड़ी खेलते हुए नजर आएंगे।

पाकिस्तान पैंथर्स की कप्तानी मोहम्मद हफीज कर रहे हैं। इस टीम में शारजील खान, उमर अकमल, शोएब मलिक, कामरान अकमल, सोहेल तनवीर, वहाब रियाज, सईद अजमल और नावेद उल हक राणा जैसे खिलाड़ी खेल रहे हैं। जो भारत के खिलाफ इंटरनेशनल क्रिकेट भी खेल चुके हैं। बात अगर एशियन स्टार्स की करें तो इसकी कप्तानी तिलकरत्ने दिलशान कर रहे हैं। इस टीमें भारत के सौरभ तिवारी, अंकित राजपूत और रॉबिन उथप्पा जैस खिलाड़ी नजर आने वाले हैं। टूर्नामेंट के दौरान इंडियन रॉयल्स का पहला मैच बांग्लादेश टाइगर्स से 31 जुलाई यानी आज ही शाम को पांच बजे से खेला जाएगा। इस टीम की कप्तानी शिखर धवन कर रहे हैं, जबकि टीम में नमन ओझा, अंबाती रायुडू, सुरेश रैना, यूसुफ पठान, दिनेश कार्तिक, हरभजन सिंह जैसे खिलाड़ी नजर आने वाले हैं।

# पाकिस्तान को लगा तगड़ा झटका, चोट के कारण करो या मरो वाले मैच से बाहर हुए पूर्व कप्तान



नई दिल्ली। पाकिस्तान क्रिकेट टीम इन दिनों वेस्टइंडीज के दौरे पर है। इस दौरान दोनों टीमों के बीच 2 टेस्ट मैचों की सीरीज खेली जा रही है। वेस्टइंडीज ने पहला मुकाबला 90 रन से जीता था। ऐसे में पाकिस्तान के लिए दूसरा और आखिरी मैच करो या मरो वाला है। इस मैच से पहले बाबर आजम की कप्तानी वाली टीम को बड़ा झटका लगा है। उंगली में चोट के कारण पूर्व कप्तान शान मसूद दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए हैं।

मसूद को यह चोट त्रिनिदाद में कैरेबियाई टीम के खिलाफ पहले टेस्ट के दौरान लगी थी। पाकिस्तान की पहली पारी में जेडेन सील्स की एक गेंद उनकी उंगली पर लगी थी। पहले टेस्ट में शान ने शतक लगाया था। उन्होंने 109 और 3 रन बनाए थे। सीरीज का दूसरा मैच रविवार को क्वींस पार्क ओवल में शुरू होगा। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने यह भी पुष्टि की है कि 19 अगस्त से इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाली टेस्ट सीरीज में भी इस बाएं हाथ के बल्लेबाज के खेलने पर संदेह है। ICC के हवाले से PCB ने एक बयान में कहा, पाकिस्तान के टेस्ट बल्लेबाज शान मसूद वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए हैं। उन्हें त्रिनिदाद की ब्रायन लारा क्रिकेट अकादमी में खेले गए पहले टेस्ट के दौरान बाएं हाथ की तर्जनी उंगली में चोट लग गई थी। स्कैन और क्लिनिकल जांच के बाद शान का इलाज अभी पाकिस्तान टीम का मेडिकल पैनल कर रहा है। बयान में आगे कहा गया, लीड्स में 19 अगस्त से इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाले पहले टेस्ट में उनके खेलने पर फैसला उनके ठीक होने और क्लिनिकल प्रोग्रेस के आधार पर लिया जाएगा। इस बीच वह टीम के साथ ही रहेंगे। शान ने 47 टेस्ट मैचों की 90 पारियों में 31.06 की औसत से 2,765 रन बनाए हैं। इसमें सात शतक और 14 अर्धशतक शामिल हैं और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 156 रन है।

अनुभवी जोड़ी अब्दुल्ला शफीक और सऊद शकील को पहले ही टीम में शामिल किया गया था। अब्दुल्ला फजल पीठ की चोट के कारण पहले टेस्ट से पहले ही सीरीज से बाहर हो गए थे। दाएं हाथ के बल्लेबाज अवैस जफर डेब्यू करने की दौड़ में हैं। पाकिस्तान अभी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की स्टैंडिंग में नौवें और आखिरी स्थान पर है। वहीं वेस्टइंडीज 8वें पायदान पर है।

# कारगिल के अमर शहीदों को पूर्व सैनिकों ने किया नमन, प्रदेशभर में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित



पेज 7 (28 जुलाई 2026 नंदलाल वघेला फोटो-कारगिल)

राजनांदगांव (दावा)। कारगिल विजय दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद छत्तीसगढ़ के बैनर तले प्रदेशभर में विविध कार्यक्रमों का आयोजन कर कारगिल युद्ध के अमर शहीदों को श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। प्रदेश अध्यक्ष पवन कुमार निषाद, कार्यकारी अध्यक्ष गोवर्धन शर्मा एवं प्रदेश उपाध्यक्ष खेमचंद निषाद के नेतृत्व में रायपुर, दुर्ग, पाटन, राजनांदगांव, डोंगरगढ़, धमतरी, कांकेर, जगदलपुर (बस्तर), अंबिकापुर (सरगुजा) सहित विभिन्न जिलों में श्रद्धांजलि सभाएं, सम्मान समारोह और जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रमों में पूर्व सैनिकों, शहीद परिवारों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों तथा बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लेकर कारगिल के वीर शहीदों के अदम्य साहस, पराक्रम और सर्वोच्च बलिदान को नमन किया। सभी स्थानों पर पुष्पांजलि अर्पित कर राष्ट्र की रक्षा में अपने प्राण न्योछावर करने वाले वीर सपूतों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई।

प्रदेशभर में आयोजित कार्यक्रमों के अंतर्गत भव्य बाइक रैलियां, देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, पूर्व सैनिकों एवं शहीद परिवारों का सम्मान, श्रद्धांजलि सभाएं तथा राष्ट्रभक्ति और राष्ट्रीय एकता को समर्पित जनजागरूकता अभियान चलाए गए। इन आयोजनों में युवाओं की उल्लेखनीय भागीदारी रही। जिससे नई पीढ़ी में देशभक्ति, अनुशासन और राष्ट्रसेवा की भावना को मजबूत करने का संदेश दिया गया। परिषद के पदाधिकारियों ने कहा कि कारगिल विजय दिवस केवल एक ऐतिहासिक सैन्य विजय का प्रतीक नहीं है। बल्कि उन अमर वीरों के शौर्य, त्याग और समर्पण को स्मरण करने का दिन है, जिन्होंने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रीय एकता तथा भारतीय सशस्त्र बलों के प्रति सम्मान और विश्वास की भावना को और अधिक सुदृढ़ करते हैं। कार्यक्रम के समापन पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने सभी जिला इकाइयों, पदाधिकारियों, पूर्व सैनिकों, कार्यकर्ताओं, सहयोगी संस्थाओं एवं नागरिकों का आभार व्यक्त करते हुए राष्ट्रहित एवं समाज सेवा के कार्यों में निरंतर सक्रिय रहने का संकल्प दोहराया।

# मानसून के दौरान बाढ़ एवं आपदा से निपटने जिला प्रशासन ने जारी किए हेल्पलाइन नंबर



**जलभराव की सूचना पर तत्काल करें संपर्क, कंट्रोल रूम 24 घंटे सतर्क**
**राहत एवं बचाव कार्यों के लिए जिला, अनुविभाग एवं तहसील स्तर पर सहायता केंद्र सक्रिय**

खैरागढ़ (दावा)। जिले में मानसून 2026 के दौरान संभावित बाढ़ एवं अन्य प्राकृतिक आपदाओं को देखते हुए जिला प्रशासन ने राहत एवं बचाव कार्यों के लिए महत्वपूर्ण हेल्प लाईन एवं कंट्रोल रूम के दूरभाष नंबर जारी किए हैं। नागरिकों से अपील की गई है कि किसी भी आपात स्थिति, बाढ़, जलभराव अथवा अन्य आपदा संबंधी सूचना मिलने पर तत्काल संबंधित कंट्रोल रूम अथवा अधिकारियों से संपर्क करें। जिला प्रशासन ने बताया कि राहत एवं बचाव दल पूरी तरह सतर्क हैं तथा आपात स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक तैयारियां कर ली गई हैं। आमजन से आग्रह है कि प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें। अफवाहों पर ध्यान न दें तथा आवश्यकता पड़ने पर निम्नलिखित हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क करें। जिला प्रशासन द्वारा जारी हेल्पलाइन के अनुसार किसी भी बाढ़ अथवा आपदा संबंधी आपात स्थिति में जिला बाढ़ नियंत्रण कक्ष के दूरभाष क्रमांक 07820-299631 पर संपर्क किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त पुलिस कंट्रोल रूम से 94792-47401 पर संपर्क किया जा सकता है। अनुविभागीय स्तर पर सहायता के लिए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), खैरागढ़ के दूरभाष क्रमांक 07820-299315 या 8839474206 तथा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) गण्डई-छुईखदान के दूरभाष क्रमांक 07743-263530 या 9407620657 उपलब्ध रहेंगे। इसी प्रकार तहसील स्तर पर तहसील खैरागढ़ के लिए 07820-224230, तहसील छुईखदान के लिए 07743-263503, तहसील गण्डई के लिए 07743-260506 तथा तहसील साल्हेवारा के लिए 07743-299647 या 9009832630 पर संपर्क कर आवश्यक सहायता एवं जानकारी प्राप्त की जा सकती है। जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी आपात स्थिति, बाढ़ या जलभराव की सूचना मिलने पर बिना विलंब इन हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क करें, ताकि राहत एवं बचाव कार्य समय पर सुनिश्चित किए जा सकें।

## सरस्वती शिशु मंदिर लाल बहादुर नगर में धूमधाम से मना गुरु पूर्णिमा

डोंगरगढ़ (दावा)। सरस्वती शिशु मंदिर लाल बहादुर नगर में गुरु पूर्णिमा का पर्व अत्यंत श्रद्धा और उत्साह के साथ धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पूजन-अर्चन के साथ किया गया।



इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डालचंद यादव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए गुरु की महिमा का विस्तार से बखान किया। उन्होंने कहा कि गुरु ही शिष्य के जीवन में अज्ञानता का अंधकार मिटाकर ज्ञान का प्रकाश फैलाते हैं। वहीं आचार्य भगवानी पटेल ने भी गुरु के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को संमार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में साथी राम दीदी ने विद्यार्थियों को संबोधित किया तथा संध्या दीदी ने बच्चों को अपने प्रेरणादायी आशीर्वचन प्रदान किए। इस दौरान इस पावन आयोजन में हनुमत धाम गुड, सुभाष बंजारे, गिरवर सिंह, जागृति, सनी, यशोदा वर्मा, नेहा नेमे, सोमेश्वरी, ज्योति एवं यादव दीदी सहित विद्यालय के समस्त आचार्य, दीदीजी एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# बुंदेली स्कूल में छात्राओं को नि:शुल्क सरस्वती साइकिल का वितरित



**छुईखदान (दावा)। छग शासन की महत्वाकांक्षी नि:शुल्क सरस्वती साइकिल वितरण योजना के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बुंदेली में कक्षा नवमीं में अध्ययनरत छात्राओं को नि:शुल्क सरस्वती साइकिलों का वितरण किया गया।**

योजना का उद्देश्य ग्रामीण एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बालिकाओं को विद्यालय आने-जाने की सुविधा उपलब्ध कराकर बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करना तथा उन्हें उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित करना है।

कार्यक्रम में शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अशोक पाल, ग्राम पंचायत के सरपंच दिवाकर सोनी तथा समिति के अन्य सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति में छात्राओं को साइकिलें वितरित की गई। साइकिल प्राप्त करते ही छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे और उन्होंने शासन के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य सी.आर. श्रीवास ने कहा कि शासन की यह योजना बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने छात्राओं से नियमित रूप से विद्यालय आने, मन लगाकर अध्ययन करने तथा अपने उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के लिए निरंतर प्रयास करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में व्याख्याता डॉ. सियाराम साहू, चंद्रेश जंघेल, प्रियंका श्रीवास्तव, रमेश मंडावी, वर्षा साहू, तनुजा नागदेवे, रितेश वर्मा सहित विद्यालय परिवार के सभी शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। यह प्रारूप स्थानीय समाचार पत्रों में प्रकाशित होने योग्य है और प्रेस विज्ञप्ति के रूप में सीधे उपयोग किया जा सकता है।

## अंबागढ़ चौकी में भाजपा में शामिल हुए युवा पत्रकार आफताब खान



अंबागढ़ चौकी (दावा)। भाजपा के संगठनात्मक अभियान के तहत अंबागढ़ चौकी के टाउन हॉल में आयोजित संगठनात्मक बैठक के दौरान युवा पत्रकार एवं छत्तीस किला टीम के सह-संपादक आफताब खान ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय की मौजूदगी में पार्टी पदाधिकारियों ने आफताब खान का पुष्पमाला पहनाकर और भाजपा का गमछा ओढ़ाकर स्वागत किया तथा उन्हें विधिवत सदस्यता दिलाई। बैठक में जिला, मंडल, शक्ति केंद्र और बूथ स्तर के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

इस दौरान भाजपा नेताओं ने कहा कि युवाओं के संगठन से जुड़ने से पार्टी को नई ऊर्जा मिलेगी और संगठनात्मक विस्तार को और गति मिलेगी। भाजपा के संगठनात्मक अभियान के बीच युवा पत्रकार आफताब खान का पार्टी में शामिल होना क्षेत्र के राजनीतिक हलकों में चर्चा का विषय बना हुआ है।

***हवाला मामले में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के करीबी केके श्रीवास्तव...***

जांच चल रही है। ईडी रिमांड के दौरान कथित हवाला नेटवर्क, धन के स्रोत, बैंकिंग ट्रांजेक्शन और मनी लाड्रिंग से जुड़े पहलुओं पर गहन पूछताछ करेगी। जांच एजेंसी यह भी पता लगाने का प्रयास करेगी कि कथित अवैध वित्तीय नेटवर्क कितना व्यापक है और इसमें किन-किन लोगों की भूमिका रही है। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

***अस्मिता डे और हर्ष सिंह ने रचा इतिहास, जूडो में भारत को लगातार...***

बढ़त बनाई और फिर अंत तक उसे बरकरार रखते हुए ऐतिहासिक स्वर्ण जीत लिया। 'गोल्डन डबल' लगाने उतरेंगे मुक्केबाज शुक्रवार को जैस्मीन, जादुमणि, अंकुश, प्रीति और अरुंधति ने अपने-अपने वर्ग के सेमीफाइनल मुकाबलों में एकतरफा जीत दर्ज की। शनिवार को ये सभी स्वर्ण पदक जीतने के लिए रिंग में उतरेंगे। 10 भारतीय मुक्केबाज सेमीफाइनल में पहुंचने के साथ पहले ही 2022 बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों की सफलता को पीछे छोड़ चुके हैं। बर्मिंघम में मुक्केबाजी में भारत को सात पदक मिले थे, जिनमें से तीन स्वर्ण पदक थे।

***आंध्रप्रदेश में 15.22 लाख मतदाताओं के नाम ड्राफ्ट वोटर....***

अंतिम मतदाता सूची में शामिल कर लिया जाएगा। अन्यथा उसका नाम सूची से हटा दिया जाएगा। चुनाव आयोग ने बताया कि इन मामलों को ASDD (Absent, Shifted, Dead and Duplicate) श्रेणी के तहत अलग से सूचीबद्ध किया जाएगा। इसमें अनुपस्थित या पता न चलने वाले, स्थायी रूप से स्थानांतरित, मृत तथा दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाताओं को शामिल किया गया है।

***कुलगाम में आतंकी हमला, छत्तीसगढ़ के प्रवासी मजदूरों पर गोलीबारी;...***

दिया है। छत्तीसगढ़ के एक और घायल मजदूर को तुरंत इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। पीड़ित परिवार के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं और मैं घायल के जल्द ठीक होने की प्रार्थना कर रहा हूं। जम्मू-कश्मीर प्रशासन और पूरा देश इन परिवारों के साथ खड़ा है।'

***छत्तीसगढ़ को मिलेंगे 10,500 रूपए करोड़ के यूरिया प्रोजेक्ट,....***

उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़, विशेषकर बस्तर और अन्य जनजातीय क्षेत्रों में औषधीय वनस्पतियों एवं पारंपरिक चिकित्सा ज्ञान की समृद्ध विरासत है। राष्ट्रीय स्तर के आयुर्वेद संस्थान की स्थापना से चिकित्सा, अनुसंधान, शिक्षा और औषधीय वनस्पतियों पर आधारित स्थानीय अर्थव्यवस्था के लिए नई संभावनाएं विकसित होंगी।

**5,542 गांवों तक पहुंच रहा विकास :** मुख्यमंत्री साय ने प्रधानमंत्री के समक्ष 'बस्तर विजन' की विस्तृत जानकारी रखते हुए बताया कि 'नियद नेल्ला नार 2.0' और 'बस्तर मुहिम' के माध्यम से बस्तर संभाग के 5,542 गांवों में शासन की योजनाओं और सेवाओं का व्यापक क्रियान्वयन किया जा रहा है जिससे लगभग 39 लाख लोग लाभान्वित हो रहे हैं। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि राशन, आयुष्मान भारत, जनधन खाते, वनाधिकार, प्रधानमंत्री आवास सहित केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। दूरस्थ और पूर्व में अत्यधिक संवेदनशील रहे गांवों में प्रशासन की पहुंच बढ़ने से शासन के प्रति विश्वास मजबूत हुआ है।

**ओरछा और जगरगुंडा में बनेंगी एजुकेशन सिटी :** मुख्यमंत्री साय ने प्रधानमंत्री को बस्तर में शिक्षा के क्षेत्र में आए परिवर्तन की जानकारी देते हुए बताया कि पूर्व में नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में वर्षों से बंद पड़े 421 स्कूलों को पुनः प्रारंभ किया गया है। जिन गांवों में कभी बच्चों के लिए नियमित शिक्षा तक पहुंच बड़ी चुनौती थी, वहां अब स्कूलों में फिर से पढ़ाई शुरू हुई है। उन्होंने बताया कि

## प्रथम पृष्ठ का शेष....

दंतेवाड़ा की तर्ज पर ओरछा और जगरगुंडा में नई एजुकेशन सिटी विकसित करने की दिशा में भी राज्य सरकार कार्य कर रही है। इसका उद्देश्य दूरस्थ एवं जनजातीय क्षेत्रों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आवासीय सुविधाएं और प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है।

**34 लाख से अधिक लोगों की स्वास्थ्य जांच :** मुख्यमंत्री साय ने स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार की जानकारी देते हुए बताया कि 'मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर अभियान' के अंतर्गत अब तक 34 लाख से अधिक लोगों की स्वास्थ्य जांच की जा चुकी है और आवश्यकता के अनुरूप उन्हें चिकित्सा सेवाओं से जोड़ा गया है। उन्होंने बताया कि बस्तर में चिकित्सा अधोसंरचना का लगातार विस्तार किया जा रहा है। जगदलपुर में सुपर स्पेशियलिटी चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार के साथ गीदम में मेडिकल कॉलेज के माध्यम से क्षेत्र में चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत किया जा रहा है। राज्य सरकार नए मेडिकल कॉलेजों और आधुनिक स्वास्थ्य अधोसंरचना के विकास की दिशा में भी तेजी से आगे बढ़ रही है।

**सड़क, रेल, बिजली और हवाई संपर्क से बदल रही बस्तर की तस्वीर :** मुख्यमंत्री साय ने कहा कि बस्तर के स्थायी विकास के लिए कनेक्टिविटी सबसे महत्वपूर्ण आधार है। इसी दृष्टि से सड़क, रेल, बिजली और हवाई संपर्क का तेजी से विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री को बताया कि लगभग 3,513 करोड़ की लागत से जगदलपुर-रावघाट रेललाइन परियोजना पर कार्य आगे बढ़ रहा है। इस रेल संपर्क से बस्तर के आर्थिक और सामाजिक विकास को नई गति मिलेगी। जगदलपुर से नियमित हवाई सेवाओं के विस्तार की दिशा में भी महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। मुख्यमंत्री साय ने रायपुर-विशाखापट्टनम एक्सप्रेस-वे के अंतिम चरण की प्रगति तथा इंद्रावती नदी पर प्रस्तावित बैराज परियोजना की जानकारी भी प्रधानमंत्री को दी। उन्होंने कहा कि बैराज परियोजना से लगभग 32 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे क्षेत्र के किसानों और कृषि आधारित अर्थव्यवस्था को बड़ा लाभ मिलेगा।

**बस्तर दशहरा को वैश्विक पर्यटन ब्रांड बनाने की दिशा में प्रयास :** मुख्यमंत्री साय ने बस्तर की अनूठी जनजातीय संस्कृति, परंपराओं और पर्यटन संभावनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि बस्तर दशहरा को वैश्विक पर्यटन ब्रांड के रूप में स्थापित करने की दिशा में योजनाबद्ध प्रयास किए जा रहे हैं। चित्रकोट और तीरथगढ़ जैसे विश्वस्तरीय प्राकृतिक पर्यटन स्थलों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर और प्रमुखता से स्थापित करने के लिए अधोसंरचना एवं सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बस्तर का विकास उसकी विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान और प्रकृति के संरक्षण के साथ किया जा रहा है, ताकि विकास का लाभ स्थानीय समुदायों तक पहुंचे और रोजगार एवं आजीविका के नए अवसर सृजित हों।

**बस्तर ओलंपिक में 4 लाख से अधिक युवाओं की भागीदारी :** मुख्यमंत्री साय ने कहा कि बस्तर ओलंपिक में 4 लाख से अधिक युवाओं की भागीदारी ने पूरे क्षेत्र में नई ऊर्जा और सकारात्मक वातावरण तैयार किया है। खेलों के माध्यम से युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मंच मिला है और शांति, विश्वास तथा सामाजिक सहभागिता को भी मजबूती मिली है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज बस्तर की नई पहचान खेल, संस्कृति, शिक्षा, पर्यटन, उद्यमिता और विकास से निर्मित हो रही है।

**छत्तीसगढ़ को मिले लगभग रु. 8 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव :** मुख्यमंत्री साय ने प्रधानमंत्री को राज्य में तेजी से बदल रहे औद्योगिक परिदृश्य की जानकारी भी दी। उन्होंने कहा कि औद्योगिक विकास नीति 2024-30 लागू होने के बाद छत्तीसगढ़ को लगभग ?8 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इनमें अनेक परियोजनाओं पर क्रियान्वयन की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में औद्योगिक विकास को परंपरागत क्षेत्रों से आगे बढ़ाकर भविष्य की अर्थव्यवस्था से जुड़े क्षेत्रों की ओर ले जाया जा रहा है। राज्य में पहली बार एआई डेटा सेंटर पार्क, सेमीकंडक्टर, हाइपरस्केल डेटा सेंटर, ग्लोबल बीपीओ, गारमेंट, चॉकलेट मैन्युफैक्चरिंग, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण तथा इंट्राऑक्यूलर लेंस निर्माण जैसे नए क्षेत्रों में निवेश आ रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन निवेशों से राज्य की अर्थव्यवस्था में विविधता आने के साथ युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार और कौशल विकास के अवसर भी निर्मित होंगे।

**निवेश अनुकूल वातावरण में छत्तीसगढ़ की राष्ट्रीय पहचान :** मुख्यमंत्री साय ने कहा कि निवेशकों के लिए पारदर्शी, सरल और भरोसेमंद व्यवस्था विकसित करने के प्रयासों के परिणामस्वरूप छत्तीसगढ़ ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी मजबूत पहचान बनाई है। नीति आयोग के इन्वेस्टमेंट फ्रेंडलीनेस इंडेक्स में नियामकीय सुगमता और संस्थागत वातावरण के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ को देश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। उन्होंने 'छत्तीसगढ़ ईज ऑफ डूइंग बिजनेस एक्ट-2026' की जानकारी देते हुए कहा कि राज्य ने उद्योगों और उद्यमियों के लिए जोखिम आधारित नियामकीय व्यवस्था, सेल्फ सर्टिफिकेशन और समयबद्ध अनुमतियों को कानूनी आधार प्रदान किया है। इससे निवेशकों को निश्चितता, पारदर्शिता और जवाबदेही पर आधारित व्यवस्था मिल रही है।

**अब 14 लाख और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का लक्ष्य :** मुख्यमंत्री साय ने महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में प्रदेश की उपलब्धियों की जानकारी देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ ने निर्धारित लक्ष्य से आगे बढ़कर 10.42 लाख महिलाओं को 'लखपति दीदी' बनाया है। अब अगले चरण में 14 लाख और महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लक्ष्य पर राज्य सरकार काम कर रही है। मुख्यमंत्री साय ने वर्ष 2027 में रायपुर में प्रस्तावित 'लखपति दीदी सम्मेलन' की जानकारी देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इसमें मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने का आमंत्रण दिया।

**एआई से तकनीक आधारित सुशासन की ओर छत्तीसगढ़ :** मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ रु. 500 करोड़ के राज्य एआई मिशन के माध्यम से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित सुशासन की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। शासन की सेवाओं को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और नागरिक केंद्रित बनाने के साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और प्रशासन सहित विभिन्न क्षेत्रों में एआई के उपयोग की संभावनाओं पर कार्य किया जा रहा है।

***पीएम मोदी को गालियां देने वाली रुचिका सिंह के समर्थन में बोले...***

बिधूड़ी का उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि कैसे संसद के अंदर एक साथी सांसद के खिलाफ अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल किया गया था। उन्होंने उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के एक पुराने वायरल वीडियो का भी जिक्र किया, जिसमें वे कथित तौर पर एक मीडियाकर्मी के साथ गाली-गलौज करते हुए दिखे थे। दीपके ने सवाल किया कि क्या युवाओं के लिए एक कानून है और बीजेपी नेताओं के लिए कानूनी मापदंड अलग है। अभिजीत दीपके ने कहा कि गाली-गलौज करना कोई अपराध नहीं है। भले ही ऐसे व्यवहार को बुरा या गलत माना जाए, लेकिन उस व्यक्ति को समझा-बुझाकर ऐसा न करने के लिए कहा जा सकता है। लेकिन केस किस बात पर दर्ज किया जा रहा है? दीपके ने कहा कि अगर गाली-गलौज के आधार पर केस दर्ज किए जाएं, तो देश में सबसे ज्यादा स्न्ढ्ढक्रबीजेपी आईटी सेल और उन नेताओं के खिलाफ दर्ज होंगी जिन्होंने हाल के वर्षों में सार्वजनिक मंचों और संसद के अंदर मर्यादा की सीमाएं लांघी हैं।

# स्टेशन मुढ़ीपार स्कूल में व्यावसायिक शिक्षा की 2 लाख की अनुदान राशि लौटने का मामला गरमाया

**सीएम हेल्पलाइन की शिकायत पर जिला शिक्षा अधिकारी ने बैठाई जांच, पूर्व प्राचार्य पर वित्तीय लापरवाही और मनमानी के गंभीर आरोप**

राजनांदगांव (दावा)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्टेशन मुढ़ीपार (नवागांव) में व्यावसायिक शिक्षा के लिए शासन से प्राप्त 2 लाख की अनुदान राशि समय पर खर्च न होने के कारण शासन को वापस लौटने का मामला अब गरमा गया है। शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार तिवारी द्वारा की गई शिकायत पर संज्ञान लेते हुए जिला शिक्षा अधिकारी ने सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से निष्पक्ष जांच के आदेश दिए हैं।

जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार, सीएम हेल्पलाइन शिकायत क्रमांक सीसी260600031870 की तथ्यात्मक जांच के लिए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोमनी की प्राचार्या सविता अवस्थी को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। उन्हें शिकायतकर्ता की मौजूदगी में प्रकरण की जांच कर 3 दिनों के भीतर स्पष्ट अभिमत सहित प्रतिवेदन सौंपने के निर्देश दिए गए हैं।

### समय पर जानकारी न देने और राशि लैप्स होने का आरोप

शिकायतकर्ता जितेंद्र कुमार तिवारी का आरोप है कि दिसंबर 2025 में तत्कालीन प्राचार्य दिलीप कुमार वर्मा के कार्यकाल के दौरान प्रधानमंत्री व्यावसायिक शिक्षा योजना के तहत सहायक शिक्षण सामग्री क्रय करने हेतु 2 लाख की राशि स्वीकृत हुई थी। आरोप है कि प्राचार्य ने इस राशि की जानकारी समय पर समिति को नहीं दी। फरवरी 2026 के अंतिम सप्ताह में बैठक के दौरान जानकारी सामने आने पर समिति ने सामग्री क्रय का प्रस्ताव पारित किया। 2 मार्च 2026 को अध्यक्ष द्वारा पूछे जाने पर प्राचार्य ने खरीदी व भुगतान पूर्ण होने का दावा किया, लेकिन निर्धारित समय-सीमा में प्रक्रिया पूरी न होने के कारण 10 मार्च 2026 को पूरी 2 लाख की राशि शासन को वापस लौट गई।

समिति अध्यक्ष ने कहा कि प्राचार्य की इस गंभीर वित्तीय व प्रशासनिक लापरवाही के कारण विद्यालय के विद्यार्थी आधुनिक व्यावसायिक शिक्षण संसाधनों से वंचित रह गए।

### शैक्षणिक व्यवस्था में गड़बड़ी व प्रस्तावों की अनदेखी का भी आरोप

शिकायत में विद्यालय की आंतरिक शैक्षणिक व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल उठाए गए हैं। आरोप है कि सामाजिक विज्ञान के शिक्षक उपलब्ध होने के बावजूद उन्हें सीमित कालखंड दिए गए, जबकि संस्कृत विषय की शिक्षिका से कक्षा 9वीं में सामाजिक विज्ञान पढ़वाया जा रहा है। 16 अप्रैल 2026 को शाला विकास समिति की बैठक में विषयवार अध्यापन सुनिश्चित करने, परीक्षा प्रभारी बदलने और प्रत्येक व्याख्याता को न्यूनतम 4 पीरियड देने का प्रस्ताव पारित हुआ था। जिस पर अब तक कोई अमल नहीं किया गया।

### जांच रिपोर्ट पर टिकी नजरें

जिला शिक्षा अधिकारी के कड़े रुख के बाद अब इस पूरे मामले की आधिकारिक जांच शुरू हो गई है। जांच अधिकारी द्वारा रिपोर्ट सौंपे जाने के बाद शिक्षा विभाग द्वारा संबंधित के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। इस घटनाक्रम से जिले के शिक्षा जगत और अभिभावकों में हड़कंप व्याप्त है।

# फिरोज अंसारी होंगे निर्विरोध अध्यक्ष, भूषण साव, दौलत चंदेल व आशा थॉमस उपाध्यक्ष



**जिला हॉकी संघ की नामांकन प्रक्रिया पूर्ण; 15 पदों के लिए प्राप्त हुए 18 नामांकन, आज होगी नाम वापसी**

राजनांदगांव (दावा)। जिला हॉकी संघ के नए अध्यक्ष फिरोज अंसारी होंगे। आज जिला हॉकी संघ के अध्यक्ष सहित 15 पदो के लिए नामांकन भरने का दिन था। पूर्वान्ह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक म्युनिस्पिल स्कूल ग्राउंड स्थित छत्तीसगढ हॉकी संघ के कार्यालय में अध्यक्ष पद के लिए 1, उपाध्यक्ष के लिए 4, (1 महिला) सचिव के लिए 2 सह-सचिव के लिए 4 (1महिला) कोषाध्यक्ष के लिए 1 कार्याकारिणी के लिए 6 (1 महिला) नामांकन प्राप्त हुए है।

निर्वाचन अधिकारी वरिष्ठ अधिवक्ता गुनेंद्र साव एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी सुधांशु जोशी और प्रवीण चन्द्रवंशी के समक्ष आज संघ के अध्यक्ष पद हेतु फिरोज अंसारी ने नामांकन दाखिल किया। इस पद पर और किसी अन्य ने नामांकन नही भरा जिसकी वजह से इस पद में चुनाव की स्थिति निर्मित नही हुई और श्री अंसारी निर्विरोध निर्वाचित हुए। इसी तरह संघ के उपाध्यक्ष (कुल 4 पद) हेतु भुषणलाल साव, आशा थॉमस, शिवनारायण धकेता, दौलत सिंह चंदेल कुल 04 लोगों ने नामांकन भरा है। सचिव (1 पद) के लिए शिव नारायण धकेता, वीरेंद्र सिंह भाटिया 2 लोगों से नामांकन प्राप्त हुआ है। सह-सचिव के लिए महेन्द्र सिंह ठाकुर, बबिता लिल्हारे, अनुराज श्रीवास्तव, गुणवंत पटेल, 4 फार्म प्राप्त हुआ है। वहीं कोषाध्यक्ष के लिए वीरेंद्र सिंह भाटिया तथा कार्यकारिणी सदस्य (05 पद) के लिए कुमार स्वामी, गुणवंत पटेल, गणेश प्रसाद शर्मा, शबनम बानो, संदीप सिंह ग्रेवाल, व खुशाल यादव कुल 6 लोगो से नामांकन प्राप्त हुआ है। इस प्रकार सभी पदो के लिए कुल 18 नामांकन फॉर्म प्राप्त हुए हैं। उक्त चुनाव प्रक्रिया के तहत दिनांक 31 जुलाई 2026 को नामांकन वापसी की प्रक्रिया सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक किया जाएगा।

# बापू के साधकों ने श्रद्धा एवं भक्ति के साथ मनाया गुरुपूर्णिमा महापर्व


**हजारों श्रद्धालुओं ने किया गुरु-पादुका पूजन, मानस पूजन एवं गुरु-स्मरण**

राजनांदगांव (दावा)। भारतीय संस्कृति में गुरु पूर्णिमा (व्यास पूर्णिमा) गुरु के प्रति श्रद्धा, समर्पण, कृतज्ञता एवं आत्मचिंतन का पावन पर्व माना जाता है। गुरु को अज्ञान रूपी अंधकार से ज्ञान का प्रकाश देने वाला तथा जीवन को सही दिशा प्रदान करने वाला बताया गया है। इसी पावन अवसर पर पूज्य संत आशाराम बापू के साधकों ने मोहारा स्थित संत आशाराम आश्रम में अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ गुरु पूर्णिमा महापर्व मनाया।

लगातार हो रही वर्षा के बावजूद प्रातःकाल से ही जिले एवं आसपास के क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालुओं का आश्रम पहुंचना प्रारंभ हो गया। संपूर्ण आश्रम परिसर गुरु-भक्ति के वातावरण से गुंजायमान रहा। श्रद्धालुओं ने गुरु-पादुका पूजन, मानस पूजन, माला पूजन एवं गुरु-ध्यान कर अपने सद्गुरुदेव के प्रति श्रद्धा एवं कृतज्ञता अर्पित की। ध्यान एवं भक्ति में लीन अनेक साधक भाव-विभोर हो उठे और उनकी आंखों से बहते श्रद्धा के अश्रु गुरु-भक्ति की अनुपम अनुभूति का साक्षी बने। कार्यक्रम का शुभारंभ गुरु-वंदना एवं प्रार्थना से हुआ। इसके पश्चात श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से गुरु-पादुका पूजन, मानस गुरु-पूजन, जप-संकल्प तथा विश्वकल्याण की मंगलकामना की। कार्यक्रम के समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

श्री योग वेदांत सेवा समिति के अध्यक्ष रोहित चंद्राकर एवं कोषाध्यक्ष टीके चंद्राकर ने बताया कि पूज्य संत आशाराम बापू अपने सत्संगों में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर सदैव आत्मोन्नति, संयम, सत्य, सदाचार एवं ईश्वर-भक्ति का संदेश देते रहे हैं। उनका संदेश है-'लघु जीवन से ऊपर उठो। केवल भोग-विलास में जीवन व्यतीत करना मानव जीवन का उद्देश्य नहीं है।

# खैरागढ़ की कला को मिली नई पहचान


**एससीईआरटी की कक्षा 8वीं की पुस्तक में शामिल हुई कलाकार दंपति धरम नेताम और मनीषा नेताम की शैल-कलाकृतियां 0 धरम और मनीषा नेताम ने इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय के फाइन आर्ट से शिक्षा ग्रहण की है**

खैरागढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक राजधानी कहे जाने वाले खैरागढ़ की कला प्रतिभा को एक और बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद छत्तीसगढ़ द्वारा प्रकाशित कक्षा 8वीं की सहायक वाचन पुस्तक के 'गोंडवाना मरीन फॉसिल पार्क' पाठ में खैरागढ़ के कलाकार दंपति धरम नेताम एवं मनीषा नेताम द्वारा निर्मित शैल-कलाकृतयों को प्रमुखता से स्थान दिया गया है। किसी शैक्षणिक पाठ्य पुस्तक में स्थानीय कलाकारों की कृतियों का शामिल होना न केवल उनके लिए सम्मान की बात है, बल्कि पूरे खैरागढ़ की कला परंपरा के लिए भी गौरव का विषय है।

मनेंद्रगढ़ स्थित गोंडवाना मरीन फॉसिल पार्क आज देश के सबसे अनूठे जीवाश्म स्थलों में अपनी अलग पहचान रखता है। करोड़ों वर्ष पुराने समुद्री जीवाश्मों के बीच विकसित इस पार्क को कलात्मक रूप देने में खैरागढ़ के कलाकार दंपति का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। पार्क में प्राकृतिक चट्टानों पर उकेरी गई 37 विशाल शैल-कलाकृतियां धरम नेताम और मनीषा नेताम की रचनात्मक कल्पना, तकनीकी दक्षता और कठिन परिश्रम का परिणाम हैं। इन कलाकृतियों में डायनासोर, समुद्री जीवों और प्रागैतिहासिक जीवन की झलक अत्यंत प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत की गई है।

कलाकार धरम नेताम ने बताया कि इस परियोजना पर कार्य करना किसी चुनौती से कम नहीं था। प्राकृतिक चट्टानों को बिना उनकी मूल संरचना को नुकसान पहुंचाए कलात्मक रूप देना बेहद कठिन कार्य था। उन्होंने बताया कि करीब 90 दिनों की लगातार मेहनत, धैर्य और समर्पण के बाद इन कलाकृतियों को अंतिम स्वरूप दिया जा सका। हर शिल्प को तैयार करने से पहले जीवाश्मों, प्रागैतिहासिक जीवों और उनके वैज्ञानिक स्वरूप का अध्ययन किया गया, ताकि कला के साथ-साथ वैज्ञानिक तथ्य भी सुरक्षित रह सकें। धरम नेताम एवं मनीषा नेताम दोनों ने राजकुमारी इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ से अपनी कला शिक्षा प्राप्त की है। दोनों ने इसी विश्वविद्यालय से बैचलर ऑफ फाईन आर्ट्स करने के बाद वर्ष 2017 में मास्टर ऑफ आर्ट्स (स्कल्पचर) की उपाधि हासिल की। विश्वविद्यालय में अर्जित शिल्पकला की शिक्षा और वर्षों के अभ्यास ने उन्हें बड़े पैमाने पर शैल-शिल्प निर्माण की विशेष दक्षता प्रदान की। जिसका उत्कृष्ट उदाहरण गोंडवाना मरीन फॉसिल पार्क में देखने को मिलता है। खैरागढ़ लंबे समय से देश की कला और संस्कृति का प्रमुख केंद्र रहा है। यहां स्थित राजकुमारी इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय ने देश को अनेक प्रतिष्ठित कलाकार दिए हैं। धरम नेताम और मनीषा नेताम की यह उपलब्धि उसी समृद्ध परंपरा की एक नई कड़ी है। उनकी कलाकृतियों का राज्य की पाठ्य पुस्तक में शामिल होना आने वाली पीढ़ीयों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा और विद्यार्थियों को यह संदेश देगा कि समर्पण, रचनात्मकता और निरंतर अभ्यास से स्थानीय प्रतिभाएं भी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकती हैं।

# कांग्रेस कमेटी की बैठक में संगठन मजबूती पर मंथन अनुशासन और जनसंपर्क पर दिया गया जोर



खैरागढ़ (दावा)। स्थानीय राजपूत क्षत्रिय भवन में शहर कांग्रेस कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन को बूथ और वार्ड स्तर तक मजबूत करने जनसंपर्क अभियान तेज करने तथा निष्क्रिय कार्यकर्ताओं को पुनः सक्रिय करने जैसे अहम विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई।

शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरुण भारद्वाज के नेतृत्व में आयोजित इस बैठक में शहर के सभी 20 वार्डों के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक में प्रत्येक वार्ड अध्यक्ष को अपने-अपने क्षेत्र में नियमित जनसंपर्क करने जनता की समस्याओं को प्राथमिकता से उठाने तथा कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाने के निर्देश दिए गए। बैठक में कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने वार्डों की स्थिति, स्थानीय समस्याओं एवं संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर सुझाव भी रखे। वरिष्ठ नेताओं ने सभी सुझावों को गंभीरता से सुनते हुए सामूहिक रूप से कार्य करने और पार्टी के प्रति निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष कोमल दास साहू, शहर कांग्रेस अध्यक्ष अरुण भारद्वाज, विधायक प्रतिनिधि मनराखन तथा रज्जाक खान ने स्पष्ट कहा कि पार्टी में अनुशासनहीनता किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी। सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से पार्टी की गाईड लाईन एवं संगठन के निर्देशों का पालन करते हुए आपसी समन्वय और सहमति के साथ कार्य करने की अपील की गई।

नेताओं ने कहा कि केंद्र और प्रदेश कांग्रेस संगठन से प्राप्त निर्देशों के अनुरूप शहर कांग्रेस लगातार सक्रिय है। धरना-प्रदर्शन, घेराव, मशाल यात्रा, पुतला दहन सहित विभिन्न जनआंदोलनों में कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी संगठन की मजबूती का प्रमाण है। बैठक में आगामी नगर पालिका चुनाव को पूरी ताकत और एकजुटता के साथ लड़ने का संकल्प भी लिया गया। बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं में उत्साह देखने को मिला। वक्ताओं ने विश्वास जताया कि संगठन की एकजुटता, मजबूत जनसंपर्क और सक्रिय कार्यकर्ताओं के दम पर कांग्रेस आगामी नगर पालिका चुनाव में मजबूती के साथ मैदान में उतरेगी। बैठक में जितेन्द्र सिंह गौर, मयूरी सिंह, दीपक देवांगन, शेखर दास वैष्णव, यतेंद्रजीत सिंह, किशन रजक, पलाश सिंह, रविन्द्र सिंह गहरवार, पूरन सारथी, अमित सिंह, भरत चंद्राकर, मोहित भांडेकर, अनाम भोंडेकर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# खराब सड़क और खराब विद्युत प्रबंध के कारण निगम से बे-दखल हुई थी कांग्रेस- जमाल खान



**बाड़बोले नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले को जमाल खान ने दिलाया याद**

राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले द्वारा महापौर मधुसूदन यादव पर लगाए गए आरोपों का भाजपा ने तीखा जवाब दिया है। भाजपा सोशल मीडिया उत्तर मंडल के सहसंयोजक जमाल खान ने कहा कि खराब सड़क, बदहाल विद्युत व्यवस्था और मूलभूत सुविधाओं की अनदेखी के कारण जनता ने कांग्रेस को नगर निगम की सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाया था।

उन्होंने आरोप लगाया कि अब कांग्रेस जनता का विश्वास खोने के बाद अनर्गल बयानबाजी कर रही है। नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले द्वारा महापौर मधुसूदन यादव पर लगातार किए जा रहे हमलों पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा सोशल मीडिया उत्तर मंडल के सहसंयोजक जमाल खान ने कांग्रेस पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपने कार्यकाल की विफलताओं को छिपाने के लिए भाजपा पर बेबुनियाद आरोप लगा रही है। जबकि सच्चाई यह है कि खराब सड़कें, चरमराई बिजली व्यवस्था, सफाई और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं की बदहाली से परेशान जनता ने कांग्रेस को निगम की सत्ता से बेदखल कर दिया था। जमाल खान ने कहा कि नगर निगम चुनाव में जनता ने कांग्रेस को ऐसा जनादेश दिया कि आज वह सत्ता से दूर बैठकर केवल बयानबाजी करने तक सीमित रह गई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की यही राजनीतिक बेचैनी और सत्ता से दूर होने की पीड़ा नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले के बयानों में साफ दिखाई देती है। उन्होंने कहा कि महापौर मधुसूदन यादव के नेतृत्व में नगर निगम शहर के विकास और मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार कार्य कर रहा है। राज्य में भाजपा सरकार बनने के बाद कांग्रेस शासन के दौरान उपेक्षित विकास कार्यों को गति मिली है और शहर की अधूरी योजनाओं को पूरा करने की दिशा में गंभीर प्रयास किए जा रहे हैं। जमाल खान ने आरोप लगाया कि कांग्रेस शासन के दौरान शहर की सड़कें जर्जर हो गई थी। बिजली व्यवस्था लगातार प्रभावित रहती थी तथा सफाई और पेयजल जैसी आवश्यक सेवाओं को लेकर नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। भाजपा सरकार और वर्तमान निगम प्रशासन ने इन व्यवस्थाओं में सुधार कर नागरिकों को राहत पहुंचाने का काम किया है। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले को सलाह देते हुए कहा कि वे वर्तमान नगर निगम की तुलना पूर्व कांग्रेस महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख के कार्यकाल से करें।

उस समय उनके ही वार्ड में संक्रामक बीमारी फैलने की घटनाएं सामने आई थी तथा बिजली, सफाई और अन्य मूलभूत सुविधाओं को लेकर लगातार शिकायतें मिलती थी। जमाल खान ने कहा कि जनता सब कुछ देख रही है और विकास कार्यों के आधार पर ही अपना निर्णय देती है।

# विकसित भारत युवा कनेक्ट : कॉन्फ्लुएन्स कॉलेज में नशा मुक्त भारत अभियान का भव्य आयोजन

**विकसित भारत 2047 का सपना तभी होगा पूरा, जब युवा स्वस्थ और नशा मुक्त होंगे**




राजनांदगांव (दावा)। भारत सरकार के विकसित भारत @2047 के संकल्प को गति देने एवं युवाओं को नशे के विरुद्ध जागरूक करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं खेल एवं युवा कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार, माई भारत के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय में विकसित भारत युवा कनेक्ट कार्यक्रम-नशा मुक्त भारत का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम माँ सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम प्रारंभ हुआ।

इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य वक्ता विकसित भारत युवा सांसद विजेता, छत्तीसगढ़- दीपांशु नेताम, हार्टफुलनेस नशा मुक्त वारियर प्रियम श्रीवास्तव उपस्थित रहीं। अतिथि के रूप में पूर्णिमा साहू अध्यक्ष, राजगामी संपदा न्यास राजनांदगांव, कांति मौर्य समाजसेवी, महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ. मनीष जैन, प्राचार्य डॉ. रचना पांडे, नोडल अधिकारी एवं कार्यक्रम अधिकारी प्रो. विजय मानिकपुरी सहित समस्त प्राध्यापकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। वन्देमातरम एवं माई भारत गीत के साथ कार्यक्रम कि शुरुआत हुई एवं कार्यक्रम के दौरान नशा मुक्त भारत पर जागरूकता विडियो व माई भारत कि जर्नी विडियो को भी दिखाया गया।

कार्यक्रम के दौरान नशा मुक्त भारत के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कई रचनात्मक प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम संचालन करते हुए नोडल ऑफिसर एवं कार्यक्रम अधिकारी प्रो. विजय मानिकपुरी ने कहा कि आज के युवा ही कल का भारत हैं। कॉलेज का उद्देश्य सिर्फ डिग्री देना नहीं, बल्कि जिम्मेदार और संस्कारवान नागरिक बनाना भी है। इसी दिशा में हमने नशा मुक्त भारत अभियान को अपनाया है। नुक्कड़ नाटक, गीत और नृत्य के माध्यम से हमने विद्यार्थियों तक नशे के दुष्प्रभावों का संदेश पहुंचाने का प्रयास किया है। विद्यार्थियों द्वारा नशा मुक्ति पर आधारित देशभक्ति एवं प्रेरणादायक गीत प्रस्तुत कर युवाओं में सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया गया। नशा मुक्त भारत थीम पर विद्यार्थियों द्वारा सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया गया। जिसे दर्शकों ने खूब सराहा।

प्राचार्य डॉ. रचना पांडेय ने कहा इस तरह के कार्यक्रम युवाओं में राष्ट्र निर्माण की भावना जगाते हैं और उन्हें सही दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। भारत सरकार कि नशा मुक्त अभियान बहुत ही सराहनीय प्रयास है। जो युवाओ में निश्चित रूप से परिवर्तन लायेगा और परिवार एवं समाज नशा मुक्त होगा। नशा मुक्त वारियर प्रियम श्रीवास्तव ने कहा कि विकसित भारत का निर्माण तभी संभव है। जब हमारा युवा शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ हो। नशा हमारे सपनों का सबसे बड़ा दुश्मन है। पूर्णिमा साहू ने ध्यान एवं सकारात्मक सोच के माध्यम से नशे से मुक्ति के उपाय बताए। डायरेक्टर डॉ. मनीष जैन ने शिक्षा और जागरूकता ही नशा मुक्ति का सबसे बड़ा हथियार है कहा और नशा मुक्त भारत अभियान युवाओं के बीच आयोजित करने से निश्चित रूप से परिवर्तन आएगा। जिसके साक्षी आज उपस्थित ए सैकड़ो युवा है। कार्यक्रम के अंत में विद्या साहू एवं टीम ने सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अतिथियों को नशा मुक्त भारत की सामूहिक शपथ दिलाई। सभी ने संकल्प लिया कि वे स्वयं नशा नहीं करेंगे और समाज को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करेंगे।

# स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत जन शिक्षण संस्थान ने निकाली स्वच्छता जागरुकता रैली




राजनांदगांव (दावा)। कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान करने वाली संस्था जनशिक्षण संस्थान, राजनांदगांव द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत समीपस्थ ग्राम रवेली में स्वच्छता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का उद्देश्य ग्रामीणों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण के निर्माण के लिए जनसहभागिता को प्रोत्साहित करना था। रैली में संस्थान के प्रशिक्षुओं, अधिकारियों एवं ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने स्वच्छता संबंधी प्रेरक नारों के माध्यम से लोगों को अपने घर, आसपास के वातावरण एवं सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने का संदेश दिया। रैली के दौरान ग्रामीणों से प्लास्टिक के अनावश्यक उपयोग से बचने, कचरे का उचित निपटान करने तथा स्वच्छता को दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का आग्रह किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि अधिवक्ता एवं पूर्व जिला लोकपाल अमलेंदु हाजरा ने अपने संबोधन में कहा कि स्वच्छता केवल व्यक्तिगत आदत नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी भी है। उन्होंने सभी से अपने घर, गांव और सार्वजनिक स्थानों की नियमित सफाई करने तथा स्वच्छता के प्रति दूसरों को भी प्रेरित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जन शिक्षण संस्थान के निदेशक झालम सिंह ने जीवन में स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वच्छ वातावरण ही स्वस्थ समाज की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता अपनाकर अनेक बीमारियों से बचा जा सकता है तथा समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने स्वच्छता बनाए रखने तथा अपने आसपास के लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी अशरफ खान, प्रशिक्षिका नोमिन चंद्राकर, पंच गायत्री साहू प्राथमिक शाला के बच्चे एवं काफी संख्या में प्रशिक्षार्थी उपस्थित थे।

# मेहनतकश श्रमिकों के जीवन में शासन की योजनाएं ला रही महत्वपूर्ण परिवर्तन विस अध्यक्ष : डॉ. रमन सिंह



- पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम में भव्य श्रमिक सम्मेलन व हितग्राही राशि वितरण कार्यक्रम संपन्न
- 1802 हितग्राहियों के खातों में डीबीटी के माध्यम से 3.43 करोड़ रुपये की राशि अंतरित
- जिले में श्रमिकों के पंजीयन का लक्ष्य एक वर्ष में दोगुना करने के दिए कड़े निर्देश

**राजनांदगांव (दावा)।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम राजनांदगांव में आयोजित श्रमिक सम्मेलन एवं श्रम विभाग की जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत हितग्राहियों को राशि वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत 1802 हितग्राहियों को 3 करोड़ 43 लाख 74 हजार 970 रूपए की राशि डीबीटी के माध्यम से बैंक खाते में हस्तांतरित किया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि श्रम विभाग की विभिन्न योजना अंतर्गत राजनांदगांव जिले के श्रमिक हितग्राहियों के खाते में डीबीटी के माध्यम से राशि अंतरित की गई है। प्रदेश की आबादी जिसमें 45 प्रतिशत हिस्सा संगठित एवं असंगठित क्षेत्र के श्रमिक हैं। जिनके लिए शासन द्वारा विभिन्न योजनाएं प्रारंभ की गई। जिसका उद्देश्य झुग्गी, झोपड़ी में रहने वाले, मेहनत करने वाले, ईट-पत्थर उठाने वाले, सड़क, पुल-पुलिया एवं भवन निर्माण करने वाले, तेंदूपत्ता संग्राहक, खेती-किसानी एवं मजदूरी करने वाले मेहनतकश श्रमिकों के जीवन में परिवर्तन लाने के लिए शुरू की गई थी एवं सहायता राशि का प्रावधान किया गया था।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना अंतर्गत छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के बोर्ड परीक्षा में प्रावीण्य सूची के प्रथम 10 में आने पर 1 लाख रूपए की प्रोत्साहन राशि तथा दो पहिया वाहन क्रय किए जाने हेतु 1 लाख रूपए अनुदान राशि प्रदान की जाती है। इसके साथ ही दीदी ई-रिक्शा सहायता योजना अंतर्गत गुणवत्तायुक्त ई-रिक्शा लिए अधिकतम 1 लाख 50 हजार रूपए का अनुदान दिया जाता है। उन्होंने अधिकारियों को जिले में श्रमिकों के पंजीयन का लक्ष्य बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अभी वर्तमान में छत्तीसगढ़ भवन एव अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल अंतर्गत राजनांदगांव में 1 लाख 53 हजार 383 श्रमिक पंजीकृत है। वहीं छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल में 1 लाख 18 हजार 608 श्रमिक पंजीकृत है। उन्होंने कहा कि श्रम विभाग की क्षमता एवं संभावनाओं से परिचित है। इसके अनुरूप जिले में श्रमिकों का पंजीयन 1 वर्ष बाद दोगुना करने के निर्देश दिए। जिला पंचायत के माध्यम से हर ग्राम पंचायत में शिविर लगाकर श्रमिकों का पंजीयन बढ़ाने के निर्देश दिए।

छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अध्यक्ष रामप्रताप सिंह ने कहा कि गांव, गरीब, किसान, मजदूरी के हित के लिए सरकार निरंतर कार्य कर रही है। लाखों परिवारों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। श्रमिक परिवारों को 886 करोड़ रूपए की सहायता प्रदान की गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में गांव, गरीब, किसान, मजदूरी के हित में निरंतर कार्य किए जा रहे है। श्रमिकों के बच्चों के लिए अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना प्रारंभ की गई है। जिसके तहत निर्माण श्रमिकों के प्रथम दो बच्चों को कक्षा 6वीं से 12वीं आवासीय विद्यालयों में गुणवत्तायुक्त निःशुल्क शिक्षा प्रदान किया जाता है। श्रमिकों को रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। वहीं पात्र श्रमिक शासन की योजनाओं से वंचित न हो इसके लिए लाभ पहुंचाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल के अध्यक्ष योगेश दत्त मिश्रा ने कहा कि राजनांदगांव जिले में श्रमिकों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल रहा है। श्रमिकों के कल्याण के लिए सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं को लागू किया गया है। उन्होंने कहा कि छात्रवृत्ति एवं विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से श्रमिकों के हित के लिए कार्य किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में शिविर लगाकर श्रमिक पंजीयन करने से उन्हें शासन की योजनाओं का लाभ मिलेगा।

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि श्रम विभाग की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए श्रमिक सम्मेलन का आयोजन किया गया है। जिले में छत्तीसगढ़ भवन एव अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल अंतर्गत राजनांदगांव में 1 लाख 53 हजार 383 श्रमिक पंजीकृत है। वहीं छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल में 1 लाख 18 हजार 608 श्रमिक पंजीकृत है। श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत 1802 हितग्राहियों को 3 करोड़ 43 लाख 74 हजार 970 रूपए की राशि डीबीटी के माध्यम से बैंक खाते में हस्तांतरित किया गया है। शासन की यह लाभप्रद योजनाएं महत्वपूर्ण स्तंभ की तरह है। जिससे स्वास्थ्य, शिक्षा एवं विभिन्न आयामों में जनमानस को लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि मिनीमाता महतारी जतन योजना अंतर्गत गर्भवती माताओं को 2 प्रसव के लिए एक मुश्त 20 हजार रूपए की सहायता राशि प्रदान की जाती है। यह गर्भवती माताओं के बच्चों के लिए कुपोषण को दूर करने के लिए महत्वपूर्ण योजना है। वही महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रूपए की राशि प्राप्त हो रही है, जो महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा योजना, अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना, मुख्यमंत्री नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना, सियान सहायता योजना, मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना, दीदी ई-रिक्शा सहायता योजना सहित विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि स्वनिधि योजना के तहत समूह की महिलाओं को ऋण प्रदान किया जा रहा है। छोटी-छोटी बातें जीवन में बदलाव लाती है। शासन की योजनाओं के माध्यम से जनमानस के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आ रहे हैं। इस दौरान श्रम विभाग अंतर्गत हितग्राहियों ने शासन की विभिन्न योजनाओं अंतर्गत अपने अनुभव साझा किए। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव, राजगामी संपदा न्यास की अध्यक्ष श्रीमती पूर्णिमा साहू, वन मंडलाधिकारी आयुष जैन, जिला पंचायत सीईओ दुर्गा प्रसाद अधिकारी, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती शीतल बंसल, सहायक आयुक्त श्रम विभाग समीर मिश्रा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में हितग्राही व जनसामान्य उपस्थित थे।

## ई-रिक्शा में बैठकर 'स्पीकर हाउस' के लिए रवाना हुए डॉ. रमन सिंह



- नया ढाबा निवासी सरिता वर्मा के ई-रिक्शा की सवारी कर बढ़ाया श्रमिक महिलाओं का हौसला
- महिलाएं अब चला रहीं गाड़ियां और उड़ा रहीं हवाई जहाज, हो रही हैं सशक्त : डॉ. रमन सिंह

राजनांदगांव (दावा)। संवेदनशील विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम राजनांदगांव में आयोजित श्रमिक सम्मेलन में आयी नया ढाबा की हितग्राही ई-रिक्शा चलाने वाली दीदी श्रीमती सरिता वर्मा के ई-रिक्शा में बैठकर स्पीकर हाऊस के लिए रवाना हुए। ई-रिक्शा चालक दीदी श्रीमती सरिता वर्मा के चेहरे पर खुशी झलक रही थी। डॉ. रमन सिंह ने कहा कि आज के समय में महिलाएं सायकिल, मोटर सायकिल, कार यहां तक की पायलेट बनकर हवाई जहाज भी चला रही हैं। महिलाओं ने शिक्षा के साथ ही सक्षम एवं सशक्त, आत्मनिर्भर बनने की दिशा में कदम बढ़ाएं हैं। विधानसभा अध्यक्ष ने श्रमिक महिलाओं का हौसला बढ़ाया। इस दौरान ई-रिक्शा में उनके साथ जिला पंचायत सीईओ दुर्गा प्रसाद अधिकारी एवं सुमीत उपाध्याय उपस्थित रहे। गौरतलब है कि शासन की विभिन्न जनहितकारी योजनाओं से जनमानस की जिंदगी बदल रही है और सामाजिक परिवर्तन एवं जागृति दिखाई दे रही है। जिसकी एक बानगी श्रमिक सम्मेलन में दिखाई दी। श्रमिक महिलाओं ने अपने अनुभव साझा किए। श्रमिक सम्मेलन के दौरान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने वहां आयी हितग्राही ई-रिक्शा चालक दीदी श्रीमती उषा साहू से बातचीत की। उन्होंने शिक्षा के बारे में जानकारी ली और कहा कि 10वीं के बाद आगे की पढ़ाई जरूर जारी रखें। विधानसभा अध्यक्ष ने श्रीमती उषा साहू के पति से पूछा कि पत्नी जब ई-रिक्शा चलाती है, तो डर तो नहीं लगता। उनके पति भावेश साहू ने बताया कि उन्होंने अपनी पत्नी को ई-रिक्शा चलाना सिखाया है और उसे प्रोत्साहित करते हैं। जिससे उनका घर-परिवार आर्थिक तौर पर मजबूत बनेगा और बचत भी होगी।

# जीत का मंत्र : मजबूत बूथ, योजनाओं का तंत्र






- भाजपा जिला कार्यसमिति की बैठक सोमनी में संपन्न, शामिल हुए क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल
- अंतिम छोर के हितग्राही तक पहुंचे लाभ, 2047 के विकसित भारत का सपना करें साकार : अजय जामवाल
- डॉ. रमन सिंह ने 1992 में अटल जी के प्रवास का प्रेरक संस्मरण सुनाकर कार्यकर्ताओं में भरा जोश

**राजनांदगांव (दावा)।** हमारे कार्यकर्ता बूथ पर मेहनत करते हैं और हम बूथ को जीतने के साथ ही चुनाव जीत जाते हैं...। पर अभी हमें बूथ पर पहले से ज्यादा काम करना है और कार्यक्रमों का आयोजन कर लोगों को जोड़ना है। सरकार की योजनाओं से अंतिम छोर के हितग्राहियों को लाभ दिलाना हमारा परम दायित्व है। यही सफलता का मंत्र है, जिसकी बदौलत हम मोदी जी के 2047 'विकसित भारत' के लक्ष्य को हासिल करने में योगदान दे सकते हैं। यह विचार भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने शुक्रवार को सोमनी स्थित ब्लिस होटल में आयोजित भाजपा जिला कार्यसमिति की बैठक को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

### संपर्क, संवाद और समन्वय के साथ बढ़ें आगे

श्री जामवाल ने कहा कि पार्टी आज जिस शिखर पर है, वह वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की मेहनत और त्याग का परिणाम है। केंद्र की मोदी सरकार और राज्य की विष्णुदेव साय सरकार की जनहितकारी योजनाओं का लाभ हर वर्ग तक पहुंच रहा है। हमें लाभार्थियों से निरंतर संपर्क कर उन्हें पार्टी की विचारधारा से जोड़ना है। संपर्क, संवाद और समन्वय ही हमारी सफलता का आधार है।

### जिले की सभी सीटें जीतने का लक्ष्य : डॉ. रमन

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कार्यकर्ताओं में उत्साह भरते हुए कहा कि आने वाले चुनावों में जिले की चारों सीटें जीतकर इतिहास रचना है। उन्होंने 1980 के दशक की अपनी पुरानी यादें साझा कीं और 1992 का एक अविस्मरणीय प्रसंग सुनाया। जिसमें 1992 में कवर्धा प्रवास के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी का वाहन खराब हो गया था और उन्हें रात्रि विश्राम कवर्धा में करना पड़ा। मेरे आग्रह पर अटल जी ने सुबह 7 बजे सभा करने की शर्त रखी कि पर्याप्त भीड़ होगी तभी 5 मिनट बोलूँगा। इस चुनौती को स्वीकार कर हमने रातभर में लोगों को जुटाया। अगली सुबह कवर्धा के गोल चौक पर ऐसी ऐतिहासिक भीड़ उमड़ी कि अटल जी ने 5 की जगह 18 मिनट तक ओजस्वी संबोधन दिया। डॉ. रमन सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार के कार्यकाल का ढाई वर्ष पूर्ण हुआ है और अधिकांश वादे पूरे कर लिए गए हैं। जिससे भाजपा और बड़ी जीत दर्ज करेगी।

### जनता के सुख-दुख में रहूँगा साथ : गजेंद्र यादव

जिले के प्रभारी मंत्री गजेंद्र यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का मान विश्वभर में बढ़ा है। आगामी 2 अगस्त को नशा मुक्ति अभियान का आगाज होने जा रहा है। उन्होंने घोषणा की कि वे माह में तीन दिन विधानसभा के कार्यकर्ताओं एवं आम जनता से मिलकर उनका सुख-दुख साझा करेंगे। बैठक में प्रमुख रूप से संभाग प्रभारी जगन्नाथ पाणिग्रही, जिला प्रभारी जितेंद्र वर्मा, खूबचंद पारख, संतोष अग्रवाल, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, महापौर मधुसूदन यादव, जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने मंडल, शक्ति केंद्र व बूथों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन तरुण लहरवानी व डिकेश साहू ने किया तथा आभार प्रदर्शन कोषाध्यक्ष भावेश बैद ने किया। बैठक में वरिष्ठ नेता, जिला पदाधिकारी एवं मोर्चा-प्रकोष्ठों के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए।

# ब्लाइंड चोरी का सनसनीखेज खुलासा : नागपुर के दो शातिर चोर गिरफ्तार

### कौरिनभांठा के सूने मकान में की थी चोरी, जेवर गलाकर बना दिया था सोने का डल्ला



राजनांदगांव (दावा)। शहर के कौरिनभांठा इलाके में स्थित एक सूने मकान में हुई ब्लाइंड चोरी का खुलासा करते हुए राजनांदगांव पुलिस ने अंतर्राज्यीय गिरोह के दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से गला हुआ सोना (डल्ला), चांदी के जेवर, सिक्के और अन्य मशरूका बरामद कर उन्हें जेल भेजा जा रहा है।

**o रायपुर गए थे गृहस्वामी, लौटकर देखा तो टूटा था ताला**

कौरिनभांठा निवासी उमाशंकर साहू 13 जुलाई को पत्नी के साथ नवा रायपुर गए थे। 17 जुलाई की रात जब वे वापस लौटे तो घर के मुख्य द्वार का ताला और अलमारी के लॉकर टूटे मिले। लॉकर में रखे सोने-चांदी के जेवर व 80,000 नगद (कुल कीमत लगभग 2.48 लाख रुपये) गायब थे। पीड़िता की रिपोर्ट पर बसंतपुर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू की थी।

थाना प्रभारी कौशलेश देवांगन और साइबर थाना प्रभारी विनय पम्मार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने शहरभर के सैकड़ों सीसीटीवी कैमरों का सूक्ष्म विश्लेषण किया। तकनीकी साक्ष्यों से पता चला कि आरोपी चोरी करने के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग से महाराष्ट्र की ओर भागे हैं। सुराग मिलते ही पुलिस टीम नागपुर (महाराष्ट्र) के लिए रवाना हुई और घेराबंदी कर दो संदेहियों को धर दबोचा। गिरफ्तार आरोपियों में रमाकांत उर्फ रामभाऊ उम्र 28 वर्ष निवासी यशोधरा नगर नागपुर व वाल्सल सातपुटे उम्र 26 वर्ष, निवासी यशोधरा नगर, नागपुर आदि है।

कड़ाई से पूछताछ में आरोपियों ने सूने मकान में चोरी करना कबूल किया। अपनी पहचान छुपाने की नीयत से आरोपियों ने चोरी किए गए सोने के आभूषणों को गलाकर 35 ग्राम का सोने का डल्ला बना लिया था। पुलिस ने सोने के डल्ले के अलावा चांदी की पायल, बिछिया, 19 नग चांदी के सिक्के और नगदी बरामद की है। जांच में सामने आया कि मुख्य आरोपी रमाकांत उर्फ रामभाऊ के खिलाफ पूर्व में भी बसंतपुर और लालबाग थाने में चोरी के कई मामले दर्ज हैं।


**दैनिक दावा**

**मासिक बिल**

माह- जुलाई 2026

| प्रति दिन | दर | राशि |
|---|---|---|
| 31 दिन | 4 रू. प्रति | 124/- |
| | योग | 124 रू. |

व्यवस्थापक


# एमबीबीएस इंटर्न डॉक्टरों का राज्यव्यापी सांकेतिक प्रदर्शन : स्टाइपेंड 15,900 से बढ़ाकर 30,000 करने की मांग

- शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव में करीब 250 डॉक्टरों ने किया शांतिपूर्ण प्रदर्शन
- मजदूर से भी कम है दैनिक मानदेय, सोमवार तक मांग पूरी न होने पर ओपीडी सेवाओं का करेंगे बहिष्कार



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ के सभी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों (जीएमसी) के एमबीबीएस 2021 बैच के इंटर्न डॉक्टरों द्वारा 31 जुलाई को पूरे प्रदेश में एक साथ शांतिपूर्ण सांकेतिक प्रदर्शन आयोजित किया गया। यह राज्यव्यापी आंदोलन लंबे समय से लंबित इंटर्न स्टाइपेंड संशोधन की ओर राज्य सरकार का ध्यान आकर्षित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। इसी क्रम में शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव के अस्पताल परिसर में शाम 5 बजे जोरदार प्रदर्शन किया गया। इस प्रदर्शन में लगभग 200 से 250 इंटर्न डॉक्टरों, मेडिकल विद्यार्थियों, पोस्टग्रेजुएट रेजिडेंट डॉक्टरों एवं यूजी बॉन्डेड डॉक्टरों ने एकजुट होकर अपनी आवाज उठाई।

### स्वास्थ्य मंत्री से 5 बार हो चुकी है चर्चा : आईएमए/एमएसएन

इस अवसर पर आईएमए/एमएसएन छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष शाहदिल खुसरू ने कहा कि इंटर्न स्टाइपेंड वृद्धि का विषय पूर्व में पांच बार माननीय स्वास्थ्य मंत्री के समक्ष उठाया जा चुका है। उन्होंने राज्य सरकार से शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेते हुए स्टाइपेंड को 15,900 से बढ़ाकर 30,000 प्रतिमाह करने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि आईएमए/एमएसएन, आईएमए/जेडीएन, जेडीए एवं जेयूडीए सहित चिकित्सा क्षेत्र के सभी प्रमुख संगठन इंटर्न डॉक्टरों की इस न्यायोचित मांग के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं।

### प्रमुख मांगें एवं नाराजगी के कारण

वर्तमान 15,900 प्रतिमाह के स्टाइपेंड को बढ़ाकर 30,000 प्रतिमाह किया जाए। क्योंकि पिछले 3 वर्षों से इसमें कोई वृद्धि नहीं हुई है। इंटर्न डॉक्टरों का कहना है कि वे 24 घंटे मरीजों की देखभाल, इमरजेंसी सेवाओं और वार्ड प्रबंधन में अस्पताल की रीढ़ की हड्डी की तरह काम करते हैं। इसके बावजूद उनका दैनिक मानदेय एक सामान्य मजदूर से भी कम बैठता है।

### सोमवार के बाद ओपीडी बहिष्कार की चेतावनी

प्रदर्शनकारियों ने सरकार को अल्टीमेटम देते हुए चेतावनी दी है कि यदि सोमवार तक उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता, तो वे आंदोलन को उग्र करने पर बाध्य होंगे। ओपीडी एवं अन्य नियमित गैर-आपातकालीन सेवाओं का बहिष्कार किया जाएगा। हालांकि मरीजों के हित को ध्यान में रखते हुए आपातकालीन सेवाएं पूर्ववत जारी रहेंगी। यह आंदोलन किसी सरकार या प्रशासन से टकराव का नहीं, बल्कि सम्मानजनक स्टाइपेंड, युवा डॉक्टरों के आत्मसम्मान और उनके न्यायोचित अधिकार की मांग का शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक प्रयास है।

# मुखर होकर कांग्रेस का विरोध करने वाले भाजपा कार्यकर्ताओं ने पार्टी से दूरी बनाई, 111 के बाद आज 26 सक्रिय कार्यकर्ताओं ने दिया इस्तीफा



क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल के कार्यकर्त्ता सम्मेलन से रवाना होते ही भाजपा में फूटा बम

डोंगरगढ़ (दावा)। चुनाव के दौरान जिन कार्यकर्ताओं के दम पर भाजपा के अधिकृत प्रत्याशियों का प्रचार-प्रसार किया जाता था। उनमें से अधिकांश कार्यकर्ताओं ने भाजपा की प्राथमिक सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया है। गत दिनों 111 भाजपा कार्यकर्ताओं ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से त्यागपत्र देकर सोशल मीडिया में जानकारी सार्वजनिक की थी। जिला भाजपा संगठन द्वारा कार्यकर्ताओं की भावना को तवज्जो नहीं मिलने से नाराज होकर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला मंत्री बलविंदर सिंह भाटिया के नेतृत्व में 26 सक्रिय कार्यकर्ताओं ने भाजपा की प्राथमिक सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया। स्थानीय स्तर पर चल रहे अंतर विरोध की गूंज शुक्रवार को जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित बैठक में किसी भी जिम्मेदार नेताओं को सुनाई नहीं देना या सुनकर भी नजरअंदाज करना स्थानीय स्तर पर भाजपा के लिए कार्य करने वाले जमीनी कार्यकर्ताओं में नाराजगी को और बढ़ाने जैसा प्रतीत हो रहा है।

जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि हम सभी कार्यकर्ता डोंगरगढ़ शहर मंडल के निवासी है। डोंगरगढ़ शहर मंडल में जबसे जसमीत सिंह बन्नौआना अध्यक्ष बने है। तब से डोंगरगढ़ शहर के चार व्यापारी नेताओं के दबाव में काम कर रहे है। पार्टी के वरिष्ठ एवं निष्ठावान कार्यकर्ताओं के प्रति उनका आचरण ठीक नहीं रहा है। इनके हर फैसले इन चार व्यापारी नेताओं के हिसाब से लिए जाते है। इनके द्वारा स्वयं एवं कई कार्यकर्ताओं के लिए एक से अधिक पदों की अनुशंसा की जाती रही है एवं निष्ठावान कार्यकर्ता जिनके द्वारा लगातार चुनावों में पार्टी के पक्ष में पूरी ईमानदारी के साथ काम किया जाता रहा है। उन्हें घर बैठने मजबूर कर दिया गया है। परिवारवाद से उपजे डोंगरगढ़ शहर मंडल अध्यक्ष जसमीत बन्नोआना शहर में गुटबाजी को बढ़ावा देने का काम कर रहे है। अंततः हम सभी कार्यकर्ताओं की उपेक्षा एवं इनके काम करने के तरीके से आहत होकर भाजपा की प्राथमिक सदस्यता से त्यागपत्र दे रहे है।

# युगांतर के तीन छात्रों का जुडो चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन



राजनांदगांव (दावा)। युगांतर पब्लिक स्कूल के क्षितिज जिंदल, कार्तिकेय कुमार सिन्हा, आरूष गुप्ता ने सीबीएसई ईस्ट जोन जुडो चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन करके विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। अंडर 19 आयु वर्ग में क्षितिज जिंदल ने प्रथम स्थान अर्जित करके स्वर्ण पदक जीता और सीबीएसई नेशनल जुडो चैम्पियनशिप के लिए क्वालीफाई किया। सीबीएसई नेशनल चैम्पियनशिप आगामी 29 सितंबर से 4 अक्टूबर तक हरियाणा में आयोजित होगी। इसी तरह अंडर 17 आयु वर्ग में कार्तिकेय कुमार सिंहा तथा आरूष गुप्ता ने तृतीय स्थान अर्जित करके कांस्य पदक जीता। यह प्रतिस्पर्धा 27 से 30 जुलाई तक महर्षि विद्या मंदिर टाटीबन्ध रायपुर आयोजित हुई। इन छात्रों को पारंगत करने में कराटे कोच टुकेश्वर चंद्राकर का अमूल्य योगदान रहा। संस्था के प्राचार्य मधुसूदन नायर, निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी, चेयरमैन अजय सिंगी, वाइस चेयरमैन अखराज कोटड़िया, सेक्रेटरी विनय डड्डा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक (अकेडमिक्स) नरेंद्र कोटड़िया, पीआरओ स्पोर्ट्स ऑफिसर दिनेश प्रताप सिंह, हेड मिस्ट्रेस विनीता तिलवानी सहित युगांतर परिवार ने इन छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक भाई बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देव बाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक भाई बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631, e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com